स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

# स्वतंत्र भारत

लखनऊ, सोमवार
4 मई, 2026
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष 3
सं. 2083 वि.
वर्ष 79, अंक - 252 पृष्ठ 12
संस्करण : नगर *
मूल्य : 3 रुपये

epaper : epaper.swatantrabharat.net



अश्विन ने धोनी के बारे में कहा, मैंने उनके जैसा विकेटकीपर नहीं देखा

# फिर हो सकते हैं हमले : ट्रम्प

- ईरान को ट्रंप का सख्त संदेश
- परमाणु क्षमता पर भी नजर



**वॉशिंगटन।** ईरान के ताजा प्रस्ताव को लेकर अमेरिका का रुख फिलहाल सतर्क लेकिन सख्त नजर आ रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि दोनों देशों के बीच बातचीत आगे बढ़ रही है, लेकिन अभी किसी अंतिम निष्कर्ष पर पहुंचना बाकी है। उन्होंने संकेत दिए कि प्रस्ताव पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है, पर इसे स्वीकार करना आसान नहीं होगा। ट्रंप ने बातचीत की स्थिति पर टिप्पणी करते हुए कहा 'हम ईरान के मामले में अच्छी प्रगति कर रहे हैं। वे समझौता करना चाहते हैं, लेकिन उन्हें अपने नेतृत्व को लेकर स्पष्टता नहीं है। मैं इस प्रस्ताव पर नजर रख रहा हूं। उन्होंने सौदे की रूपरेखा साझा की है और अब वे इसका पूरा विवरण देने वाले हैं।' बयान से साफ है कि अमेरिका ईरान के प्रस्ताव को पूरी तरह खारिज नहीं कर रहा, लेकिन हर पहलू को बारीकी से परखा जा रहा है।

**मिसाइल क्षमता पर सख्त रुख**

ईरान की सैन्य ताकत, खासकर उसकी मिसाइल निर्माण क्षमता को लेकर ट्रंप ने कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने कहा कि वे चाहते हैं कि ईरान की बची हुई मिसाइल क्षमता को पूरी तरह खत्म कर दिया जाए। ट्रंप ने इस पर कहा 'मैं इसे पूरी तरह खत्म करना चाहूंगा।'

## हर गलत हरकत का जवाब देंगे : ईरान

**तेहरान।** ईरान के सीनियर मिलिट्री अधिकारी मोहम्मद जाफर असदी ने आशंका जताई है कि अमेरिका के साथ फिर से युद्ध शुरू हो सकता है। ईरान की फॉर्स न्यूज एजेंसी ने इस बारे में जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि ईरान की सेना पूरी तरह तैयार है और अगर अमेरिका कोई गलत कदम उठाता है, तो जवाब दिया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि अमेरिका किसी भी समझौते या वादे का पालन नहीं करता। असदी ने कहा कि अमेरिकी अधिकारियों के बयान और कदम ज्यादातर दिखावटी और मीडिया के लिए होते हैं। उनका मकसद पहले तेल की कीमतों को गिरने से रोकना और दूसरा अपनी बनाई हुई मुश्किल स्थिति से बाहर निकलना है।


## अमेरिका की 7 शर्तें बनाम ईरान की 14 मांगें

ईरान-अमेरिका युद्ध जैसे हालात के बीच अब टकराव शर्तों और मांगों की जंग में बदल गया है। अमेरिका ने ईरान के सामने 7 शर्तें रखी हैं, जिनमें यूरेनियम संवर्धन रोकने, परमाणु कार्यक्रम पर स्थायी नियंत्रण, आईएईए को खुली जांच की अनुमति, बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम सीमित करने, प्रॉक्सी संगठनों को मदद बंद करने, होर्मुज़ जलडमरूमध्य में सुरक्षा सुनिश्चित करने और अमेरिकी ठिकानों पर हमले रोकने जैसी बातें शामिल हैं। वहीं ईरान ने जवाब में 14 मांगें रखीं। ईरान चाहता है कि अमेरिका सैन्य कार्रवाई रोके, शासन परिवर्तन की नीति खत्म करे, सभी प्रतिबंध हटाए, फ्रीज़ ईरानी संपत्तियां लौटाए, तेल निर्यात पर रोक खत्म करे और परमाणु कार्यक्रम को शांतिपूर्ण अधिकार माने। ईरान ने खाड़ी में अमेरिकी सैन्य दबाव घटाने, ईरानी वैज्ञानिकों पर हमले रोकने, इज़राइल को हथियार समर्थन सीमित करने और किसी भी समझौते के लिए लिखित सुरक्षा गारंटी की मांग भी रखी है।

**दिल्ली में एसी ब्लास्ट से भीषण अग्निकांड**

# चार मंजिला इमारत में लगी आग, नौ की मौत





**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली में एक और बड़ा हादसा हुआ है। शाहदरा के विवेक विहार में एक 4-मंजिला इमारत में आग लग गई। मौके पर दमकल की कई गाड़ियां मौजूद हैं। भीषण अग्निकांड में नौ लोगों की मौत हो गई।

दिल्ली के विवेक विहार में देर रात छह फ्लैटों में अचानक आग लग गई। सुबह 3:47 पर आग लगने की सूचना दमकल विभाग को मिली। जिसके बाद दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची। आग लगने की बाद उसमें कई लोग फंस गए जिन्हें दमकल की टीम ने निकाला। 16 लोगों को रेस्क्यू किया गया है। नौ लोगों की मौत हो गई है।

फायर ऑफिसर मुकेश वर्मा ने कहा कि 'हमें सुबह करीब 3:47 बजे इस इमारत में आग लगने की सूचना मिली। दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। आग बुझाने के साथ-साथ हमने बचाव अभियान भी चलाया। हमने 15 लोगों को बचाया। बचाव अभियान के दौरान नौ शव बरामद किए गए। तलाशी अभियान अब समाप्त हो चुका है। जानकारी के अनुसार, विवेक विहार पुलिस स्टेशन में आग लगने की घटना के संबंध में एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही, पुलिसकर्मी एसएचओ विवेक विहार और एसीपी विवेक विहार के साथ तुरंत घटनास्थल के लिए रवाना हो गए। आग दूसरी, तीसरी और चौथी मंजिल पर स्थित फ्लैटों में लगी हुई थी। बचाव और आग बुझाने के कार्यों के दौरान इमारत से 10-15 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। इनमें से दो लोगों को मामूली चोटें आई थीं, जिन्हें चिकित्सा उपचार के लिए गुरु तेग बहादुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटनास्थल पर डीडीएमए के कर्मचारियों, ट्रैफिक अधिकारियों और स्थानीय पुलिस के साथ दमकल की 12 गाड़ियां मौजूद हैं। प्रारंभिक जांच के दौरान, यह पाया गया है कि आग लगने की इस घटना में नौ लोगों की जान चली गई है। अधिकारी मुकेश वर्मा ने बताया, 'सुबह 3:47 बजे एक रिहायशी इमारत में आग लगने की रिपोर्ट मिलते ही, हमारी दमकल गाड़ियां तुरंत मौके पर पहुंच गईं। हमने एक साथ आग बुझाने और बचाव अभियान चलाने के लिए पांच सीढ़ियां, कटिंग टूल्स और अपनी खास टर्नटेबल सीढ़ी का इस्तेमाल किया... इस इमारत में 4 मंजिलें हैं और हर मंजिल पर 4बीएचके फ्लैट हैं... आग का ज़्यादातर हिस्सा इमारत के पिछले हिस्से में फैला हुआ था, और वहीं हमें सबसे ज़्यादा हताहत लोग मिले। खिड़कियों पर सुरक्षा के लिए ग्रिल और सलाखें लगी हुई थीं, जिससे बचाव अभियान के दौरान मुश्किलें आईं। हमने लगभग 15 लोगों को बचाया। उनमें से एक व्यक्ति के शरीर का लगभग 30% हिस्सा जल गया था, जिसे बाद में जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया... हमने इमारत की अलग-अलग मंजिलों से कुल नौ शव बरामद किए, जिन्हें हमने दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच टीम को सौंप दिया है... आग लगने की वजह की अभी जांच चल रही है।

# सीएम के निर्देश पर चला रेस्क्यू ऑपरेशन टंकी हादसे में फंसे बच्चों को बचाया गया

- हेलीकॉप्टर से एयरलिफ्ट कर सुरक्षित निकाले गए 2 बच्चे
- टूटी सीढ़ी ने बढ़ाई मुश्किलें



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में सिद्धार्थनगर के नवगढ़ तहसील क्षेत्र के ग्राम बेलसड़ तप्पा थरौली में पानी की टंकी पर हुए हादसे के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रशासन ने युद्धस्तर पर राहत बचाव अभियान चलाया। रील बनाने के लिए टंकी पर चढ़े पांच बच्चों में से सीढ़ी टूटने के कारण तीन नीचे गिर गए, जिनमें एक बच्चे की मौत हो गई, जबकि दो घायल हो गए। वहीं दो बच्चे टंकी के ऊपर ही फंस गए थे। घटना की जानकारी मिलते ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तत्काल संज्ञान लिया और अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि फंसे बच्चों को सुरक्षित निकालने में कोई ढिलाई न बरती जाए।

**उत्तर प्रदेश में युवाओं के लिए खुशखबरी**

# एक साल में डेढ़ लाख से अधिक पदों पर होगी भर्ती

- मुख्यमंत्री योगी ने किया ऐलान
- चयनित अभ्यर्थियों को बांटे नियुक्ति पत्र



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक साल के अंदर राज्य के विभिन्न सरकारी विभागों में डेढ़ लाख से अधिक पदों पर भर्ती का ऐलान करते हुए रविवार को कहा कि अपने अब तक के नौ साल के कार्यकाल में नौ लाख से अधिक नौजवानों को सरकारी नौकरी दे चुकी उनकी सरकार ने सकुशल और पारदर्शी तरीके से देश में सर्वाधिक नियुक्तियां करने का रिकॉर्ड कायम किया है। मुख्यमंत्री योगी ने नव चयनित कनिष्ठ विश्लेषकों (औषधि) एवं दंत स्वास्थ्य विज्ञानियों के 609 पदों पर चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरण के कार्यक्रम में कहा कि सरकार की स्पष्ट नीति और साफ नीयत की वजह से ही प्रदेश में पिछले नौ वर्षों के अंदर नौ लाख से अधिक नौजवानों को सरकारी नौकरी दी गयी है। उन्होंने कहा, ''देश के अंदर किसी भी राज्य में सबसे अधिक नियुक्तियों की प्रक्रिया को सकुशल और पारदर्शी तरीके से संपन्न करने का यह रिकॉर्ड है... और हम अभी लगातार नियुक्तियां कर रहे हैं।'' मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार वित्त वर्ष 2026-27 में राज्य के विभिन्न सरकारी विभागों में डेढ़ लाख से अधिक पदों पर भर्तियां करेगी। आदित्यनाथ ने कहा, अकेले अधीनस्थ सेवा चयन आयोग इस वर्ष 32 हजार से अधिक नियुक्तियों की प्रक्रिया संपन्न करेगा। इसके अलावा शिक्षा सेवा चयन आयोग हजारों शिक्षकों की भर्ती की प्रक्रिया पूरी करेगा। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग लगभग 15 भर्तियां इस साल संपन्न कराएगा। इसके अलावा पुलिस में भी भर्तियों की प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने कहा, यह मानकर चलिये कि एक वर्ष के अंदर यानी 2026-27 के अंदर उत्तर प्रदेश के विभिन्न विभागों में डेढ़ लाख से अधिक पदों पर भर्तियां होनी हैं। आदित्यनाथ ने कहा कि सरकार ने भर्ती प्रक्रिया में धांधली को रोकने के लिये सख्त कानून बनाया है जिसमें धांधली करने वालों को आजीवन कारावास और सम्पत्ति जब्त करने के सख्त प्रावधान किये गये हैं, यही वजह है कि सरकार अभी तक नौ लाख पदों पर पूरी पारदर्शिता के साथ भर्तियां कर चुकी है।

## ममता के निर्वाचन क्षेत्र में स्ट्रांग रूम के बाहर हंगामा

- टीएमसी का आरोप-भाजपा के झंडे वाले वाहन घुसे

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र के मतगणना केंद्र के बाहर रविवार को हंगामा हुआ। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा के झंडे वाले दो वाहनों को उस परिसर में प्रवेश दिया गया, जहां इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) रखी गई हैं। यह घटना उस समय हुई, जब इससे एक दिन पहले ममता बनर्जी ने सखावत बालिका विद्यालय में स्थित इस मतगणना केंद्र के बाहर चार घंटे तक धरना दिया। उन्होंने स्ट्रांग रूम में अनधिकृतिक लोगों के के प्रवेश का आरोप लगाया था। मतदान खत्म होने के बाद अब पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बीच सत्ता को लेकर तनाव बढ़ गया है। रविवार सुबह टीएमसी कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा के झंडे लगी दो गाड़ियां परिसर में घुसीं और स्ट्रांग रूम के पास तक पहुंच गईं। एक कार्यकर्ता ने कहा कि बिना पहचान पत्र के किसी को अंदर जाने की अनुमति नहीं है। फिर भी इन वाहनों को कैसे प्रवेश मिला।

# राष्ट्रीय राइफल्स को मिलेंगे 159 नए 'बुलेटप्रूफ वाहन'

- सुरक्षा होगी और मजबूत
- आतंकवाद पर होगा कड़ा प्रहार



**नई दिल्ली।** भारतीय सेना ने जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में तैनात राष्ट्रीय राइफल्स की क्षमता बढ़ाने के लिए 159 आधुनिक बुलेटप्रूफ ट्रूप कैरियर (बीपीटीसी) खरीदने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

सेना ने इस परियोजना के लिए भारतीय विक्रेताओं की पहचान करने के उद्देश्य से सूचना के लिए अनुरोध (आरएफआई) जारी किया है। चयनित कंपनी को अनुबंध के बाद हर वर्ष कम से कम 60 वाहनों की आपूर्ति करनी होगी। राष्ट्रीय राइफल्स वर्तमान में पुराने वाहनों पर निर्भर है, खासकर जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद विरोधी अभियानों के दौरान सैनिकों की आवाजाही के लिए। नए बुलेटप्रूफ ट्रूप कैरियर सैनिकों को कठिन और पहाड़ी इलाकों में सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करेंगे। आरएफआई के अनुसार, इन वाहनों में पर्याप्त गतिशीलता होनी चाहिए और सवार सैनिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। प्रस्तावित बीपीटीसी में हथियार, गोला-बारूद और संचार उपकरण समेत सीमित युद्ध सामग्री ले जाने की क्षमता भी होगी। ये वाहन सड़क पर 80 से 100 किलोमीटर प्रति घंटे तथा ऑफ-रोड 50 से 75 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ सकेंगे।

# बादल और अंधेरे में भी देख सकेगा 'दृष्टि' सैटेलाइट

- भारत की अंतरिक्ष ताकत को नई धार

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'दृष्टि' मिशन की सफलता पर बेंगलुरु स्थित स्टार्टअप गैलेक्जआई की टीम को बधाई देते हुए इसे भारत की अंतरिक्ष यात्रा में बड़ा मील का पत्थर बताया। उन्होंने कहा कि यह दुनिया का पहला ऑप्टोएसएआर सैटेलाइट है और यह देश के युवाओं की नवाचार क्षमता का उदाहरण है। रविवार को 'दृष्टि' नाम का यह सैटेलाइट अमेरिका के कैलिफोर्निया से स्पेसएक्स के फाल्कन-9 रॉकेट के जरिए लॉन्च किया गया। इसे गैलेक्जआई ने विकसित किया है और यह भारत का अब तक का सबसे बड़ा निजी तौर पर बनाया गया पृथ्वी अवलोकन सैटेलाइट है।

गैलेक्जआई के सीईओ सुयश सिंह ने बताया कि 'दृष्टि' का मतलब है हर परिस्थिति में देख पाना। यह सैटेलाइट मल्टीस्पेक्ट्रल कैमरा और सिंथेटिक एपर्चर रडार (एसएआर) को एक साथ इस्तेमाल करता है, जो दुनिया में पहली बार किया गया है।

# बृजभूषण के शोषण की मैं भी शिकार : विनेश फोगाट

- कहा गोंडा में कुश्ती लड़ना मुश्किल होगा
- वहां मेरे साथ गलत हुआ तो सरकार जिम्मेदार



**नई दिल्ली।** ओलिंपियन रेसलर विनेश फोगाट ने भारतीय कुश्ती संघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर एक बार फिर गंभीर आरोप लगाए हैं। सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर करके विनेश ने कहा, यूपी के गोंडा में 10 से 12 मई के बीच सीनियर ओपन रैंकिंग कुश्ती टूर्नामेंट हो रहा है। आज कुछ मजबूरियों के चलते मैं कहना चाहती हूं कि बृजभूषण शरण के खिलाफ कंप्लेंट करने वाले उन 6 विक्टिम में मैं भी शामिल हूं। मेरी गवाही भी कोर्ट में चल रही है। मेरा उसके घर (गोंडा) में जाकर कॉम्पिटीशन लड़ना मुश्किल होगा। मुझे नहीं लगता कि मैं अपना 100% दे पाऊंगी। एक लड़की के लिए ये काफी मुश्किल होगा। बता दें कि करीब 3 साल पहले विनेश ने बृजभूषण पर महिला खिलाड़ियों के यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था। इसे लेकर दिल्ली के जंतर-मंतर पर महिला पहलवानों ने बृजभूषण के खिलाफ धरना भी दिया था। विनेश हरियाणा के जुलाना से कांग्रेस विधायक हैं। बृजभूषण भाजपा के पूर्व सांसद हैं। वर्तमान में उनका एक बेटा यूपी से सांसद और एक विधायक है। विनेश ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट करते हुए कहा- आप सब को नमस्कार। जैसा की सभी को पता है कि पिछले डेढ़ साल से मैं रेसलिंग मैट से काफी दूर थी। लेकिन अब कुछ महीनों से मैं रेसलिंग की तैयारियां कर रह रही हूं। बड़ी मेहनत और ईमानदारी से मेहनत कर रही हूं।

## चलती फ्लाइट से कूदा यात्री, हादसा टला

**चेन्नई।** रविवार तड़के चेन्नई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उस वक्त भारी दहशत फैल गई, जब एक यात्री ने चलती फ्लाइट का आपातकालीन दरवाजा अचानक खोल दिया और बाहर छलांग लगा दी। शारजाह से चेन्नई पहुंची एअर अरेबिया की इस फ्लाइट में 231 यात्री सवार थे। इस दुस्साहसिक और खतरनाक हरकत के कारण विमान में बैठे बाकी यात्रियों की जान हलक में आ गई। घटना के तुरंत बाद सुरक्षाबलों ने मोर्चा संभाला और एक बड़ा हादसा होने से बाल-बाल टल गया। यह खौफनाक घटना तब घटी जब विमान लैंडिंग के बाद मुख्य रनवे से हटकर टैक्सीवे (रनवे और टर्मिनल को जोड़ने वाला रास्ता) पर धीमी गति से आगे बढ़ रहा था। तभी अचानक 34 साल के एक पुरुष यात्री ने इमरजेंसी गेट खोला और चलती फ्लाइट से नीचे कूद गया।

## आंध्र में बनेगी देश की पहली स्पेस सिटी

**अमरावती।** यदि सबकुछ योजना के अनुसार हुआ तो इसी महीने देश की पहली स्पेस सिटी बननी शुरू हो जाएगी। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने पिछले साल इसका आइडिया सामने रखा था। उनकी सरकार अब इसका ब्लू प्रिंट तैयार कर चुकी है। इस 'अंतरिक्ष शहर' में न केवल सैकड़ों छोटी कंपनियां रॉकेट के पुर्जे, सेंसर बनाएंगी, बल्कि स्काईरूट, कल्याणी स्ट्रेटेजिक सिस्टम्स, एचएफसीएल जैसी बड़ी कंपनियां दुनियाभर के लिए प्राइवेट रॉकेट बनाकर देंगी। सरकार ने यहां 570 एकड़ का स्टार्टअप एक्टिवेशन जोन बनाया है, जिसमें अग्निकुल, कॉसमॉस, पिक्सेल जैसे स्पेस स्टार्टअप भविष्य की अंतरिक्ष संभावनाओं को आकार देंगे। यह सिटी गगनयान जैसे भारत के महत्वाकांक्षी मिशनों के लिए बेस कैंप का काम करेगी।

## तिरुपति लड्डू : संगठित नेटवर्क का खुलासा

**हैदराबाद।** आंध्र प्रदेश में तिरुमला तिरुपति देवस्थानम के लड्डू प्रसाद के लिए घी खरीद में गंभीर अनियमितताओं और संगठित नेटवर्क का खुलासा हुआ है। एक सदस्यीय जांच समिति की रिपोर्ट के अनुसार करीब 70 लाख किलो घी बिना अनिवार्य जांच के खरीदा गया और कई मामलों में लैब रिपोर्ट आने से पहले ही उसे प्रसाद में इस्तेमाल कर लिया गया। समिति ने बड़े स्तर पर प्रशासनिक विफलताओं, प्रक्रिया के उल्लंघन, संभावित मिलीभगत के आरोप लगाए हैं। समिति का कहना है कि इन्हीं वजहों से मिलावटी घी की सप्लाई संभव हो सकी। रिपोर्ट में पूर्व कार्यकारी अधिकारी एवी धर्मा रेड्डी को प्रमुख जिम्मेदार बताया गया है।

# 'बैठे-बैठे दिन बदलेंगे इसके भरोसे मत रहना'

**नवकांत ठाकुर**

**नज़र और नज़रिया**

जीवन और जमाने की हकीकत बयान करते हुए हस्तीमल 'हस्ती' साहब लिखते हैं कि– 'सावन का महीना आते ही बादल तो छा जाएँगे/ हर हाल में लेकिन बरसेंगे इसके भरोसे मत रहना / सूरज की मानिंद सफ़र पे रोज़ निकलना पड़ता है / बैठे-बैठे दिन बदलेंगे इसके भरोसे मत रहना।'

वाकई सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। तभी तो तुलसीदासजी ने रामचरितमानस में लिखा है कि- 'सकल पदारथ हैं जग माहीं। करमहीन नर पावत नाहीं।।' हालांकि इसके उलट सुवासितसर्वस्व ग्रंथ में भाग्य को ही सबसे प्रबल बताते हुए 'भाग्यं फलति सर्वत्र न विद्या न च पौरुषम्। समुद्रमन्थनाल्लेभे हरिर्लक्ष्मीं हरो विषम्।।' की दलील अवश्य दी गई है लेकिन श्रीमद्भगवदगीता के 18वें अध्याय के 14वें श्लोक में भगवान श्रीकृष्ण बताते हैं कि– 'अधिष्ठानं तथा कर्ता करणं च पृथग्विधम्। विविधाश्च पृथक्चेष्टा दैवं चैवात्र पञ्चमम्।।' इसका भावार्थ यही है कि मन, वचन और कर्म से पूरी ईमानदारी और कर्तव्य निष्ठा के साथ अपने नियत कार्यक्षेत्र में तमाम युक्तियों और संसाधनों का इस्तेमाल करते हुए हरसंभव प्रयास करने में कोई कसर नहीं छोड़ने वाले को ही दैवीय कृपा से सफलता हासिल होती है। यानी भाग्य भी तभी फलित होता है जब कर्म और कर्तव्य का पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन किया जाए।

इसी सिद्धांत को अगर दूसरे नजरिये से देखें तो पूरी निष्ठा और ईमानदारी से सफलता हासिल करने का पुरजोर प्रयास करने वाले को भी जब इस बात की कोई गारंटी नहीं होती कि उसे मनचाहा लक्ष्य हासिल हो ही जाएगा तब आधे–अधूरे मन से दिखावे के लिए जरूरत भर की सक्रियता के नतीजे में मनचाही सफलता कैसे हासिल हो सकती है? तभी तो पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के नतीजों का जो पूर्वानुमान सामने आया है वह कांग्रेस के लिए ना सिर्फ बेहद निराशाजनक बल्कि काफी हद तक शर्मसार और हतोत्साहित करने वाला भी है। केवल केरल में मुस्लिम लीग से लेकर कई छोटे–छोटे स्थानीय दलों के कांधों पर सवार होकर सत्ता में वापसी करने की उसकी संभावनाओं को अलग कर दें तो बाकी किसी भी राज्य की विधानसभा में अपने दम पर विपक्ष के नेता का पद प्राप्त करने के लिए जरूरी सीटें भी उसे मिलती हुई नहीं दिख रही है।

हालांकि इन संभावित चुनावी नतीजों के कारणों की तलाश कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व अवश्य करेगा। लेकिन सतही तौर पर देखें तो यह कतई अप्रत्याशित नहीं है बल्कि इसकी बुनियाद तभी तैयार हो गई थी जब पश्चिम बंगाल से लेकर तमिलनाडु तक में आधे–अधूरे मन से चुनाव प्रचार किया गया, असम में झूठे तथ्यों के आधार पर मुख्यमंत्री को बदनाम करने की रणनीति को हौसले और हिम्मत के साथ कम से कम मतदान के दिन तक बरकरार रखने का साहस भी नहीं दिखाया जा सका और जिन पर कांग्रेस की जीत सुनिश्चित करने का पूरा दारोमदार था वह अंतिम चरण के मतदान से पहले ही मैदान छोड़ कर देश के सुदूर समुद्री क्षेत्र में ऐसे मसले को तूल देने पहुंच गए जो राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा होने के कारण बैक फायर कर गया। ऐसे में सवाल है कि न्यूनतम मेहनत के दम पर किस्मत के सहारे अधिकतम सफलता प्राप्त करने का सपना कैसे पूरा हो सकता है? वह भी तब जबकि विरोधी का भाग्य भी प्रबल हो और वह पुरुषार्थ की पराकाष्ठा भी कर रहा हो। ऐसे में सोहनलाल द्विवेदी के शब्दों से सीख लेने की जरूरत है कि– 'जब तक न सफल हो, नींद चैन को त्यागो तुम/ संघर्ष का मैदान छोड़ मत भागो तुम / कुछ किये बिना ही जय जयकार नहीं होती / कोशिश करने वालों की हार नहीं होती।'

**जैसी नज़र, वैसा नज़रिया।**

# बेटे पर मां की हत्या कर नदी में फेंकने का आरोप

**स्वतंत्र भारत तिलहर शाहजहांपुर।** थाना कांट क्षेत्र के गांव बलीपुर की निवासी मिथिलेश ने पुलिस को तहरीर देकर अपने 16 वर्षीय पुत्र सोविन्द की हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। मिथिलेश के अनुसार, उनका पुत्र सोविन्द तिलहर थाना क्षेत्र के गांव ढकिया रघा निवासी एक युवक के साथ हेल्पर के रूप में काम करता था। इसी दौरान दोनों के बीच दोस्ती हो गई। आरोप है कि 24 तारीख को चालक युवक ने अपनी बहन के जन्मदिन पर सोविन्द को घर बुलाया था। इसके बाद 25 तारीख की दोपहर सोविन्द के साथ अनहोनी हो गई।

मां का आरोप है कि आरोपी युवक ने अपने साथियों के साथ मिलकर सोविन्द को जहरीला पदार्थ खिला दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। इसके बाद शव को कठिना नदी में फेंक दिया गया। घटना के बाद से परिजन गहरे सदमे में हैं और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।इस संबंध में सीओ ज्योति यादव ने बताया कि मृतक की मां द्वारा हत्या कर शव नदी में फेंके जाने का आरोप लगाया गया है। पुलिस मामले की निष्पक्ष जांच कर रही है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में 120 मरीजों का उपचार

## निशुल्क दवाएं की गयीं वितरित

**स्वतंत्र भारत तिलहर शाहजहांपुर।** रविवार को क्षेत्र के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों पर आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में कुल 120 मरीजों का उपचार किया गया। इस दौरान मरीजों की जांच कर उन्हें निशुल्क दवाएं वितरित की गई।पीएचसी राजनपुर में डॉ. अभिषेक जौहरी ने 60 मरीजों को देखा, जिनमें 10 मरीजों की आवश्यक जांच कर उन्हें मुफ्त दवाएं दी गई।वहीं,पीएचसी रमापुर में चिकित्सक की तैनाती न होने के कारण फार्मासिस्ट संजीव कुमार ने 35 मरीजों का उपचार किया और 10 मरीजों की जांच कर सभी को निशुल्क दवाएं वितरित कीं।इसी क्रम में कुंवरगंज अर्बन अस्पताल में डॉ. अनुराग गुप्ता ने 25 मरीजों का उपचार किया, जिनमें 10 मरीजों की जांच की गई और सभी को मुफ्त दवाएं उपलब्ध कराई गई।डॉ. अनुराग गुप्ता ने मेले में आए मरीजों को गर्मी के मौसम में लू से होने वाली बीमारियों के प्रति जागरूक करते हुए बचाव के उपाय बताए। उन्होंने लोगों को अधिक पानी पीने, धूप से बचने और आवश्यक सावधानियां बरतने की सलाह दी।

# पुलिस ने पांच वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया

## कोर्ट में पेशी के बाद जेल भेजा गया



**पुवायां।** पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर विभिन्न मामलों में वांछित पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। इन सभी को अलग-अलग स्थानों से पकड़ा गया और बाद में कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में थाना पुवायां के गांव मुड़िया कुर्मियात निवासी 29 वर्षीय रोहित पुत्र अरविंद, थाना सिंधौली के गांव बबौरी निवासी 45 वर्षीय गुड्डू पुत्र सुखलाल और 28 वर्षीय कैलाश पुत्र सुखलाल शामिल हैं। कैलाश का वर्तमान पता थाना पुवायां के गांव जनकापुर है। इनके अलावा, थाना पुवायां के गांव बड़ागांव निवासी 48 वर्षीय ओमप्रकाश पुत्र सकते और पसियाखेरा निवासी 45 वर्षीय नियाज़ पुत्र निजामुद्दीन को भी गिरफ्तार किया गया है। इस गिरफ्तारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र कुमार रावत, वरिष्ठ उपनिरीक्षक रामकिशोर, उपनिरीक्षक संजीव कुमार, सुरेश चंद्र तिवारी, रामवीर सिंह, विशाल कुमार, कांस्टेबल शुभम कुमार, कर्मवीर, दीपक कुमार, प्रशांत कुमार, सोनी, विशाल प्रकाश औरसाहिब खान शामिल रहे।

# अध्यक्ष पुत्र  रईस मियां ने वित्तमंत्री को बताई नगर की समस्याएं

## विकास कार्यो संबंधी सभी फाइलें होती है पास : खन्ना



**स्वतंत्र भारत कांट शाहजहांपुर।** एक कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सुरेश कुमार खन्ना से वार्ता कर अध्यक्ष पुत्र रईस मियां ने रखी नगर के पेयजल सहित कई समस्याएं जल्द नगर को मिल सकती है पेयजल की सौगात ।श्री खन्ना ने नगर के विकास कार्यों के बारे में भी पूछा। प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने एक कार्यक्रम किया जिसमें अध्यक्ष पुत्र एवं पूर्व अध्यक्ष रईस मियां ने शिरकत कर आने उनका गर्म जोशी से स्वागत किया। रईस मियां ने श्री खन्ना को बताया कि नगर पंचायत में स्वच्छ पानी की बड़ी समस्या तीन ओवरहेड टैंक जिसके लिए जमीन भी दी जा चुकी है प्रपोजल भी सरकार के पास पहुंच गया है सारी बात मंत्री के संज्ञान में है उन्होंने श्री खन्ना को याद दिलाते हुए आग्रह किया नगर कांट की जलापूर्ति की समस्या का समाधान हो जाए तो हमारे नगर की जनता हमेशा आभारी रहेगी मंत्री जी ने पूरा आश्वासन दिया कि जल्द से जल्द इस कार्य को करने का वादा किया श्री खन्ना से रईस मियां की मुलाकातके बाद नगर को पेयजल पूर्ति किसी सौगात सहित कई अन्य विकास कार्य का तोहफा मिल सकता है । उन्होंने कहा कि जनपद के विकास कार्यो संबंधी कोई भी फाइलें वापस नहीं भेजी जाती बाल क्यों सभी को पास कराया जाता है उन्होंने जनपद के विकास कार्यों में किसी भी रुकावट से इनकार किया कहा कि जितना उत्तर प्रदेश सरकार से हो सकता है कराते हैं।

# आरसी मिशन पुलिस के नाक के नीचे हो गया अवैध धर्मस्थल का निर्माण

**ददरौल शाहजहांपुर।** नेशनल हाईवे पर आरसी मिशन क्षेत्र में रोड किनारे अवैध रूप से एक धर्मस्थल का निर्माण होता रहा और पुलिस को इसकी भनक तक नहीं लगी। जबकि पुलिस यहां एक होटल पर लगातार आकर बैठती है।देर रात मामला जब एलआईयू के संज्ञान में आया तो एसएचओ को सूचना दी गई। मामले में विवाद की स्थिति न उत्पन्न हो इसको लेकर आनन फानन में आई पुलिस ने जेसीबी से निर्माण कार्य ध्वस्त करा दिया। फिलहाल पुलिस इस मामले चुप्पी साधे हुए हैं। प्रभारी निरीक्षक आरसी मिशन किसी भी जानकारी से इंकार कर रहे हैं। सीओ सिटी पंकज पंत भी मामले में बोलने को तैयार नहीं है। पुलिस का पक्ष जानने के लिए जब उनको फोन किया गया तो उन्होंने बताया कि मामला उनके संज्ञान में नहीं है। प्रभारी निरीक्षक से बात कर बताएंगे। हालांकि काफी देर तक इंतजार करने के बावजूद सीओ सिटी का फोन नहीं आया। मामले के कई वीडियो भी चर्चा में हैं जिसमें रात में पुलिस जेसीबी से निर्माण हटवा रही है। हालांकि समाचार पत्र ऐसे किसी वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। नेशनल हाईवे पर आरसी मिशन क्षेत्र के हरदोई बाईपास चौराहे से करीब 200 मीटर की दूरी पर कथित तौर पर बिना अनुमति के एक धर्मस्थल का निर्माण कराया जा रहा था। कई दिनों से हो रहे इस निर्माण कार्य की सूचना न तो इलाके के हल्का दरोगाओं और न ही बीट के सिपाहियों को लगी। प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार गुप्ता भी पूरी तरह से मामले से अनभिज्ञ रहे। शनिवार की देर रात मामला एलआईयू के संज्ञान में आने के बाद टीम ने आला अधिकारियों को जानकारी दी। इसके बाद आनन-फानन में आई पुलिस ने जेसीबी से निर्माण कार्य को ध्वस्त करा दिया। इसका वीडियो भी कुछ लोगों ने बना लिया। जिसमें साफ तौर पर पुलिस को जेसीबी के साथ देखा जा सकता है। समाचार पत्र वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। निर्माण कार्य करा रहे कुछ लोगों को भी हिरासत में लिया गया है। वहीं इंस्पेक्टर धर्मेंद्र कुमार गुप्ता मामले की जानकारी से ही इंकार कर रहे हैं। उनके मुताबिक इस संबंध में कोई जानकारी नहीं है।

# राख भरे डंपर ने कार में मारी टक्कर



**ददरौल शाहजहांपुर।** थाना रामचंद्र मिशन क्षेत्र के रौसर कोठी में हरदोई रोड पर तेज रफ्तार राख भरे डंफर ने कार में टक्कर मार दी जिसके चलते कार क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद रोड पर काफी भीड लग गई। सूचना के लगभग 45 मिनट बाद पुलिस मौके पर पहुंची तब तक कार रोड पर ही क्षतिग्रस्त रूप से खड़ी रही। इस दौरान रोड का आवागमन भी प्रभावित रहा। हरदोई जनपद के टोडरपुर गांव निवासी मोहित अपनी मां के साथ शाहजहांपुर जनपद किसी काम से जा रहे थे। तभी पीछे से तेज रफ्तार डंफर ने कार में टक्कर मार दी।गनीमत रही घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। थाना पुलिस घटनास्थल पर काफी देर बाद पहुंची और कार और डंफर को कब्जे में लेकर यातायात सुचारू करवाया। खबर लिखे जाने तक थाने में कोई तहरीर नहीं दी गई थी। हरदोई रोड पर इन डंपरों से आए दिन घटनाएं होती रहती हैं अभी कुछ माह पूर्व ही शाहाबाद जनपद के एक व्यापारी की गाड़ी राख भरे डंफर से भिड़ गई थी जिससे व्यापारी की मौके पर ही मौत हो गई थी। हरदोई रोड पर इन डं?रों का आतंक रोज देखा जा सकता है। डंफर राख लेकर बगैर तिरपाल डालें रोड पर तेज रफ्तार से चलते हैं। आए दिन हरदोई रोड पर घटनाएं घटित होती रहती है। गुवारी गांव के ग्रामीणों ने इसी बात का विरोध करते हुए कई बार इन डं?रों को गांव में रोक कर खरी खोटी भी सुनाई है। कुछ दिन तक तिरपाल डालकर रस्म अदायगी की जाती है। फिर कुछ दिन बाद तिरपाल ना डालकर राख उडाते हुए डंफर फर्राटा भरते हुए देखे जा सकते हैं।

# पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुमनलता केनिधन पर शोक



**स्वतंत्र भारत मिर्ज़ापुर -शाहजहांपुर।** कस्बे के श्री संतनपाल सिंह आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ0 नीलेश यादव व एमडी कमलेश यादव की मां पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुमनलता यादव पत्नी संतनपाल सिंह यादव का आज लम्बी बीमारी के बाद निधन हो गया। वे लगभग 61 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार सोमवार को सुबह दस बजे ढाईघाट गंगातट पर किया जाएगा। लगभग सात साल से ब्रेस्ट कैंसर से पीड़ित पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुमनलता यादव का इलाज दिल्ली के नामचीन अपोलो हॉस्पिटल में चल रहा था। बीते दिवस उन्हें अपोलो हॉस्पिटल के चिकित्सकों की सलाह पर घर ले आया गया था। यहां उनके अपने मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों ने उन्हें गहन चिकित्सा प्रणाली (आईसीयू) में रखा गया था। रविवार सुबह लगभग दस बजे अचानक उनकी हालत बिगड़ गई। तत्काल अपोलो हॉस्पिटल के चिकित्सकों से परामर्श लेकर एक बार फिर उनका जीवन बचाने का प्रयास किया गया। किंतु इसबार शायद उनकी आयु पूरी हो गई थी। जिससे उन्हें बचाया नहीं जा सका। वे अपने पुत्र कमलेश यादव,नीलेश यादव,पौत्र अभय यादव,प्रिंस यादव,पुत्रियों,दामादों नातियों से भरा पूरा परिवार छोड़ गईं। पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुमनलता यादव की मृत्यु की खबर सुनते ही पूर्व ब्लॉक प्रमुख अरविन्द कुमार दीक्षित, ब्लॉक प्रमुख प्रियांशु रघुवंशी,पूर्व जिला पंचायत सदस्य कृष्ण कुमार सिंह,आयुष प्रताप सिंह विभु, अनिरुद्ध यादव दीपक,आलोक यादव,उद्योगपति दिलीप गुप्ता,पंकज गुप्ता,पूर्व ज्येष्ठ उप ब्लॉक प्रमुख आनन्द देव मिश्र,राकेश पाण्डेय,श्यामबाबू सिंह एडवोकेट, डॉ0 आर्येंद्र सिंह यादव आदि बड़ी संख्या में संभ्रांत लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

# चौढेरा में महिला के घर से हुई चोरी का एक सप्ताह बाद भी खुलासा नहीं

## हल्के में तीन दरोगा तैनात, अपराध पर अंकुश और खुलासा दूर की कौड़ी

**ददरौल शाहजहांपुर।** गांव चौढेरा में महिला के घर से दो मोबाइल और दो गैस सिलेंडर चोरी होने के मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज होने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं। कहने को तो हल्का क्षेत्र में तीन दरोगाओं और सिपाहियों की तैनाती है, पर वारदात का खुलासा एक सप्ताह बाद भी नहीं हो सका है। हल्के में तैनात दरोगा सत्येन्द्र सिंह का आलम तो यह है कि कहते हैं कि वे इंस्पेक्टर की भी नहीं सुनते। ऐसे में निर्देशों का पालन होना तो दूर की कौड़ी लगती है। थाना रामचंद्र मिशन क्षेत्र के गांव चौढेरा निवासी पूजा शर्मा पत्नी कुलदीप शर्मा ने करीब एक सप्ताह पूर्व दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वे घर में सो रही थीं। रात पानी पीने के लिए उठी और टाइम देखने के लिए अपना मोबाइल ढूंढा लेकिन मोबाइल गायब था। चोर एक कीपैड और एक टच वाला मोबाइल चुरा ले गए थे। घर में चोरी होने की शंका हुई और घर का सामान चेक किया। किचन में भरा हुआ एक सिलेंडर और एक खाली सिलेंडर चोर चोरी कर ले गए। मामले में रिपोर्ट दर्ज हुए करीब एक सप्ताह से अधिक का समय हो गया है लेकिन अब तक खुलासा तो दूर पुलिस के हाथ एक सबूत तक नहीं लगा है। कहने को तो हल्के में एस आई विक्रम सिंह, एस आई दिनेश कुमार और एस आई सत्येंद्र सिंह की तैनाती है, लेकिन खुलासे को लेकर कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई दी। हल्के में तैनात एस आई सत्येंद्र सिंह का तो यह आलम है कि कहते हैं कि इंस्पेक्टर की भी नहीं सुनते। ऐसे में वारदातों पर अंकुश और खुलासा कैसे संभव है।

# महिला के सोने के कुंडल चोरी

**स्वतंत्र भारत तिलहर शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र स्थित बिरिया बाबा मंदिर में चल रहे मेले के दौरान एक महिला के कान से सोने का कुंडल चोरी होने की घटना सामने आई है। घटना के बाद पीड़िता पक्ष ने कोतवाली में तहरीर देकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रनवीर थाना के गांव गोपाल ठठिउरा निवासी अपनी बहन मिथलेश (पत्नी प्रमोद), निवासी ग्राम लवकहा थाना पाली जनपद हरदोई के साथ रविवार को करीब 12ः30 बजे मेले में पहुंचे थे। बताया गया कि जब मिथलेश मंदिर में प्रसाद चढ़ाने के लिए पुजारी को प्रसाद दे रही थीं, उसी दौरान भीड़ का फायदा उठाकर किसी अज्ञात चोर ने उनके कान से सोने का कुंडल खींच लिया। घटना के बाद महिला ने शोर मचाया, लेकिन तब तक आरोपी मौके से फरार हो चुका था। मौके पर मौजूद लोगों ने चोर को पकड़ने का प्रयास भी किया, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। पीड़िता के भाई रनवीर ने कोतवाली में तहरीर देकर मंदिर परिसर और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कराते हुए आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली प्रभारी जुगल किशोर पाल ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। आसपास के सीसीटीवी कैमरों को खंगाला जा रहा है और आरोपी की पहचान कर जल्द ही आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# पिकअप अनियंत्रित होकर खोखे से टकराई दो घायल

**पुवायां।** सिधौली थाना क्षेत्र में एक पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर एक खोखे से टकरा गया। इस हादसे में खोखे पर बैठे ओमप्रकाश (57) और सामान ले रहे आशिक अली घायल हो गए। यह घटना महुआ पाठक गांव में हुई। ओमप्रकाश पुत्र रामदयाल अपने खोखे पर बैठे थे, जबकि सकुलिया निवासी आशिक अली पुत्र अली हसन खोखे से कुछ सामान खरीद रहे थे। तभी पुवायां की ओर से आ रही पिकअप ने उन्हें टक्कर मार दी। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल 108 एंबुलेंस को सूचना दी। एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुवायां ले जाया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों ने घायलों को प्राथमिक उपचार दिया और उन्हें अस्पताल में भर्ती कर लिया गया है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से कपड़ा फेरी वाले की मौत



**स्वतंत्र भारत तिलहर शाहजहांपुर।** रविवार को अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से मोपेड सवार अधेड़ की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई ।मृतक की जेब से बरामद मिले एक बिल से गढ़िया रंगीन के जगतराम सैनी के रूप में शिनाख्त होने पर पुलिस ने परिजनों को सूचना दी । पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है । वहीं दुर्घटना को अंजाम देकर भागे वाहन की तलाश में सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे है । रविवार अपरान्ह करीब पौने तीन बजे पुलिस को सूचना मिली कि तिलहर जैतीपुर रोड पर भुडेली से पहले पेट्रोल पंप के समीप एक मोपेड सवार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी है । आनन फानन में उप निरीक्षक जगेंद्र प्रताप सिंह व उप निरीक्षक देवेंद्र कुमार मौके पर पहुंचे । एंबुलेंस से अचेत घायल को सीएचसी भिजवाया । जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया । मृतक की जेब से मिले बिल पर जगताराम गढ़ियारंगी दर्ज मिलने पर पुलिस ने वाहन की पीस व प्रधान को अवगत कराया । जगताराम की मौत की खबर सुन घर में कोहराम मच गया । कुछ ही देर में मृतक की पत्नी मंजू सैनी , बेटे अमन सैनी एवं अनमोल सैनी सीएचसी आ पहुंचे । मृतक की जेब से 19 हजार रुपए भी मिलने की बात पुलिस ने परिजनों को बताई है । मृतक की पत्नी मंजू ने बताया कि उनके पति फेरी लगाकर कपड़े की गांव बिक्री करते है । इसी सिलसिले में रविवार दोपहर वह घर दे शाहजहांपुर से कपड़ा लेने निकले थे ।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार गंभीर घायल

## प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया

**पुवायां।** एक अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार 30 वर्षीय युवक पुष्पेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया। यह घटना पुवायां-शाहजहांपुर मार्ग पर सुनरिया मोड़ के पास हुई। पुष्पेंद्र, जो चकउदन गांव निवासी लाल सिंह का पुत्र है, किसी काम से पुवायां आया था। वापस घर लौटते समय सुनरिया मोड़ के पास उसकी बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से चोटिल हो गया। राहगीरों ने तुरंत परिजनों और 108 एंबुलेंस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने एंबुलेंस की मदद से घायल पुष्पेंद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पुवायां पहुंचाया। सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने पुष्पेंद्र की गंभीर हालत को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# ओवरलोड वाहनों का आतंक, प्रशासन की लापरवाही से बढ़ा खतरा

## नियमों को ठेंगा दिखाते भारी वाहन, जिम्मेदारों की चुप्पी पर उठे तीखे सवाल



स्वतंत्र भारत खुदागंज शाहजहांपुर। क्षेत्र में इन दिनों ओवरलोड वाहनों का कहर अपने चरम पर है, लेकिन इस गंभीर समस्या पर प्रशासन की चुप्पी ने हालात को और भयावह बना दिया है। कस्बे से लेकर ग्रामीण मार्गों तक ट्रक, डंपर और ट्रैक्टर-ट्रॉली क्षमता से कई गुना अधिक भार लेकर खुलेआम दौड़ रहे हैं, मानो उन्हें किसी नियम-कानून का डर ही न हो।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर जिम्मेदार विभाग और अधिकारी इस खुलेआम हो रहे नियम उल्लंघन पर आंखें क्यों मूंदे हुए हैं? स्थानीय लोगों का आरोप है कि प्रशासनिक ढिलाई और निगरानी की कमी के कारण ओवरलोड वाहनों के हौसले बुलंद हैं। न तो नियमित चेकिंग हो रही है और न ही कोई सख्त कार्रवाई दिखाई दे रही है। ओवरलोड वाहनों की वजह से सड़कें हादसों के मुहाने पर खड़ी हैं। आए दिन ये भारी वाहन संतुलन खोते नजर आते हैं, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। इसके बावजूद प्रशासन का निष्क्रिय रवैया लोगों में आक्रोश पैदा कर रहा है।

यही नहीं, ओवरलोडिंग के कारण सड़कों की हालत भी तेजी से बिगड़ रही है। इससे साफ जाहिर होता है कि न तो नियमों का पालन कराया जा रहा है और न ही बुनियादी ढांचे की चिंता की जा रही है।

क्षेत्रवासियों ने प्रशासन पर सीधा आरोप लगाया है कि यदि समय रहते सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो यह लापरवाही किसी बड़े हादसे को न्योता दे सकती है। लोगों की मांग है कि ओवरलोड वाहनों के खिलाफ तत्काल अभियान चलाकर कड़ी कार्रवाई की जाए और जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए।

अब देखना यह है कि प्रशासन जागता है या फिर किसी बड़े हादसे का इंतजार करता है।

# तिलहर के खिलाड़ियों ने गाजियाबाद में जीते पदक



स्वतंत्र भारत तिलहर शाहजहांपुर। नगर स्थित आईजी अकादमी में कराटे प्रशिक्षण ले रहे खिलाड़ियों ने गाजियाबाद में 1 से 2 मई को आयोजित अखिल भारतीय ओपन कराटे प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता में देशभर से आए खिलाड़ियों के बीच तिलहर के प्रतिभागियों ने अपने दमखम का बेहतरीन प्रदर्शन किया।प्रतियोगिता के पहले ही दिन मोहम्मद अरसलान ने उत्तराखंड के खिलाड़ी को हराकर ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। वहीं, मोहम्मद असद ने उड़ीसा के खिलाड़ी को फाइनल मुकाबले में शिकस्त देकर गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया।दोनों खिलाड़ी आईजी अकादमी के कोच एवं योद्धा स्पोर्ट्स अकादमी के निदेशक अमित सिन्हा और कराटे कोच गौरी के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। ये दोनों खिलाड़ी तिलहर के द रेंसा स्कूल में क्रमशः कक्षा सात और छह के छात्र हैं।कोच अमित सिन्हा और गौरी ने बताया कि सभी खिलाड़ी पूरी तैयारी और आत्मविश्वास के साथ प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे हैं। उन्हें उम्मीद है कि अन्य खिलाड़ी भी बेहतर प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर देती हैं, जिससे उनका आत्मविश्वास और शारीरिक क्षमता दोनों मजबूत होती हैं।बताया जा रहा है कि प्रतियोगिता में करीब 1000 खिलाड़ी देशभर से हिस्सा ले रहे हैं। प्रतियोगिता का मुख्य आकर्षण ओवरऑल चैंपियनशिप ट्रॉफी है, जिसे जीतना हर खिलाड़ी का सपना होता है।तिलहर से आर्यन शर्मा, शिवांशु, मोहम्मद असद,मोहम्मद अरसलान, साहिल, सुरजीत,कृष्णा और भारती सहित कई खिलाड़ी प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। फिलहाल अन्य मुकाबले जारी हैं, जिनके परिणाम बाद में घोषित किए जाएंगे।

# चुनाव प्रचार के अंतिम दिन प्रत्याशियों ने झोंकी पूरी ताकत

## नगर पंचायत कटरा में मतदान पांच मई को, पार्टी प्रत्याशियों और नेताओं ने बिछाया चुनाव जीतने का जाल






**स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर।** नगर पंचायत कटरा में अध्यक्ष पद को 5 मई को होने वाले चुनाव प्रचार के अंतिम दिन रविवार को सभी प्रत्याशियों ने शाम पांच बजे तक डोर टू डोर संपर्क कर पूरी ताकत लगा दी, पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने भी कटरा से सुबह डेरा डाल रखा था वह भी अपने प्रत्याशी के साथ गली गली दरवाजे दरवाजे वोट मांग रहे थे। समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी डा.भरत पटेल के समर्थन में सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खां, सैयद रिजवान खां, पूर्व विधायक राजेश यादव, गोपाल अग्निहोत्री, डा नवनीत यादव ने लगभग एक दर्जन मोहल्लों में घर घर पहुंचकर वोट मांगे और लोगों को विश्वास दिलाया कि पार्टी प्रत्याशी डा.भरत पटेल के जीतने के बाद डेढ साल में जो विकास होगा वह देखने लायक होगा। उधर, भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी सोनम गुप्ता के समर्थन में वित्तमंत्री सुरेश कुमार खन्ना, सांसद अरूण सागर लाव लश्कर के साथ दोपहर बाद पहुंचे और उन्होंने रोड शो निकालकर लोगों से प्रत्याशी के समर्थन में वोट देने की अपील की और कहाकि प्रदेश और देश में भाजपा की सरकार है इसलिए नगर का विकास केवल भाजपा चेयरमैन ही कर सकता है। इनके साथ अवधेश दीक्षित, ब्लाक प्रमुख आदि थे। उधर, कांग्रेस प्रत्याशी वाजिद के समर्थन में पूर्व चेयरमैन समीउश्शान खान ने नगर के कई मोहल्लों में जनसंपर्क किया और अंतिम दिन पूरी ताकत लगा दी। उन्होंने बताया कि जब तक वह चेयरमैन रहे नगर का व्यापक विकास किया यह बात किसी से छिपी नहीं है। उन्होंने कहा कि आने वाले प्रदेश और देश में जितनी सरकारें हैं वह सब कांग्रेस की बनेंगी क्योंकि वर्तमान सरकार से जनता ऊब चुकी है। उधर निर्दलीय प्रत्याशी रचना सचिन गुप्ता ने भी कई मोहल्लों का भ्रमण कर वोट मांगे और कहा कि सारे दल जातिगत राजनीति करते हैं और उन्हें किसी विकास से मतलव नहीं है उनका मकसद तो केवल लोगों को लडाना है लेकिन मुझे केवल विकास कराना है। उन्होंने कहा कि पूरे नगर में जो समर्थन मिल रहा है उससे जीत पूरी पक्की है। कुल मिलाकर शाम पांच बजे तक सभी प्रत्याशियों ने अपनी पूरी ताकत लगा दी अब पांच बजे के बाद लोगों को मानमनोव्वल शुरू हो गया है। वैसे इस चुनाव में लोगों की मानें तो त्रिकोणीय संघर्ष होने की प्रवल संभावना है। उधर निर्दलीय प्रत्याशी पूजा ने भी कई मोहल्लों में वोट मांगे क्कहा कि अगर कोई सबसे बेहतर विकास करा सकती हैं तो वही हैं।

### किसने किसके लिए मांगे वोट

**सपा प्रत्याशी डा.भरत पटेल-तनवीर खां, राजेश यादव, सैयद रिजवान खां, गोपाल अग्निहोत्री आदि।**
**भाजपा प्रत्याशी सोनम गुप्ता-वित्तमंत्री सुरेश कुमार खन्ना, सांसद अरूण सागर।**
**कांग्रेस प्रत्याशी वाजिद-जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता, पूर्व चेयरमैन समीउश्शान खान**
**निर्दलीय प्रत्याशी रचना गुप्ता-सचिन गुप्ता सहित कई समर्थक**

# तनवीर मिले राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से



**शाहजहांपुर।** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन जनाब तनवीर खान ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पीडीए के जननायक अखिलेश यादव से लखनऊ में शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान जनपद की सभी छह विधानसभाओं की वर्तमान राजनीतिक स्थिति, संगठन की मजबूती और आगामी रणनीति को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में कार्यकर्ताओं की सक्रियता बढ़ाने, बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने तथा आगामी चुनावों को लेकर समन्वित प्रयास करने पर विशेष जोर दिया गया। तनवीर खान ने जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता देते हुए संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प भी व्यक्त किया।

# तेज रफ्तार ट्रक रेलिंग तोड़कर पुल से लटका

**स्वतंत्र भारत खुटार।** तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर पल की रेलिंग तोड़कर नीचे लटक गया। जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया। हादसे के बाद क्रेन मंगवा कर ट्रक को रास्ते से हटवाया। तब जाकर शुरू हो सका। रविवार सुबह 6 बजे के करीब एक ट्रक पुवाया की ओर से तेज रफ्तार से आ रहा था। ट्रक जब खुटार पुवायां रोड पर गोमती पुल पर पहुंचा। तभी अचानक चालक की आंख लग गई और ट्रक अनियंत्रित होकर पुल की रेलिंग को तोड़ता हुआ रेलिंग के ऊपर चढ़ गया। जिससे ट्रक का अगला हिस्सा नदी की ओर लटक गया। इसी बीच चालक ने किसी तरह नियंत्रण कर ट्रक को रोका। जिससे बड़ा हादसा होने से बच गया। हादसे में तक का चालक और उसका परिचालक बाल बाल बच गया। ट्रक खुटार क्षेत्र में गेहूं लोड करने के लिए जा रहा था। हादसे के बाद चालक ने मामले की सूचना मलिक को दी। जिसके बाद क्रेन बुलवाकर ट्रक को वहां से हटवाया गया। इस दौरान पुल पर काफी देर तक जाम भी लग रहा। हादसे में किसी को कोई चोट नहीं पहुंची।



# बेजुबानों की अन्न जल, छात्रों का मार्गदर्शन करेगी अभाविप : रविकांत



**शाहजहांपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कैंट नगर इकाई की बैठक संपन्न हुई। बैठक में ग्रीष्मकालीन कार्यक्रम जैसे सकोरा वितरण,जलमंदिर, सामाजिक अनुभूति अभियान, कैरियर काउंसलिंग एवं आनंदमय सार्थक विद्यार्थी जीवन के विषय में चर्चा हुई। प्रांत खेलो भारत प्रमुख रविकांत ने कहा कि परिषद ने सदैव सामाजिक मुद्दों को लेकर कार्य करती है उन्हीं में से ये अभियान है जिनमें पशु पक्षी गर्मियों के मौसम में भूख प्यास से बेचैन रहते है जिनके लिए भोजन एवं जल की व्यवस्था निमित्त नगर इकाई में बृहद स्तर पर सकोरा वितरण एवं जल मंदिर बनाने का कार्य किया जाएगा। सामाजिक अनुभूति अभियान के निमित्त ग्रामीण परिवेश से दूर बालक बालिकाओं को गांव में ले जाकर ग्राम्य जीवन और उनकी दिनचर्या के विषय में साक्षात्कार कराया जाएगा। कैरियर काउंसलिंग के निमित्त जो छात्र हाईस्कूल, इंटरमीडिएट या स्नातक जैसे पाठ्यक्रम पूर्ण कर चुके है वह फोन करके अपने भविष्य के पाठ्यक्रम के बारे में चर्चा कर सकते हैं एवं इसके लिए एक सहायता कैम्प भी बनाया जाएगा। इसके अतिरिक्त आज का युवा मानसिक अवसाद से गुजर रहा है उनके जीवन दर्शन को अवसाद से मुक्त करने हेतु विद्यार्थी परिषद योग, खेलों के माध्यम से उनके जीवन को सकारात्मक दिशा में ले जाने का प्रयास करता है । बैठक का संचालन सोशल मीडिया प्रमुख शिवांग ने किया। बैठक में नगर मंत्री आशुतोष मिश्रा, सह मंत्री दीप्ति अवस्थी,अर्श सिंह, प्रियांशु राठौर, उदय मिश्रा,अभिषेक सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गर्मी में राहगीरों की व्यास बुझाने को होगा शर्बत वितरण

## अखिल भारतीय कश्यप महासभा की हुई बैठक



**शाहजहांपुर।** अखिल भारतीय कश्यप महासभा संबद्ध कश्यप राजपूत समाज समाज समिति सिंजई के तत्वाधान में मासिक मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें समाज के उत्थान के लिए कार्य करने के लिए सभी ने जोर दिया समाज को एकत्र करने पर जोर दिया ज्येष्ठ मास में बड़े हर साल की भांति इस बार भी कश्यप धर्मशाला पर शरबत वितरण कार्यक्रम होना एवं अग्रिम होनी वाले कार्यक्रम में की रूपरेखा के विषय पर चर्चा की गई, जिसमे कैलाश नाथ कश्यप जी समाज को एकत्र करने पर जोर दिया समाज और समाज को नई दिशा देने पर बल दिया अशोक कश्यप एवं मदन लाल ने समाज के होने वाले प्रतिभा अलंकरण समारोह होने के के विषय पर चर्चा की,इंद्रपाल कश्यप व पंकज कश्यप बच्चों की शिक्षा पर विशेष बल दिया। हरीश कश्यप ने समाज में फैली बैनस्यता को दूर करके इन कुरीतियों को समाज से दूर करना ही होगा, तभी समाज का उत्थान होगा समाज सामाजिक एकता का परिचय देकर समान अधिकार पाना,संचालन संजय कश्यप उपस्थिति अनिल कश्यप महेश कश्यप, ठाकुर दास कश्यप,एड मीनाक्षी कश्यप आदि सभी सदस्य गण शामिल हुए।

# पांच दिन पहले भागी युवती नाटकीय ढंग से पहुंची थाने

## प्रेमी सहित पांच के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज

**स्वतंत्र भारत कांट शाहजहांपुर।** 5 दिन पूर्व भागी युवती नाटकीय ढंग से पहुंची थाना मेडिकल हेतु भेजा गया भगाने में प्रेमी सहित पांच के विरुद्ध अपहरण की धाराओं में दर्ज हुई थी रिपोर्ट,आरोपी की जल्द हो सकती है गिरफ्तारी नगर के एक मोहल्ला के एक महिला ने तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 29 अप्रैल को समय करीव रात 3.30 वजे उसकी 17 वर्षीय पुत्री को रहमतपुर मरहैया का जैन वहला फुसलाकर भागने कीअरकान , नईम, अजुब एवं उसकी पत्नी शम्मो के विरुद्ध अपहरण की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया था महिला द्वारा यह भी आरोप लगाया था कि लड़की घर में रखा मालजैवर व 2,50,000) रुपये नगद अपने साथ ले गई। 5 दिन बीत जाने के बाद भी युक्ति बरामद न होने पर परिवार के लोग उच्च अधिकारियों से भी मिले थे। प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार ने बरामद गी के लिए भारी दबाव बनाया जिसमें रविवार को नाटक के ढंग से लड़की थाना पर आ गई जिसे बयान के बाद वन स्टाप सेंटर भेजा गया है। लगी भीड़ अपहृत युवती कि जैसे ही लोगों को खबर लगी थाने पर युवती के परिजनों सहित बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ लग गई तरह-तरह की चर्चाएं चलती रही पुलिस के दबाव एवं सक्रियता के चलते लड़की थाना पर आ गई बयान दर्ज होने के बाद कोर्ट में पेश किया जाएगा प्रक्रिया के अनुसार आरोपी की भी जल्द गिरफ्तारी की जाएगी। राकेश कुमार मोर प्रभारी निरीक्षक थाना कांट

# भीषण गर्मी की चपेट में कस्बा, जनजीवन पर गहरा असर

## तेज धूप और आसमान छूता पारा बना मुसीबत, राहत के इंतज़ाम नाकाफी साबित

स्वतंत्र भारत खुदागंज शाहजहांपुर क्षेत्र इन दिनों भीषण गर्मी की मार झेल रहा है। लगातार बढ़ते तापमान और चिलचिलाती धूप ने आम जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। हालात यह हैं कि दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहता है, और जो लोग मजबूरी में घरों से बाहर निकलते हैं, वे गर्म हवाओं और झुलसा देने वाली धूप से बेहाल नजर आते हैं।

गर्मी का सबसे अधिक असर बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों पर देखने को मिल रहा है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, क्षेत्र में लू लगने और डिहाइड्रेशन के मामलों में लगातार वृद्धि हो रही है, जो चिंता का विषय बनता जा रहा है। ग्रामीण इलाकों में पेयजल संकट भी गहराता जा रहा है, जिससे लोगों को रोजमर्रा की जरूरतों के लिए भी जूझना पड़ रहा है। स्थिति को और गंभीर बना रही है बिजली कटौती। दिन हो या रात, अनियमित बिजली आपूर्ति के कारण लोगों को गर्मी से राहत नहीं मिल पा रही है। रात में भी उमस और गर्मी के कारण लोगों की नींद प्रभावित हो रही है, जिससे दिनभर थकान और परेशानी बनी रहती है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि अब तक प्रशासन की ओर से पर्याप्त और प्रभावी कदम नहीं उठाए गए हैं। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, बिजली आपूर्ति को दुरुस्त किया जाए और गर्मी से बचाव के लिए ठोस उपाय किए जाएं, ताकि इस भीषण गर्मी से राहत मिल सके।

# घायल बछिया का हिंदू युवा संगठन के कार्यकर्ताओं ने उपचार

**स्वतंत्र भारत खुटार।** बीती रात खुटार बंडा रोड पर सौफरी गांव में किसी वाहन सड़क पार कर रही एक बछिया को टक्कर मार दी। जिससे बछिया गंभीर रूप से घायल हो गई। रविवार सुबह हिंदू युवा संगठन उत्तर प्रदेश (अ) के कार्यकर्ता अभिषेक कुमार ने मामले की जानकारी संगठन के संस्थापक अध्यक्ष अवनीश मिश्र को दी। जिसके बाद उन्होंने पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर राजेंद्र सिंह को सूचना दी। जिस पर पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर राजेंद्र सिंह ने अपनी टीम भेजकर घायल बछिया का उपचार कराया। इसके साथ ही संगठन के कार्यकर्ताओं ने घायल बछिया के चारा पानी की भी व्यवस्था कराई।

# व्यापारियों ने सड़कों की मरम्मत और पेयजल व्यवस्था की बुलंद की आवाज



**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल की एक बैठक रविवार को खिरनी बाग स्थित महानगर कार्यालय में संपन्न हुई। जिलाधिकारी व नगर आयुक्त के विशेष अनुरोध पर बुलाई गई इस बैठक में शहर की व्यवस्थाओं को लेकर कई अहम प्रस्ताव पारित किए गए। बैठक की अध्यक्षता करते हुए महानगर अध्यक्ष सचिन बाथम ने कहा कि बहादुरगंज क्षेत्र में प्रतिदिन 30 से 40 हजार ग्राहकों का आवागमन होता है, लेकिन भीषण गर्मी के बावजूद यहाँ पेयजल की गंभीर किल्लत है। उन्होंने क? शब्दों में कहा कि पिंक टॉयलेट के पास वाटर कूलर लगाने के लिए नगर निगम को एक साल में दो बार ज्ञापन दिया जा चुका है, किंतु अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। श्री बाथम ने यह मांग भी उठाई कि बद्रीप्रसाद पुस्तक भंडार के निकट स्थित वाटर कूलर में तत्काल टोंटी लगाकर उसे सुचारू किया जाए, ताकि व्यापारियों और राहगीरों को राहत मिल सके। व्यापारियों का पक्ष रखते हुए जिला महामंत्री आकाशदीप गुप्ता ने कहा कि व्यापार मंडल प्रशासन के साथ सहयोग करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने समस्त व्यापारियों की ओर से प्रशासन को आश्वस्त किया कि मुख्य बाजारों में दुकानदार अपनी दुकानों का सामान शासन द्वारा लगाई गई स्टील ग्रिल के पीछे ही रखेंगे। साथ ही, उन्होंने विश्वास दिलाया कि यातायात को सुचारू रखने के लिए सभी व्यापारी अपने वाहनों को सड़क पर खींची गई सफेद पट्टी के दायरे में ही ख?ा करेंगे। समस्त व्यापारियों ने एकमत से कहा कि जहाँ व्यापारी अनुशासन का पालन करने का भरोसा दे रहे हैं वहीं प्रशासन को भी चाहिए कि जो भी स?के स्मार्ट सिटी के तहत भविष्य में निर्माण हेतु चयनित हैं उन्हें फिलहाल के लिए गड्ढे भरवाकर सुचारू कराया जाए ताकि जाम की स्थिति से व्यापारियों और जनता को निजात मिल सके। इस सभी में हनी सिंह युवा महानगर अध्यक्ष, इ?बाल खां पचराहा अध्यक्ष, वरिष्ठ मंत्री रेहान मि?ाॅ, आदित्य कश्यप, संगठन मंत्री महेंद्र दुबे व अशोक गुप्ता, विवेक सहगल आदि उपस्थित रहे।

# तेज रफ्तार बाइकों की आमने सामने भिड़ंत, तीन युवक गंभीर घायल

**स्वतंत्र भारत तिलहर शाहजहांपुर।** लखनऊ दिल्ली हाईवे स्थित तेज रफ्तार बाइकों की आमने-सामने टक्कर में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सीएचसी भिजवाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।जानकारी के अनुसार,जनपद हरदोई थाना टड़ियावां क्षेत्र के गांव उमरी के निवासी सहवाग और उसका भाई ध्रुव अपने रिश्तेदार थाना सिधौली क्षेत्र के गांव नगला निवासी प्रियांशु के साथ शनिवार रात करीब 10 बजे एक ही बाइक से फतेहगंज स्थित रिश्तेदारी में जा रहे थे।बहीं लखनऊ-दिल्ली हाईवे पर कछियानी खेड़ा हनुमान मंदिर के पास सामने से आ रही एक अन्य बाइक से उनकी जोरदार भिड़ंत हो गई।हादसे में सहवाग, ध्रुव और प्रियांशु गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर डायल 112 पीआरबी पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया।जहाँ चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया, जहां उनका इलाज जारी है।वहीं, दरोगा जोगेंद्र प्रताप सिंह पुलिस टीम के साथ सीएचसी पहुंचे और घायलों की जानकारी ली। इसके बाद पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच की। टक्कर मारने वाला बाइक सवार अपनी बाइक छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने दोनों बाइकों को कब्जे में ले लिया है।प्रभारी निरीक्षक जुगल किशोर पाल ने बताया कि दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में तीन लोग घायल हुए हैं। घायलों का इलाज मेडिकल कॉलेज में चल रहा तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# प्रशिक्षण से कार्यकर्ता बनता योग्य व अनुशासित

## विश्व हिंदू परिषद शाहजीपुर महानगर का जिला कार्यकर्ता अभ्यास वर्ग संपन्न




**शाहजहांपुर।** विश्व हिंदू परिषद शाहजीपुर महानगर का एक दिवसीय जिला कार्यकर्ता अभ्यास वर्ग कचहरी स्थित किडजी स्कूल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रांत मंत्री अनुज कुमार सिंह ने किया। अभ्यास वर्ग में प्रांत मंत्री ने विश्व हिंदू परिषद की स्थापना व उसके उद्देश्य के बारे में बताया व विश्व हिंदू परिषद की कार्य पद्धति,संगठन विस्तार और सामाजिक दायित्व का निर्वहन कर संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। द्वितीय सत्र में प्रांत सह मंत्री राकेश त्यागी ने कहां की प्रशिक्षण प्राप्त करने से एक योग्य व अनुशासित कार्यकर्ता का निर्माण होता है, उपस्थित कार्यकर्ताओं को दायित्व बोध के संबंध में बताया। महानगर अध्यक्ष अभिनव ओमर ने कार्यकर्ता निर्माण पर जोर दिया और कहा कि हमारे कार्यकर्ता जन जागरण में लगे हुए है,हमें कार्यकर्ता के रूप में स्वयं का निर्माण करना है,सत्संग समाज को जोड़ने का प्रमुख माध्यम है। संघ के शताब्दी वर्ष में पंच परिवर्तन का एक विषय आया है। पर्यावरण – प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनें। वृक्षारोपण करें,जल-संरक्षण करें और प्लास्टिक मुक्त जीवन अपनाएँ। नागरिक कर्तव्य – स्वच्छता,अनुशासन और सेवा को वर्षभर की जीवनशैली बनाएं सदैव सजग,जिम्मेदार और कर्मनिष्ठ नागरिक बनें। कुटुंब प्रबोधन – संस्कार,संवाद और स्नेह से परिवार को प्रेरणा और एकता का केंद्र बनाएं। प्रतिदिन कुछ समय परिवार के साथ मिलकर चिंतन और संवाद करें। स्वदेशी आचरण – देशज उत्पादों को प्राथमिकता दें,स्थानीय उ?द्योगों का सहयोग करें और ÷स्वदेशी अपनाएँ भारत बनाएं÷ के भाव को जीवन का मंत्र बनाएं। सामाजिक समरसता – जाति,वर्ग,भाषा और क्षेत्र के भेद मिटाकर,समाज में समरसता फैलाएं। कार्यकर्ता अभ्यास वर्ग में दुर्गावाहिनी,मातृशक्ति,प्रांत, विभाग व महानगर के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सीडीओ, पहुंचे मेडिकल कॉलेज, निरीक्षण से मचा हड़कंप



स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर। मुख्य विकास अधिकारी उत्कर्ष द्विवेदी राजकीय मेडिकल कॉलेज और महिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया जिससे स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया। बिना पूर्व सूचना पहुंचे सीडीओ ने अस्पताल की व्यवस्थाओं, साफ-सफाई, दवा उपलब्धता और मरीजों को मिल रही सुविधाओं की बारीकी से जांच की। सीडीओ सबसे पहले इमरजेंसी वार्ड पहुंचे, जहां बुखार और सड़क हादसे के मरीज भर्ती मिले। उन्होंने मरीजों से बातचीत कर उपचार व्यवस्था का फीडबैक लिया। इसके बाद टीबी वार्ड का निरीक्षण किया, जहां करीब 11-12 मरीज भर्ती पाए गए। निरीक्षण के दौरान मुख्य भवन के ट्रॉमा, मेल सर्जिकल, फीमेल सर्जिकल, एसएनसीयू, आईसीयू, फीमेल मेडिसिन, ऑर्थो और मेल मेडिसिन वार्डों का एक-एक कर जायजा लिया गया। इसके बाद महिला चिकित्सालय पहुंचकर लेबर रूम, ओपीडी, गायनोकोलॉजी, पीडिया वार्ड, पीएनसी, ऑर्थो, मेडिसिन वार्ड और प्रशासनिक कार्यालय का निरीक्षण किया गया।सीडीओ ने मरीजों और तीमारदारों से सीधे संवाद कर व्यवस्थाओं की हकीकत जानी। कई स्थानों पर संबंधित डॉक्टरों और स्टाफ को मौके पर बुलाकर जरूरी दिशा-निर्देश दिए। दवा कक्षों में स्टॉक और एक्सपायरी डेट की भी गहन जांच की गई। उन्होंने अस्पताल परिसर में साफ-सफाई, शौचालयों की स्वच्छता और पेयजल व्यवस्था हर हाल में दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। साथ ही मेडिकल स्टाफ की उपस्थिति भी जांची और साफ कहा कि इलाज में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सीडीओ ने कुपोषित बच्चों की बेहतर देखभाल और गंभीर मरीजों को त्वरित उपचार देने पर विशेष जोर दिया। आयुष्मान कार्ड सेंटर पर तैनात आरोग्य मित्रों को निर्देश दिए कि पात्र मरीजों को योजना का लाभ तुरंत मिले और भुगतान प्रक्रिया में देरी न हो। गर्मी को देखते हुए हीट स्ट्रोक से बचाव के लिए ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश भी दिए गए। हालांकि निरीक्षण के दौरान जिला अस्पताल में हीट स्ट्रोक का कोई मरीज भर्ती नहीं मिला। सीडीओ के इस औचक निरीक्षण से पूरे दिन स्वास्थ्य विभाग में हलचल बनी रही और अधिकारियों-कर्मचारियों में सतर्कता देखी गई।

# आंधी पानी से छत पर सो रहा युवक को दौड़ा, गिरकर मौत

**निगोही।** नगर पंचायत निगोही के मोहल्ला अब्दुल कलाम नगर में बीती रात छत पर सोते नेपाली युवक राम बहादुर(40) पुत्र पदम बहादुर छत से गिर गया!जिसकी मौके पर ही मौत हो गई! वह कस्बा निगोही में लम्बे समय से अकेले ही रह रहा था! बीती रात आंधी , पानी आ जाने के कारण नींद में हड़बड़ाया बहादुर छत से उतरते समय तेज हवा के झोंके के बीच चलने के कारण बिस्तर सहित नीचे ईंटों पर जा गिरा जिससे उसे गंभीर चोटें आई और मौके पर ही मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार मृतक 1990 के दशक में नेपाल से भारत काम की तलाश में आया था और निगोही में ही रहने लगा। इस दौरान मोहल्ले के लोगों ने उसे चंदा कर कई बार वापस नेपाल भी भेजा था,लेकिन उसका दिल निगोही में ही लग गया और वह वापस आ गया। चाय के होटलों में काम कर जीवन यापन करने वाला बहादुर कभी कभी काम की तलाश में झांसी भी चला जाता था। कुछ दिन पूर्व ही तबियत खराब होने के कारण वापस निगोही लौट कर आया था। लेकिन मौत ने पीछा नहीं छोड़ा फिर बीती रात आंधी पानी के चलते छत से गिरने के कारण उसकी मौत हो गई। उसके परिवार को कोई जानकारी नहीं है।

पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया। पोस्ट मार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की विधिक कारवाही की जाएगी।

# साधना की सुवास और चेतना की उजास से दमका रामचंद्र मिशन आश्रम

## शाहजहांपुर आश्रम पहुंचने पर दाजी का हुआ स्वागत

स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर। श्री राम चन्द्र मिशन के अध्यक्ष एवं हार्टफुलनेस मेडीटेशन के मार्गदर्शक पूज्य गुरुदेव कमलेश डी. पटेल 'दाजी' के सान्निध्य और करुणामय मार्गदर्शन में आयोजित बाबूजी महाराज की जयंती समारोह का शुभारंभ कल सोमवार को आध्यात्मिक उल्लास के साथ हो रहा है।

पूज्य दाजी का आज देर शाम करीब सात बजे शाहजहांपुर आश्रम आगमन हुआ।

यहां पहुंचने पर बाबूजी महाराज के सुपुत्र सर्वेश चंद्रा, मिशन के संयुक्त सचिव अर्जुन अग्रवाल,ए के गर्ग, उत्तर प्रदेश प्रभारी अनुपम अग्रवाल, आश्रम प्रबंधक प्रमोद कुमार सिंह,माधोगोपाल अग्रवाल, राजगोपाल अग्रवाल , श्री गोपाल



अग्रवाल, ममता सिंह, सुयश सिन्हा सहित सैकड़ों अभ्यासियों और छोटे छोटे बच्चों ने फूल भेंटकर ने उनका भव्य स्वागत किया ।

पूज्य दाजी के आगमन से आश्रम परिसर मानो साधना की सुवास और चेतना की उजास से आलोकित हो उठा। उत्सव में सहभागिता हेतु हजारों अभ्यासी शाहजहांपुर आश्रम पहुँच रहे हैं। रेलवे स्टेशन और बस स्टेशन पर दिन भर अभ्यासियों का तांता लगा शाहजहांपुर । श्री राम चन्द्र मिशन आश्रम में मनाये जा रहे बाबूजी महाराज जयंती समारोह के लिए देश विदेश से अभ्यासियों के आने का सिलसिला शनिवार रात से ही शुरू हो गया जो रविवार देर रात तक जारी रहा। रेलवे और बस स्टेशन से मिशन के स्वंय सेवकों ने अभ्यासियों को बस द्वारा आश्रम पहुंचाया।

# संभावित प्रत्याशी अपूर्व ठाकुर के पति अजय पर धमकाने का आरोप

## अधिवक्ता ने तहसील दिवस प्रभारी को सौंपा पत्र जांचोपरान्त कार्यवाही की मांग की

**स्वतंत्र भारत (जलालाबाद-शाहजहांपुर)।** अपने फेसबुक अकाउंट से सोशल मीडिया पर एक पोस्ट डालने वाले अधिवक्ता को धमकी मिली है व फेसबुक पोस्ट पर गलत टिप्पणी की व फोन करके अधिवक्ता को जान से मारने की धमकी दी गई है। इस मामले में अधिवक्ता ने शनिवार संपूर्ण समाधान दिवस प्रभारी उत्कर्ष द्विवेदी को लिखित शिकायती प्रार्थना पत्र देकर कर मामले में कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस द्वारा बताया गया इस मामले को साइबर व मीडिया सेल अपने हिसाब से जांच पड़ताल कर रिपोर्ट देगा तत्पश्चात कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

कस्बे के मोहल्ला आजाद नगर निवासी वरिष्ठ अधिवक्ता लालाराम शर्मा के पुत्र अक्षत मोहन एडवोकेट द्वारा अपने फेसबुक अकाउंट पर 1 मई को एक पोस्ट डाली गई थी जिसमें किसी व्यक्ति विशेष का कोई नाम नहीं था और ना ही किसी का पता लिखा गया था फिर भी उन्हें मोबाइल नंबर 7388408631 से 2 मई को रात लगभग 12:40 बजे उनके मोबाइल नम्बर पर फोन करके गाली गलौज की गई अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए धमकाया गया व जान से मारने की धमकी भी दी गई। यह आरोप संभावित भाजपा के प्रत्याशी अपूर्व ठाकुर के पति अजय गुप्ता पर लगाया है पीड़ित अधिवक्ता ने बताया कि अजय गुप्ता ने ही उनका फोन करके धमकी दी है। अपमानजनक एवं मानहानि कारित टिप्पणी की गई है। जिससे उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा को ठेस पहुंची है तथा परिवार में भय एवं मानसिक तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई है।

मुख्य विकास अधिकारी द्वारा प्रार्थना पत्र को गंभीरता से लेते हुए स्थानीय पुलिस को सौंप दिया गया है। जिसकी गंभीरता पूर्वक जांच पड़ताल साइबर सेल से कराई जाएगी और सच्चाई सामने आने के बाद विधिक करवाई किए जाने का आश्वासन दिया गया है।

# साधन सहकारी समिति दहेलिया में बनी गोदामों की टीन आंधी में उड़ी



**स्वतंत्र भारत मिर्जापुर/परौर -शाहजहांपुर।** शनिवार को रात्रि में आई भीषण आंधी एवं बरसात में क्षेत्र के लोगों का काफी नुकसान हुआ है। इसी क्रम में साधन सहकारी समिति दहेलिया की दो गोदामों में पड़ी टीन आंधी में उड़कर दूर खेतों में जा गिरी। आंधी में टीन गिरने व साथ में हुई बरसात में एनपी के खाद की 400 बोरियां, पोटाश उर्वरक की 290 बोरिया, यूरिया खाद की 564 बोरियां भीग गई। सुबह जब गांव के राजकुमार, सतीश, महेश सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, बृजपाल सिंह, रामवीर सिंह उठे तो उन्होंने देखा गोदामों की छतों से टीन गायव है तथा गोदामों में रखी सभी बोरियां पानी में भीग गई हैं तथा गोदाम में पानी भरा हुआ है। ग्रामीणों ने इसकी सूचना सभापति अरुण कुमार को दी। साथ ही साधन सहकारी समिति दहेलिया के सचिव विष्णु कांत कनौजिया एवं एकाउंटेंट सुखदेव सिंह उर्फ लालू को दी। कर्मचारी ने गोदाम में आकर उर्वरक में भरा पानी निकाला। पानी में भीगने से उर्वरक काफी मात्रा में खराब होने की संभावना है। विष्णु कुमार कनौजिया द्वारा इसकी सूचना संबंधित अधिकारियों को दे दी गई है।

# 13 वारंटी गिरफ्तार भेजे जेल



**सेहरामऊ दक्षिणी।** पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशन में अपराधो पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस में थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांवों से विभिन्न अपराधों में न्यायालय से वांछित चल रहे बबलू पुत्र सियाराम, रमाकांत पुत्र राम प्रसाद, रीतकुमार पुत्र रीतराम, विपिन पुत्र राम प्रसाद, सुखदेव पुत्र अनंतराम, विश्राम पुत्र रामपाल,राजेंद्र पुत्र सीताराम, रामदास पुत्र प्रहलाद, सियाराम पुत्र प्रहलाद,रमाकांत पुत्र बहोरन, कमलेश पुत्र बहोरन, सतपाल पुत्र मुंशी, अनिरुद्ध पुत्र रामदीन समेत कुल 13 वारंटीयो को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है

# मगटोरा प्रधान व एक पूर्व प्रधान सहित चार पर एफआईआर दर्ज

## चुनावी रंजिश के चलते दंपति को घेर कर पीटने का आरोप

**स्वतंत्र भारत (जलालाबाद-शाहजहांपुर)।** रंजिशन ग्राम प्रधान ने गांव के ही दंपति को पड़ोसी गांव के पूर्व प्रधान व अन्य दो साथियों की मदद से पीट दिया जिससे वह घायल हो गए व हवा में तमंचा लहराकर धमकी दी। घटना एक सप्ताह पूर्व की है पुलिस ने इस मामले में जांच पड़ताल करने के बाद मुकदमा दर्ज कर विवेचना आरंभ कर दी है। ग्राम प्रधान हाल ही में जेल से जमानत पर रिहा होकर आए हैं जिन पर कत्ल का इल्जाम है। थाना जलालाबाद क्षेत्र की ग्राम पंचायत मगटोरा के मजरा डांडे मढ़ैयां निवासी रुखसाना पत्नी कल्लू खां ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह लोग जलालाबाद के मोहल्ला सादुल्लागंज में एक कार्यक्रम में शामिल होने आए थे जहां से वापस अपने घर जा रहे थे घटना देर शाम 21 अप्रैल की बताई गई है रात्रि लगभग 9:00 बजे खंडहर रोड पर रुस्तमपुर व दिवियापुर गांव के बीच ग्राम प्रधान मगटोरा भूपाल सिंह एवं कुड़रा तालुके पेहना के मजरा भुलभुलागंज के पूर्व प्रधान मनोज वर्मा व दो अन्य साथी नागेश्वर व पुष्पेंद्र ने घेर लिया और मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया शोर मचाने पर राहगीरों ने दौड़कर हमलावरों को ललकारा जिससे वह लोग जान से मार देने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। दंपति ने बताया की मगटोरा प्रधान भूपाल व नागेश के हाथों में तमंचे थे जिसकी बट से उन्होंने प्रहार किया, स्पष्ट किया कि प्रधानी के चुनाव में वोट न देने की वजह से ग्राम प्रधान उनसे रंजिश रखते हैं आज की हुई मारपीट की घटना भी इसी से संबंधित है। इधर कोतवाल राजीव कुमार से पूछने पर उन्होंने बताया कि मामले की एफआईआर दर्ज कर ली गई है विवेचना की जा रही है।

# समस्या समाधान न हुआ तो आंदोलन : नबी

**स्वतंत्र भारत कांट शाहजहांपुर।** सर्व समाज हिताय मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने विद्युत विभाग के जे ई को रिमाइंडर सौंपते हुए कहा यदि समस्या समाधान नहीं हुआ तो 11 मई को भूख हड़ताल आमरण अनशन एवं सत्याग्रह आंदोलन किया जाएगा। बिजली विभाग से संबंधित जनहित की जनसमस्याओं के समाधान हेतु सर्व सामाजिकताएं मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुलाम मोहम्मद नबी आजाद ने एक ज्ञापन मांगपत्र जे ई कांट विद्युत विभाग को सौंपा था के संबंध में शनिवार को शिष्टमंडल के साथ जे ई विद्युत कांट को एक रिमाइंडर जे ई को संबोधित सौंपा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुलाम मोहम्मद नवी आज़ाद व मोर्चा के जिलाध्यक्ष गुलाम गौस ने कहा कि मोर्चा द्वारा दिए गए ज्ञापन में बिंदुवार समस्याओं का एक सप्ताह के अंदर समाधान न किया गया तो मोर्चा जनहित में बिंदुवार समस्याओं का समाधान होने तक अनिश्चित कालीन उग्रजानंदोलन भूख हड़ताल आमरण अनशन सत्याग्रह आंदोलन 11 में से अभयन मोड़ पर किया जाएगा।

# दो ट्रेनों में यात्रियों की हालत बिगडी

**स्वतंत्र भारत रोजा जंक्शन शाहजहांपुर।** 02563 छपरा से चलकर नई दिल्ली जाने वाले स्पेशल ट्रेन के कोच नंबर द्व1 बर्थ नंबर दो पर अध्ययन 13 वर्ष छपरा से नई दिल्ली जा रहे थे लखनऊ से चलने के बाद उनकी तबीयत खराब हो गए शाहजहांपुर में प्राथमिक उपचार किया गया 15273 सत्ताग्रह एक्सप्रेस कोच नंबर है 6 बर्थ नंबर 19 पर आत्माराम हापुड़ जा रहे थे सीतापुर से चलने के बाद आत्माराम की तबीयत खराब हो गई उन्होंने ट्रेन में चल रही थी ठीक बताया टीटी ने कंट्रोल बताया कंट्रोल के आदेश पर शाहजहांपुर में ट्रेन को नौकर डॉक्टर की टीम में प्राथमिक उपचार किया उसके बाद ट्रेन रवाना हुई

# प्रेमी को पुलिस ने दिखाया हवालात

## 2 वर्ष पूर्व कंबाइन चलाने के दौरान हुआ था प्रेम प्रसंग

**पुवायां।** 2 वर्ष पूर्व थाना क्षेत्र के एक गांव का व्यक्ति कंबाइन चलाने दूसरे जनपद गया था जहां उसका एक लड़की से प्रेम प्रसंग हो गया। धीरे-धीरे प्रेमिका प्रेमी के संबंध प्रगाढ़ हो गए। और वह प्रेमी के साथ रहने के लिए सोमवार को पुवायां आ पहुंची। इसके बाद दोनों कोतवाली आ गए। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए लड़की से उसके बारे में पूछताछ की तब उसने अपना नाम पता बताया।इसके बाद पुलिस ने लड़की के घर वालों को फोन कर लड़की को पुवायां कोतवाली में होने की जानकारी दी। उसके बाद प्रेमी युवक की पत्नी और तीन बच्चे तथा उसका पिता भी कोतवाली आ गया। और उन्होंने लड़के को तथा लड़की को समझाने का काफी प्रयास किया। लेकिन लड़की प्रेमी के साथ रहने की जिद पर अड़ गई। पूरे दिन कोतवाली में पंचायत चलती रही लेकिन कोई भी हल नहीं निकला। वहीं युवक के परिजनों ने बताया है की लड़की के परिजन आ रहे हैं इसके बाद ही कुछ कहा जा सकता है। पुलिस ने युवक को हिरासत में ले लिया है।

## लायंस क्लब ने किया पौधारोपण

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर।** लायंस क्लब सहेली ने पेड़ लगाओ पृथ्वी बचाओ पर्यावरण को स्वच्छ बनाओ कि थीम को लेकर वृक्षा रोपण किया और पर्यावरण को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया।रविवार को लायंस क्लब श सहेली की अध्यक्ष लायन महिमा शुक्ला लायन सोनम कटिहार लायन चितवन गुप्ता ने हरीबन में पहुंच कर पौधारोपण किया। इस दौरान काफी लोग मौजूद रहे।

# अस्थाई अतिक्रमण से नगर में प्रतिदिन लग रहा जाम

## प्रशासनिक अधिकारी चुप, राहगीरों को हो रही दिक्कत

**स्वतंत्र भारत (जलालाबाद-शाहजहांपुर)।** नगर की चौड़ी सड़कें गलियों में तब्दील होती जा रही हैं आए दिन सड़कों पर लगने वाले जाम से लोग परेशान हो चुके हैं जाम के कारण नगर के बारह पत्थर चौराहे से नगर के मुख्य चौराहे तक पहुंचने के लिए 20 से 25 मिनट का समय लग जाना स्वाभाविक है। दिन प्रतिदिन सड़कों पर अस्थाई रूप से अतिक्रमण बढ़ता जा रहा है इस जटिल समस्या पर प्रशासन कोई ध्यान नहीं दे रहा सड़क किनारे अतिक्रमण हटाने के नाम पर खानापूर्ति कर दी जाती है अगले दिन फिर वहीं अतिक्रमण लग जाता है। आज से तीन दशक पूर्व जिन सड़कों से भारी वाहन और ट्रक गुजरा करते थे पुरानी गल्ला मंडी को जाने वाली सड़क पर ट्रक खड़े होकर लोड किए जाते थे खराब व्यवस्था और अनदेखी के कारण आज उन सड़कों पर दोपहिया और तिपहिया छोटे वाहनों का गुजरना भी मुश्किल हो चुका है। इसी पुरानी गल्ला मण्डी में हाल ही में नगर पालिका द्वारा नाले का निर्माण कराया गया था नाले की ऊंचाई सड़क के लेवल से रखी गई थी ताकि सड़क चौड़ी हो जाए एवं



वाहनों को आवागमन में दिक्कत न उठानी पड़े लेकिन यहां स्थिति दूसरी साबित हुई अधिकतर दुकानदार प्रतिष्ठान का सारा सामान निकाल

> **कहां-कहां लगता जाम**
> **पुरानी गल्ला मण्डी वाली सड़क, तहसील रोड, बाजार, नगर के मुख्य चौराहे पर**

कर नाले पर तो सजाते ही हैं नाला पार करके सड़क का कुछ हिस्सा भी घेर लेते हैं चौड़ी सड़क पतली होती जा रहीं हैं, गालियां पगडंडी की तरह दिखने लगी हैं जो भी नया निर्माण करता है वह बगल वाले से एक हाथ आगे निकलकर निर्माण करता है। ऐसे कृत्यों पर नगर पालिका कुछ भी नहीं बोलता, इस तरह के प्रयासों को अगर तत्काल मौके पर नहीं रोकने का काम किया गया तो आने वाले समय में नगर की गलियों का हश्र जो भी हो लेकिन सड़क पतली गलियों में तब्दील आवश्यक हो जाऐंगी। नगर के जिम्मेदार लोग इस तरह की बर्बादी का तमाशा चुप होकर देखते रहेंगे तहसील प्रशासन हो या नगर पालिका प्रशासन सभी अस्थाई अतिक्रमण के मूक दर्शक गवाह हैं इसको रोक पाने के लिए अगर समय पर उचित कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले समय में नगर की जनता को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। पहले भी समय-समय पर नगर में अतिक्रमण हटाए जाने का काम किया जाता रहा है लेकिन अभी लगभग 4 वर्षों से नगर में ऐसा कोई अभियान नहीं चलाया गया जिससे नगर की सड़कों पर हो रहे अवैध निर्माण व अस्थाई अतिक्रमण को हटाया गया हो। प्रशासनिक अधिकारियों के पास काम इतना ज्यादा है कि उन्हें मूलभूत समस्याएं नजर ही नहीं आतीं कस्बे में हो रहे अतिक्रमण की तरफसे उन्होंने नज़रें हटा ली हैं। नगर पालिका प्रशासन यदि ध्यान दे तो अतिक्रमण पर अंकुश लगाया जा सकता है। सवाल इस बात का है कि जब जिम्मेदार लोग अपनी जिम्मेदारियों से मुंह मोड़ने लगें और किसी न किसी वजह से काम ना कर पाऐं तो जनता तीर कमान अपने हाथ में ले लेती है और भाई वोट की चोट पर काम करती है। तब तक लोगों को लगता है कि अब काफी देर हो चुकी है। नगर में साफसुथरा माहौल, चौड़ी सड़क, साफ सुथरी गलियां यह नगर पालिका की जिम्मेदारी के अंग हैं। एंक्रोचमेंट को लेकर नगर पालिका बिल्कुल गंभीर नहीं है ना पहले रही और ना आज गंभीर होना चाहती है, बिना किसी अनुमति के सड़कों और गलियों में लोग चबूतरे व सीढ़ियां बना लेते हैं नगर पालिका चाहते हुए भी कुछ कह नहीं पाती है। आखिर नगर पालिका की ऐसी क्या मजबूरी है? ऐसे लोगों पर कार्यवाही करने से नगर पालिका कतराती है। बुद्धिजीवी वर्ग ने नगर में हो रहे अतिक्रमण को लेकर चिन्ता व्यक्त करते हुए इसे हटाए जाने की मांग नगर पालिका अधिशासी अधिकारी व एसडीएम प्रभात राय से की है। ताकि आम नागरिकों को सड़कों पर चलने में सुविधा हो सके, योगी सरकार की मंशानुरूप उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश बनाया जा सके।

### केवल जुमले बाजी कर रहे ईओ नगर पालिका

इस मामले में एक वर्ष पहले अधिशासी अधिकारी एच एन उपाध्याय ने बताया था कि 3 मई 2025 का एयर शो कार्यक्रम संपन्न होने के बाद नगर में अतिक्रमण को लेकर अभियान चलाया जाएगा। इसका पूरा प्लान तैयार किया जाएगा, किन-किन सड़कों पर अतिक्रमण अधिक है उन्हें सबसे पहले लिया जाएगा उन्होंने यह भी कहा था कि बेहतर होगा कि लोग नाला पार करके सड़कों पर अपनी दुकान का सामान ना रखें इसमें कार्रवाई भी की जा सकती है।

तो आज एक साल का समय बीत गया है ईओ की बात हवाहवाई साबित हुई है नगर में कोई अतिक्रमण नहीं हटाया गया।

# विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल का अभ्यास वर्ग सम्पन्न

स्वतंत्र भारत मिर्ज़ापुर -शाहजहांपुर क्षेत्र के ग्राम जरियनपुर में स्थित ध्यानीबाबा आश्रम पर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल जिला परशुरामपूरी का दो दिवसीय अभ्यास वर्ग का आयोजन किया गया है। अभ्यास सत्र का शुभारम्भ विहिप के प्रांतीय मंत्री अनुज कुमार व विभाग मंत्री अश्लील सिंह ने प्रभु श्रीराम दरबार के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर अभ्यास वर्ग में शामिल स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए प्रांतीय मंत्री अनुज कुमार ने कहा कि सभी हिंदू आपस में भाई भाई हैं। संगठन कभी नारे नहीं लगाता,बल्कि संकल्प लेता है,जैसे रामलला हम आयेंगे मंदिर दिव्य बनाएंगे। आज अयोध्या में जो भव्य एवं दिव्य



श्रीराम मंदिर बना है। वह सभी हिंदुओं की एकता अब अखंडता से ही संभव हुआ है। इसलिए सभी हिंदुओं को एकता बनाए रखने की सख्त जरूरत है। अभ्यास वर्ग में बजरंग दल के प्रांत सयोजक राकेश त्यागी,प्रखंड अध्यक्ष विजयपाल सिंह,सत्संग प्रमुख आलोक शर्मा ,जिला मंत्री सलभ मिश्रा ,जिला अध्यक्ष डॉ. ब्रजेश गुप्ता ,जिला संयोजक बादल सिंह ,जिला उपाध्यक्ष अजय गुप्ता ,जिला सह मंत्री गुरुपाल सिंह ,जिला उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह ,जिला गौरक्षा प्रमुख दिवाकर मिश्रा,आशीषकुमार, प्रदीप दीक्षित,राहुल सिंह सहित जिला, प्रखंड, खंड एवं उपखंड स्तर के सभी कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया।





# भीरा पुलिस ने कोटेदार से लूट के आरोपी पकड़ा

- एक साल पहले हुई थी घटना

स्वतंत्र भारत



**बिजुआ खीरी।** भीरा पुलिस ने एक साल पहले राशन डीलर से हुई लूट के मामले में दूसरे फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया।

पुलिस ने आरोपी करन यादव पुत्र रामसागर, निवासी राजेंद्र नगर लाल्हापुर, थाना गोला को रविवार, 3 मई 2026 को बस्तौली नहर पटरी के पास से गिरफ्तार किया। करन यादव थाना भीरा में दर्ज मु0अ0सं0 322/2025, धारा 309 (6) बीएनएस के तहत वांछित था। यह घटना अगस्त 2025 में हुई थी। लखरावा गांव के राशन डीलर नौशाद खान पलिया से अपने घर लौट रहे थे, तभी हरेंया नहर पुलिया के पास तीन अज्ञात बदमाशों ने तमंचे के बल पर उनसे सैमसंग मोबाइल और पर्स लूट लिया था। पीड़ित की शिकायत पर भीरा थाने में मामला दर्ज किया गया था। घटना के बाद सीओ गोला रमेश तिवारी, फॉरेंसिक और स्वाट टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की थी। पुलिस तभी से आरोपियों की तलाश में थी।

इस मामले में मुख्य आरोपी को पिछले महीने 3 तारीख को ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। आरोपी की गिरफ्तारी 3 मई रविवार को हुई। बिजुआ चौकी इंचार्ज उपनिरीक्षक सुशील तिवारी को मुखबिर से सूचना मिली थी कि लूट का दूसरा आरोपी बस्तौली नहर पुलिया के पास मौजूद है। सूचना मिलते ही चौकी इंचार्ज सुशील तिवारी ने हेड कांस्टेबल हेमन्त कुमार सिंह और रिक्रूट कांस्टेबल विकास राठी के साथ मिलकर घेराबंदी की और करन यादव को पकड़ लिया।

यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे वांछित और वारंटी अपराधियों की गिरफ्तारी अभियान के तहत की गई। थानाध्यक्ष भीरा के नेतृत्व में हुई इस गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक ने टीम की सराहना की है।

# सख्त पहरे में हुई नीट यूजी-2026 परीक्षा, परीक्षा केंद्रों पर कड़े इंतजाम

- डीएम-एसपी ने लिया परीक्षा केंद्रों का जायजा
- 3227 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा

स्वतंत्र भारत

**लखीमपुर खीरी।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा आयोजित नीट (यूजी)-2026 परीक्षा रविवार को जिले के सात परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा और सख्त निगरानी के बीच शांतिपूर्वक सम्पन्न हुई। इस दौरान बुलाए गए 3227 में से 3151 अभ्यर्थी ही परीक्षा में शामिल हुए जबकि 76 ने गैर हाजिर रहकर परीक्षा छोड़ दी। परीक्षा को सकुशल बनाने के लिए डीएम, एसपी, एडीएम, एएसपी समेत परीक्षा केंद्र मजिस्ट्रेट सतत भ्रमणशील रहकर परीक्षा केंद्रों का जायजा लेते रहे। वही परीक्षा केंद्र मजिस्ट्रेट परीक्षा केंद्रों पर मुस्तैद रहे। परीक्षा के दौरान जिला प्रशासन ने व्यापक स्तर पर व्यवस्थाएं सुनिश्चित कीं, जिससे परीक्षार्थियों को निर्बाध और निष्पक्ष वातावरण में परीक्षा देने का अवसर मिला।

डीएम अंजनी कुमार सिंह ने परीक्षा में भ्रमणशील रहकर जनपद खीरी में स्थित परीक्षा केंद्रों राजकीय इंटर कॉलेज सहित अन्य परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेकर परीक्षा को सकुशल एवं शुचितापूर्ण सम्पन्न कराने जरूरी निर्देश दिए। डीएम ने परीक्षार्थियों हेतु भौतिक सुविधाओं/सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए सीसीटीवी कैमरों को चैक किया व संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए।

वही डीआईओएस विनोद कुमार मिश्र, सिटी कोऑर्डिनेटर/प्राचार्य, केंद्रीय विद्यालय आशीष कुमार दीक्षित ने नीट (यूजी)-2026 परीक्षा में भ्रमणशील रहकर परीक्षा केंद्रों (राजकीय पॉलीटेक्निक, वाईडी कॉलेज, भगवानदीन आर्यकन्या इंटर कॉलेज, गुरुनानक इण्टर कालेज, जीआईसी,अबुल कलाम आजाद गर्ल्स इंटर कॉलेज, डीएस कालेज) का निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापक, परीक्षा केंद्र मजिस्ट्रेट को परीक्षा में आयोग के शत प्रतिशत निर्देशों के अनुपालन के निर्देश दिए। वही परीक्षा केंद्र मजिस्ट्रेट ने भी अपने परीक्षा केंद्र पर सतर्क दृष्टि रखते हुए पूरी परीक्षा को सकुशल संपन्न कराया।

# भाजपा गोला मण्डल की नवीन कार्यकारिणी का हुआ स्वागत

स्वतंत्र भारत



**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** नगर के एक होटल में भाजपा गोला नगर की नवीन कार्यकारिणी का सम्मान समारोह आयोजित किया गया । स्वागत समारोह का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। तत्पश्चात नगर अध्यक्ष भाजपा विनोद स्वर्णकार ने नवीन दायित्वधारी कार्यकर्ताओं का परिचय करवाया। मुख्य अतिथि विधायक अमन गिरि, विशिष्ट अतिथि नगर पालिका परिषद अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू, पूर्व चेयरमैन एलडीवी बैंक उ0प्र0 सुर्जन लाल वर्मा, पूर्व जिला उपाध्यक्ष विजय महेश्वरी ने माला पहनाकर स्वागत किया ।

नवीन दायित्वधारी कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि मा0 विधायक अमन गिरि ने कहा, ' भारतीय जनता पार्टी के देवतुल्य कार्यकर्ताओं को नवीन दायित्व के लिए बधाई देता हूँ तथा उज्जवल भविष्य की कामना करता हूँ ।

विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कहा, ' संगठन की मजबूती, जनसेवा की भावना एवं राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ नई कार्यकारिणी निश्चित रूप से नगर व समाज पार्टी के प्रति महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।पूर्व चेयरमैन एलडीवी बैंक उ0प्र0 सुर्जन लाल वर्मा, पूर्व जिला उपाध्यक्ष विजय महेश्वरी, पूर्व नगर अध्यक्ष शत्रोहन मिश्रा, पूर्व नगर महामंत्री एवं जिला अध्यक्ष व्यापार मंडल अरुण अवस्थी ने भी शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन नगर महामंत्री धीरज बाजपेई जी ने तथा अध्यक्षता नगर अध्यक्ष विनोद स्वर्णकार ने की ।

इस अवसर पर नगर महामंत्री राजेश राठौर, नगर उपाध्यक्ष राजन साहनी रेखा मिश्रा ,विनोद कुमार वर्मा ,राजेश आनंद मिंनी ,प्रवीण गुप्ता, रामजी रस्तोगी ,नगर मंत्री कैलाश गुप्ता ,राजेश जोशी, राहुल वाल्मीकि, सुमित्रा मिश्रा ,सीमा वर्मा ,सूर्य प्रताप सिंह चौहान ,नगर कोषाध्याय सुमित शाह ,शक्ति केंद्र संयोजक तेज प्रकाश शुक्ला ,अंकित मिश्रा ,नवीन भसीन ऋषि गुप्ता ,प्सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बदहाल सड़कों पर उठाई आवाज

स्वतंत्र भारत



**लखीमपुर-खीरी।** विकास खण्ड निघासन की ग्राम पंचायत दौलतापुर में जर्जर सड़कों का मुद्दा अब तूल पकड़ता जा रहा है। ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर समाजसेवी कैलाश कुमार गुप्ता ने मोर्चा खोल दिया है। शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस में कैलाश कुमार गुप्ता ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर दौलतापुर की बदहाल सड़कों का मुद्दा प्रमुखता से उठाया।कैलाश कुमार गुप्ता ने बताया कि दौलतापुर ग्राम पंचायत में मरम्मत न होने से आरसीसी रोड पूरी तरह गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। हालात इतने खराब हैं कि हल्की बारिश में ही सड़कें तालाब बन जाती हैं। गहरे गड्ढों में पानी भरने से आए दिन राहगीर व स्कूली बच्चे गिरकर चोटिल हो रहे हैं।उन्होंने आरोप लगाया कि ग्राम प्रधान व सचिव से कई बार शिकायत के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हुई। नतीजा यह है कि ग्रामीणों को हर साल खुद चंदा इकट्ठा कर डीजल इंजन से सड़क का पानी निकलवाना पड़ता है। 'वर्षों से यही हाल है।

# मिश्रा कोचिंग सेंटर में मेधावी विद्यार्थी अलंकरण समारोह संपन्न

स्वतंत्र भारत



**लखीमपुर-खीरी।** मिश्रा कोचिंग सेंटर में मेधावी विद्यार्थी अलंकरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। साथ ही उनके अभिभावकों को भी सम्मानित कर उनके योगदान की सराहना की गई।

संस्थान के निदेशक पी. के. मिश्रा ने बताया कि इस वर्ष हाईस्कूल में कुल 92 छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए, जिनमें 15 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, 20 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किए तथा 45 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कक्षा 10 का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जो संस्थान की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को दर्शाता है।

इंटरमीडिएट में कुल 98 विद्यार्थी सम्मिलित हुए, जिनमें 22 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। कई छात्रों ने 98 प्रतिशत से भी अधिक अंक अर्जित कर संस्थान, अभिभावकों और जनपद का नाम गौरवान्वित किया। कक्षा 12 का परीक्षा परिणाम भी शत-प्रतिशत रहा।समारोह में मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार, प्रशस्ति-पत्र एवं स्मृति-चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही उनके माता-पिता को भी उनके सहयोग, मार्गदर्शन एवं प्रेरणा के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं अतिथियों को संबोधित करते हुए निदेशक पी. के. मिश्रा ने कहा कि सफलता कठोर परिश्रम, अनुशासन और निरंतर प्रयास का परिणाम होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में भी इसी लगन और समर्पण के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थी, अभिभावक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अंत में सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### डगन्ना फसल को रखें रोग एवं कीटों से मुक्त-पीपीओ

**लखीमपुर-खीरी।** जिला कृषि रक्षा अधिकारी सूर्य प्रताप सिंह ने किसानों से अपील की है कि वे गन्ना फसल को विभिन्न रोगों एवं कीटों से बचाने के लिए समय रहते उचित प्रबंधन अपनाएं। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय (अप्रैल से जून) गन्ना फसल के लिए अत्यंत संवेदनशील होता है, जब अंकुर बेधक, जड़ बेधक एवं छोटी बेधक जैसे प्रमुख कीट सक्रिय रहते हैं। उन्होंने कहा कि गन्ना फसल पूरे वर्ष खेत में खड़ी रहती है, जिससे विभिन्न प्रकार के कीटों को आश्रय मिलता है और उनके जीवन चक्र को पूर्ण होने में सहायता मिलती है। इसके परिणामस्वरूप गन्ना फसल को अधिक नुकसान होता है। अतः अच्छी पैदावार एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु समय पर कीट प्रबंधन अत्यंत आवश्यक है। गन्ना फसल में बेधक कीट तनों के भीतर सुरंग बनाकर पौधों के मध्य भाग को नुकसान पहुंचाते हैं, जिससे पौधे सूख जाते हैं। इसे 'डेड हार्ट' अवस्था कहा जाता है। प्रभावित भाग को हटाने पर उसमें दुर्गंध भी पाई जाती है। जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने किसानों से आग्रह किया कि वे समय-समय पर कृषि विभाग से संपर्क कर अनुदानित कृषि रक्षा रसायन प्राप्त करें तथा कृषि विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में फसल सुरक्षा उपाय अपनाएं। पीसीएसआरएस प्रणाली व एनपीएसएस पोर्टल के माध्यम से भी रोग - कीट की जानकारी प्राप्त कर सकते है।

### अवैध ब्राउन शुगर के साथ एक गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** प्रभारी निरीक्षक गौरीफंटा के नेतृत्व में थाना गौरीफंटा पुलिस व एसएसबी की टीम द्वारा संयुक्त रूप से चेकिंग के दौरान बाल अपचारी नवीन माझी पुत्र महादेव माझी निवासी केआईसिंह गांव पालिका 2 जिला डोटी नेपाल राष्ट्र को बनगवां बाजार के निकट से जंगल से होकर नेपाल राष्ट्र को जाने वाले कच्चे रास्ते से 4.20 ग्राम अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना गौरीफन्टा के उपनिरीक्षक प्रमीत कुमार व का0 विनीत कुमार और एसएसबी कम्पनी गौरीफंटा के सहायक कमाण्डेन्ट विवेक यादव, सहायक उप निरीक्षक राजीव कुमार, आरक्षी दिलीप कुमार डांगर, आरक्षी टिंकू घोष, आरक्षी एस लाल बिक थांक व आरक्षी योगेन्द्र कुमार (डॉग हैण्डलर) शामिल रहे।

### आंधी में गिरा पेड़, भैंस मरी

**खमरिया-खीरी।** ईसानगर क्षेत्र के चपकहा गांव में रविवार को सुबह हल्की बारिश व चल रही हवा के दौरान एक बड़ा हादसा हो गया, जब अचानक एक पुराना जामुन का पेड़ भरभराकर गिर पड़ा। इस घटना में सुर्जलाल पुत्र रामकुमार की भैंस पेड़ के नीचे दब गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। भैंस की मौत से पीड़ित परिवार को भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा है। यही नही पेड़ गिरने की चपेट में आने से दिलीप कुमार और अनिल कुमार, कनौजी लाल का कच्चा मकान भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के समय घर के अंदर मौजूद परिवार के लोग स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए किसी तरह बाहर निकल आए और अपनी जान बचाने में सफल रहे।



# किसी भी साइकिल चोर को नहीं पकड़ सकी सिंगाही पुलिस

- लगातार हो रही साइकिल चोरी की घटनाएं

स्वतंत्र भारत

**सिंगाही-खीरी।** कस्बे में इन दिनों साइकिल चोरों का आतंक बढ़ता जा रहा है। बीते दो हफ्तों में करीब आधा दर्जन साइकिल चोरी की घटनाएं सामने आ चुकी हैं, लेकिन अब तक किसी भी मामले का खुलासा नहीं हो सका है। लगातार हो रही वारदातों से लोगों में आक्रोश के साथ-साथ असुरक्षा की भावना भी गहराने लगी है।



भेडौरा वार्ड नंबर 2 निवासी विजय राज सिंह ने बताया कि 20 अप्रैल के दिन करीब 10 बजे उनकी साइकिल घर के बाहर खड़ी थी, जिसे अज्ञात चोर उठा ले गए। वहीं, वार्ड नंबर 2 भेडौरा निवासी शिवलाल की साइकिल भी घर के बाहर से चोरी हो गई। दोनों पीड़ितों ने 23 अप्रैल को सिंगाही थाने में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

इसी तरह इजहार हाशमी ने बताया कि 23 अप्रैल को उनके यहां काम करने वाला युवक दोपहर में खाना खाने घर गया था और साइकिल बाहर खड़ी कर गया। इसी दौरान चोर साइकिल लेकर भाग गए। घटना की सूचना उन्होंने फोन के माध्यम से थाना प्रभारी को दी। रामकिशोर पटेल ने बताया कि उनकी दुकान पर काम करने वाले नौरंगाबाद निवासी युवक की साइकिल दुकान के बाहर गली में खड़ी थी, जिसे शाम करीब 6 बजे चोर ले गए। इसके अलावा 3 मई की सुबह दुर्गा मंदिर के पास से भी एक साइकिल चोरी होने की सूचना है। लगातार हो रही इन घटनाओं के बावजूद पुलिस की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे स्थानीय लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। लोगों ने पुलिस प्रशासन से गश्त बढ़ाने और जल्द से जल्द चोरों की गिरफ्तारी की मांग की है, ताकि इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

# मोती नगर कॉलोनी में फूटा पाइप, लाखों लीटर पानी बर्बाद

स्वतंत्र भारत

**लखीमपुर खीरी।** 'जल ही जीवन है' का संदेश जहां एक ओर लोगों को पानी बचाने के लिए जागरूक करता है, वहीं दूसरी ओर नगर पालिका की लापरवाही इस संदेश को ठेंगा दिखाती नजर आ रही है। मामला वाई डी सी कॉलेज की फील्ड के पास स्थित मोती नगर कॉलोनी की गली का है, जहां पिछले कई दिनों से पाइपलाइन लीकेज के कारण भारी मात्रा में पानी लगातार बह रहा है।



स्थानीय लोगों के अनुसार, इस पाइपलाइन को कई बार निम्न गुणवत्ता (लो क्वालिटी) के पाइप लगाकर अस्थायी रूप से ठीक किया गया, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। पाइप बार-बार फट जाता है और लाखों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है। निवासियों का आरोप है कि नगर पालिका में कई बार शिकायत करने के बावजूद केवल खानापूर्ति की जाती है। मरम्मत के बाद गड्ढे को भी खुला छोड़ दिया जाता है, जिससे दुर्घटना का खतरा लगातार बना रहता है। आज इसी लापरवाही का नतीजा सामने आया, जब ईंटों से भरी एक ट्रॉली गड्ढे में फंसकर गिर गई। गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ, लेकिन स्थिति बेहद गंभीर बनी हुई है। स्थानीय लोगों में नगर पालिका के प्रति भारी आक्रोश है। उनका कहना है कि यदि जल्द ही स्थायी समाधान नहीं किया गया, तो कोई बड़ा हादसा हो सकता है। अब सवाल यह उठता है कि आखिर नगर पालिका की 'कुंभकर्णी नींद' कब खुलेगी? और कब तक यूं ही जल की बर्बादी और लोगों की जान जोखिम में डाली जाती रहेगी?

# मोहम्मदी विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने बस स्टेशन का किया उद्घाटन

स्वतंत्र भारत



**मोहम्मदी-खीरी।** मोहम्मदी में नव निर्मित बस स्टेशन का भव्य तरीके से मुख्य अतिथि विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने विधिवत पूजा अर्चन हवन के बाद फीता काट कर बस स्टेशन का उद्घाटन कर जनता को समर्पित किया। आधुनिक सुविधाओं से नया बस स्टेशन बेहद सुंदर और व्यवस्थित तरीके से बनाया गया है, जिसमें यात्रियों की सुविधाओं के लिए प्रतीक्षालय, बसों के व्यवस्थित तरीके से खड़े होने के लिए प्लेटफार्म बनाए गए हैं। लोकेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि ये बस स्टेशन क्षेत्र के विकास में एक मील का पत्थर साबित होगा। इस अवसर पर क्षेत्रीय जनता सहित हरदोई क्षेत्र के प्रबंधक रमेश कुमार और सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक गोला डिपो महेश चंद्र कमल सहित रोडवेज बसों के चालक परिचालक भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष विनोद तिवारी ने बताया कि बस अड्डे के सामने एक बहुत ऊंची दीवार खड़ी हुई है और खोखे आदि लगे होने से बहुत बड़ा अतिक्रमण है, रोड से बस अड्डा दिखाई नहीं पड़ता है, यदि अतिक्रमण हटवा दिया जाए तो यात्रियों को और बसों के आवागमन में बड़ी सुविधा रहेगी।

विनोद तिवारी का कहना था कि उत्तर प्रदेश में नव निर्मित बस स्टेशन के सामने कहीं भी सामने दीवार नहीं है केवल मोहम्मदी बस स्टेशन के सामने दीवार खड़ी कर अतिक्रमण किया गया है इसको तत्काल जनता की सुविधा को देखते हुए हटाया जाए।

# मीता गर्ग बनीं राष्ट्रीय प्रशिक्षक

**लखीमपुर-खीरी।** जेसीआई इंडिया की चार दिवसीय राष्ट्रीय प्रशिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला में सक्रिय सहभागिता कर मीता गर्ग राष्ट्रीय प्रशिक्षक चयनित हुईं। मरीन लाइंस मुंबई के आतिथ्य में नार्थ जोन की चार दिवसीय राष्ट्रीय प्रशिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन नेशनल डायरेक्टर ट्रेनिंग आनंद मिश्रा के सभापतित्व एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष आरपीपी भरत एन. आचार्य तथा मुख्य अतिथि जेसी संजय मांकड़ की उपस्थिति में हुआ। कार्यशाला के मुख्य प्रशिक्षक (पायलट) सीए प्रीतम गोस्वामी, को-पायलट जेसी राजीव मनियार एवं डॉक्टर रवि कुमार ने विभिन्न सत्रों के अंतर्गत प्रशिक्षण प्रदान किया तथा प्रतिभागियों की एकल, सामूहिक तथा कॉर्पोरेट प्रस्तुतियों एवं निर्धारित मानकों के आधार पर परीक्षण उपरांत परिणाम घोषित किया गया। जेसी आई लखीमपुर की जेएफपी मीता गर्ग ने भी सहभागिता की एवं उत्तम प्रस्तुति करके सफलता प्राप्त की। प्राविजनल नेशनल ट्रेनर चुने जाने के पश्चात नगर आगमन पर बाजपेई कालोनी स्थित गर्ग निवास पर आयोजित स्वागत कार्यक्रम में मानद सदस्य निशा गर्ग, पूर्व राष्ट्रीय निदेशक राम मोहन गुप्त, अध्यक्ष सचिन अग्रवाल, उपाध्यक्ष राहुल माथुर, सचिव राहुल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष कुशाग्र अग्रवाल, पूर्वाध्यक्ष तुषार गर्ग, आयकर अधिवक्ता आकाश गर्ग, मीतिका गर्ग, उर्जिता, अनुष्का एवं आद्विक द्वारा अभिनंदन किया गया।

# बाढ़ से पहले 'एक्शन मोड' में प्रशासन, डीएम अंजनी कुमार सिंह ने परखी तैयारिया, दिए निर्देश

- डीएम ने शारदा बैराज पर ऑटोमेशन और गेट ऑपरेशन की परखी व्यवस्था

स्वतंत्र भारत

**लखीमपुर खीरी।** संभावित बाढ़ को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। डीएम अंजनी कुमार सिंह ने रविवार को तहसील सदर के अंतर्गत फूलबेहड़ ब्लॉक में बंधों के आसपास बसे गांवों का दौरा कर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने राजस्व और सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचकर पूर्व वर्षों में बाढ़ के दौरान किए गए राहत कार्यों की समीक्षा की और इस बार के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने मौके पर मौजूद नक्शों के माध्यम से पूरी वस्तुस्थिति को समझा और संभावित जोखिम वाले क्षेत्रों की पहचान करते हुए अधिकारियों को सतर्क रहने को कहा। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि बाढ़ की स्थिति में त्वरित रेस्पॉन्स के लिए सभी तैयारियां समय रहते पूरी कर ली जाएं, ताकि किसी भी आपदा में जनहानि और नुकसान को न्यूनतम किया जा सके। डीएम ने कहा कि बाढ़ की स्थिति में प्रभावित परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट करने की व्यवस्था पहले से सुनिश्चित की जाए। साथ ही राहत शिविरों की तैयारी, खाद्य सामग्री, दवाइयों की उपलब्धता और पशुओं के संरक्षण के लिए भी ठोस योजना बनाई जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी व्यवस्थाएं समय रहते दुरुस्त कर ली जाएं, ताकि आपदा के समय किसी तरह की परेशानी न हो। उन्होंने निर्देश दिए कि संभावित बाढ़ की स्थिति में प्रभावित परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट करने, राहत शिविरों की व्यवस्था, खाद्य सामग्री, दवाइयों और पशुओं के संरक्षण तक की ठोस कार्ययोजना अभी से तैयार कर ली जाए। इस दौरान अधिशासी अभियंता (शारदा खंड) करनपाल गंगवार एसडीएम सदर अश्विनी कुमार सिंह और प्रशासनिक अमला उपस्थित रहा।

इसके बाद डीएम अंजनी कुमार सिंह में बाढ़ नियंत्रण कक्ष पहुंचकर शारदा बैराज ऑटोमेशन प्रोजेक्ट व बैराज का जायजा लिया। उन्होंने बैराज का संचालन, गेटों के ऑपरेशन की जानकारी लेकर संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। बैराज इंचार्ज से विस्तृत जानकारी लेते हुए डीएम ने निर्देश दिए कि हर स्थिति पर रियल टाइम निगरानी रखी जाए। उन्होंने बैराज, हेड रेगुलेटर व गेट के संचालन, ऑटोमेटेड वेदर स्टेशन डिस्चार्ज रेट आदि की जानकारी ली। इस दौरान डीएम ने अधिकारियों से डिवाइड वाल, घाघरा व शारदा की इंटरलिंकिंग की जानकारी भी हासिल की।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## मौसम का खेल

पिछले लगभग एक पखवाड़े से ज्यादा समय के दौरान पूरे देश के लोगों को भीषण गर्मी का प्रकोप झेलना पड़ा है। इधर कुछ दिनों हल्की तेज बारिश और तेज हवाओं से कुछ राहत जरूर मिली मगर अभी गर्मी का पूरा सीजन बाकी है। यानी यह फौरी राहत थी और ज्यादा दिन नहीं चलने वाली। मौसम विभाग भी कह रहा है कि मई महीने में जोरदार गर्मी पड़नी है। उसका कहना है कि गए दौरान देश के कई हिस्सों सामान्य से अधिक दिनों तक हिट हीटवेव चल सकती है। कुछ राज्यों में गर्मी का जबरदस्त असर रहेगा। इसकी गंभीरता को यही तथ्य स्पष्ट करता है कि पिछले दिनों देश के कुछ हिस्सों में 42 से 49 डिग्री तक के तापमान ने लोगों का जीना दूभर कर दिया। जब तेज गर्मी का पूर्वानुमान है तो यह स्थिति दोहराने की भी पूरी संभावना है। यह सही है कि मौसम अपने हिसाब से चलता है और उसी तरह से उसमें उतार चढ़ाव भी आते हैं। लेकिन पिछले काफी समय से वैश्विक तापमान में बढ़ोतरी के कारण गर्मी के दिनों में जो तमाम तरह की जटिलताएं खड़ी हो रही हैं, वे स्वाभाविक रूप से दुनियाभर के लिए गंभीर चिंता का विषय होनी चाहिए। इस जटिलता का अनुमान इसी बात से लगाया जा सकता है कि पिछले दिनों तापमान की जो स्थिति रही, वह आमतौर पर मई के अंत और जून के दौरान रहती है। इस बार पश्चिम विक्षोभ और तूफानों में भी कभी देखी गई तो आसमानों को अल नीनो के प्रभाव से भी गर्मी में सामान्य से ज्यादा का इजाफा रहा। इस समय मौसम विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान के अनुसार आने वाले कुछ दिनों के दौरान देश के अलग-अलग हिस्सों में मौसम मिला जुला रहेगा लेकिन कहीं-कहीं राहत के साथ भीषण गर्मी की वजह से स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ेंगी। यह बात इसलिए भी ध्यान देने कि सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ की वजह से उत्तर भारत के कई राज्यों में लू, उमस भरी गर्मी और गर्म रातों में आम आदमी परेशान रहा है । कुछ क्षेत्रों में आंधी पानी और बिजली गिरने की घटनाएं भी अधिक हुई हैं। मौसम के इस तरह से बदले स्वरूप को आगे के लिए बड़ी चेतावनी के रूप में देखा जाना चाहिए। इसके प्रति किसी भी तरह की लापरवाही नुकसानदेह हो सकती है। फिलहाल गर्मी के प्रति सावधान रहने के दिन अभी पूरे नहीं हुए हैं। पूरी सतर्कता बरतनी लंबे समय तक आवश्यक है।

## परियोजनाओं का प्रदेश

कभी बीमारू राज्य की श्रेणी में गिना जाने वाला उत्तर प्रदेश अब तेजी के साथ विकसित हो रहे राज्य के रास्ते पर आ गया है। तमाम बड़ी परियोजनाओं के तेज रफ्तार के साथ जमीन पर उतरने का क्रम लगातार जारी है तो सामाजिक स्तर पर भी कई कल्याणकारी प्रमुख का प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। बड़ी बात है यह कि प्रदेश सरकार ने विभिन्न योजनाओं की घोषणाओं को केवल औपचारिकता तक ही सीमित नहीं रखा बल्कि उससे भी ज्यादा जोर उन्हें समय पर पूरा करने पर दिया है। इसका ताजा उदाहरण गंगा एक्सप्रेसवे है जिसका शिलान्यास 2021 की दिसंबर में हुआ और इस साल 26 अप्रैल को इसे जनता को समर्पित किया गया। इसी तरह बहुचर्चित जेवर एयरपोर्ट के पहले चरण का उद्घाटन भी बेहद कम समय में किया गया। इसके अलावा पूर्वांचल एक्सप्रेस वे तीन साल और बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे जैसी बड़ी योजनाएं रिकॉर्ड समय में पूरी हुई हैं। इन कामों का परिणाम यह है कि देश के एक्सप्रेसवे नेटवर्क में उत्तर प्रदेश की सहभागिता करीब 60% तक पहुंच गई है। उपलब्धि केवल यहीं तक नहीं है बल्कि रक्षा उत्पादन जैसे अति महत्वपूर्ण क्षेत्र में यूपी अग्रणी भूमिका निभा रहा है। लखनऊ में ब्रह्मोस मिसाइल यूनिट और यूपी डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर इसके प्रभाव प्रबल उदाहरण हैं। इसी कड़ी में हवाई अड्डों का निर्माण भी है। करीब नौ साल पहले जहां प्रदेश में केवल दो हवाई अड्डे थे, वही अब यह 21 एयरपोर्ट के नेटवर्क की ओर तेजी के साथ बढ़ रहा है। मेट्रो और रैपिड रेल परियोजनाओं में भी तेजी आई है। लखनऊ में तो मेट्रो काफी पहले शुरू हो चुकी है। अब आगरा मेट्रो और मेरठ मेट्रो को भी चालू किया जा चुका है। अन्य शहरों में भी इसके विस्तार की परियोजनाओं पर तेजी के साथ काम चल रहा है। इस तरह सभी श्रेणियां के तेज यातायात और आयुध निर्माण की दिशा में प्रदेश तेजी के साथ कदम बढ़ा चुका है। इससे जहां एक ओर उच्च स्तरीय सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है, वहीं आम लोगों को रोजगार भी सुलभ हो रहा है। महत्वपूर्ण बात यह है कि सीएम योगी आदित्यनाथ के दिशा निर्देशन में अन्य महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर भी काम चल रहा है और वे भी रिकार्ड समय में पूरी होने की ओर किसी के साथ अग्रसर हैं।



## काँव-काँव



♦♦♦

**सरकारी पुष्टाहार से वंचित बीकेटी क्षेत्र के बच्चे**
बड़ी बात ये कि रामनगरी में पर्यटक बढ़ रहे हैं!

**कामर्शियल एलपीजी सिलेंडर तीन हजार के पार**
अब बेरोजगार युवा पकौड़े भी नहीं तल पायेंगे!

**विश्वशांति के लिये बुद्ध मार्ग सर्वोत्तम-केपी मौर्या**
बुद्ध ने हथियार,शराब बेचने से मना किया था!

**कश्मीर में तनाव बढ़ाने की तैयारी में पाकिस्तान**
इधर चुनावी भाषणों में आपरेशन सिंदूर जारी!

**काम का दबाव बनता जा रहा खामोश कातिल**
इसीलिये लोग सरकारी नौकरी पसंद करते हैं!

**आगे युवा पीढ़ी तय करेगी देश की दिशा- महाना**
अभी पचहत्तर पार वाले हटने को तैयार नहीं है!

♦♦♦

# महाशक्ति के पतन का कारण बनती मासूमों की शहादत



-तनवीर जाफ़री

अमेरिका व इस्त्राईल द्वारा गत 28 फ़रवरी से ईरान पर किये गये संयुक्त हमलों में हालाँकि ईरान में मरने वालों की संख्या सूत्रों द्वारा अलग अलग बताई जा रही है। परन्तु अनुमानतः इन हमलों में अब तक लगभग 6,000 से भी अधिक ईरानी नागरिकों लोगों के मारे जाने की संभावना है। जबकि लगभग 26,500 से भी अधिक लोगों के घायल होने के आंकड़े सामने आये हैं। परन्तु ईरान के सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह सैय्यद अली ख़ामनेई, अनेक उच्चस्तरीय नेता,अधिकारी व वैज्ञानिकों की हत्या से भी अधिक चर्चा ईरान में हुये जिस एक हमले को लेकर हो रही है वह है दक्षिणी ईरान के मिनाब शहर के एक प्राइमरी स्कूल पर 28 फ़रवरी को अमेरिकी वायु सेना द्वारा किया गया वह हमला जिसने हमले के समय स्कूल में पढ़ रहे 168 मासूम बच्चों को शहीद कर दिया। ईरान ने मुख्य रूप से इसी एक हमले को रेखांकित करते हुये विश्वशांति की बात करने वाले अमेरिका को पूरी दुनिया में बेनक़ाब करने की मुहिम चलाई। इतना ही नहीं बल्कि इसी हमले ने मानवीय संवेदना रखने वाले कई अमेरिकी सांसदों व उच्चाधिकारियों को भी आवाज़ उठाने को मजबूर किया।

याद कीजिये गत 10 अप्रैल 2026 को जब एक ईरानी प्रतिनिधिमंडल पाकिस्तान की मध्यस्थता में अमेरिका से बात चीत करने के मक़सद से इस्लामाबाद पहुंचा था और अमेरिका की तरफ़ से उपराष्ट्रपति जेडी वेंस वार्ता का नेतृत्व कर रहे थे उस समय ईरानी प्रतिनिधिमंडल जिस # Minab 168 अंकित विमान में बैठकर इस्लामाबाद आया था उस विमान ने पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा था। ईरानी स्पीकर मोहम्मद बाघेर गालिबाफ़,ईरानी विदेश मंत्री अरागची व ईरानी प्रतिनिधिमंडल ने इसी # Minab 168 नामक विमान से ही तेहरान से पाकिस्तान की यात्रा की थी। इस विमान में आगे की 168 सीटों पर अमेरिकी हमले में शहीद हुये बच्चों की तस्वीरें रखी गईं। हर सीट पर उनके खून से सने हुये क्षतिग्रस्त स्कूल बैग व शहीद बच्चों के जूते व साथ ही उन्हें श्रद्धांजलि देने हेतु फूल भी रखे गये थे। यह पहला मौक़ा था जबकि ईरान जैसे किसी साहसी देश ने स्वयं को महाशक्ति बताने वाले अमेरिका के वास्तविक क्रूर चेहरे को इस निराले अंदाज़ से बेनक़ाब किया था। # Minab 168 विमान केवल पाकिस्तान ही नहीं आया बल्कि अरागची 26-27 अप्रैल को इसी विमान पर सवार होकर इस्लामाबाद और ओमान के दौरे के बाद रूस भी पहुंचे। जहां उन्होंने राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से महत्वपूर्ण मुलाक़ात की।

अमेरिका में भी मिनाब के शहीद मासूमों का खून सर चढ़कर बोलता दिखाई दे रहा है। इस हमले को लेकर राष्टपति ट्रंप को राजनीतिक और सड़क स्तर पर भी विरोध का सामना करना पड़ रहा है। डेमोक्रेट्स द्वारा साफ़ तौर पर इसे ग़ैर ज़िम्मेदाराना अमेरिकी हमला मानकर ट्रंप प्रशासन से इस हमले की ज़िम्मेदारी स्वीकार करने की मांग रहे हैं। क्योंकि जांच में अमेरिकी टोमाहॉक मिसाइल इस्तेमाल होने की पुष्टि हो चुकी है। यह मिसाइल केवल अमेरिका के पास ही है। अमेरिकी डेमोक्रेट सांसदों ने पेंटागन से निष्पक्ष जांच की मांग करते हुये रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ से जवाब भी तलब किया है। इन अमेरिकी सीनेटर्स ने इसे हताहत होने वाला दशकों का सबसे बुरा नागरिक मामला बताया है साथ ही ट्रंप प्रशासन पर अपनी जवाबदेही स्वीकार न करने का भी आरोप लगाया गया है। कई सीनेटर्स तो इसे अमेरिकी सेना की 'भयानक ग़लती' भी बता रहे हैं। इसी मिनाब घटना को लेकर अमेरिका में कई जगह सड़कों पर भी प्रदर्शन हुये हैं। न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर से लेकर सैन फ्रांसिस्को, शिकागो और मिल्वौकी तक में कई जगह में हज़ारों प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतरे और उन्होंने 'हैंड्स ऑफ़ ईरान' के नारे लगाए। यहाँ की कैपिटल हिल पर प्रतीकत्मक रूप से बच्चों के स्कूल बैग रखकर विरोध प्रदर्शन हुआ। इसमें कई डेमोक्रेट सांसद भी शामिल हुये थे। हद तो यह है कि व्हाइट हाउस के बाहर इसी अप्रैल में हुए व्यापक प्रदर्शनों में ट्रंप को युद्ध अपराधी बताकर उसे हटाने की भी ज़ोरदार मांग हुई।

बहरहाल, इस्त्राईल हो या उसका संरक्षक अमेरिका,इन दोनों ही देशों ने विश्व अनेक देशों में 'युद्धापराध ' अंजाम देने के अनेक क्रूरतम इतिहास लिखे हैं। सही मायने में तो 'युद्धापराध' अंजाम देने के यह आदी हो चुके हैं। याद कीजिये 1960-70 के मध्य लंबे समय तक चले वियतनाम युद्ध को। यही अमेरिका है जिसने बड़ी बेरहमी से यहाँ लाखों लोगों की हत्यायें की थीं। इनमें एक दिल दहलाने वाली घटना दक्षिण वियतनाम के माई लाई गांव में हुई थी जहाँ न केवल 500 से अधिक निहत्थे नागरिकों जिनमें महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग शामिल थे की हत्या की गई थी बल्कि उनका सामूहिक बलात्कार किया गया उनके शवों का जलाया गया व अपमान किया गया था। पूरे के पूरे कई गांव जला दिए गये थे। इसी तरह 2003 के ईराक़ युद्ध के दौरान अबूग़रेब जेल में क़ैदियों की प्रताड़ना के अलावा इराक़ में कई नागरिक नरसंहार की घटनाएं हुईं। इसी तरह अफ़ग़ानिस्तान में भी नागरिक हत्या,बलात्कार जैसे कई कारनामे उजागर हुए थे। अमेरिका की तर्ज़ पर इस्त्राईल भी लेबनॉन, पश्चिमी किनारे व ग़ज़ा के इलाक़ों में मानव नरसंहार के कई इतिहास लिख चुका है। यह तो इतने क्रूर हैं कि भूखे बच्चों को पहले खाने पानी की लालच देकर भीड़ इकठ्ठी करते हैं उसके बाद उन मजबूरों को खाना पानी देने के बजाये उनपर बंबारी कर हत्याएं कर देते हैं। इस्त्राईली प्रधानमंत्री तो इस समय अंतर्राष्ट्रीय अदालत का वांछित मुजरिम भी है। परन्तु इस बार इनका पाला पड़ा था ईरान में मिनाब के मासूमों से। इनकी चीख़ पुकार व बद्दुआएं पूरे विश्व में इस क़द्र गूँज रही हैं कि मानवीय ह्रदय रखने वाले अमेरिकी भी इस घटना से सदमे में हैं तथा वे यह महसूस कर रहे हैं कि यह घटना कहीं वैश्विक अमेरिकी चौधर के पतन का कारण न बन जाये। तभी ट्रंप प्रशासन इस घटना से पल्ला झाड़ने की असफल कोशिश करता भी दिखाई देता है। परन्तु वास्तविकता तो यह है कि मिनाब स्कूल हमले की वजह से और ईरान युद्ध नीति के चलते ही अमेरिका में ट्रंप की लोकप्रियता



नकारात्मक 20-23 प्रतिशत तक गिर गई है। इसी तरह के विरोध के चलते ट्रंप ने अपने कई अधिकारियों को बर्ख़ास्त कर दिया जबकि कई ने इस्तीफ़ा देकर अपनी इज़्ज़त बचने में ही अपनी भलाई समझी। कहना ग़लत नहीं होगा कि मासूमों की शहादत को याद दिलाने वाला प्रतीक '# Minab 168' पूरे विश्व में नरसंहार की इबारत लिखने वाली महाशक्ति को बेनक़ाब कर छोड़ेगा तथा इसके पतन का कारण भी बनेगा।

## ।। यथार्थ गीता ।।



स्वामी अड़गड़ानंद

### दशम् अध्याय

(गतांक से आगे

दोनों एक दूसरे के पूरक हैं) उत्पन्न होते हैं। इस संसार में ये (सम्पूर्ण दैवी सम्पद्) इन्हीं की प्रजा है। क्योंकि सप्त भूमिकाओं के संचार में 'दैवी सम्पद्' ही है, अन्य नहीं।

एतां विभूतिं योगं च मम यो वेत्ति तत्त्वतः।
सोऽविकम्पेन योगेन युज्यते नात्र संशयः ।।7।।

जो पुरुष योग की और मेरी उपर्युक्त विभूतियों को साक्षात्कार के साथ जानता है, वह स्थिर ध्यानयोग द्वारा मुझमें एकीभाव से स्थित होता है। इसमें कुछ भी संशय नहीं है। जिस प्रकार वायुरहित स्थान में रखे दीपक की लौ सीधी जाती है, कम्पन नहीं होता, योगी के जीते हुए चित्त की यही परिभाषा है। प्रस्तुत श्लोक में 'अविकम्पेन' शब्द इसी आशय की ओर संकेत करता है।

अहं सर्वस्य प्रभवो मत्तः सर्वं प्रवर्तते। इति मत्वा भजन्ते मां बुधा भावसमन्विताः ।।8।।

मैं सम्पूर्ण जगत् की उत्पत्ति का कारण हूँ, मुझसे ही सम्पूर्ण जगत् चेष्टा करता है- इस प्रकार मानकर श्रद्धा और भक्ति से युक्त विवेकीजन मेरा निरन्तर भजन करते हैं। तात्पर्य यह है कि योगी द्वारा मेरे अनुरूप जो प्रवृत्ति होती है, उसे मैं ही किया करता हूँ।

वह मेरा ही प्रसाद है। (कैसे है? इसे पीछे स्थान-स्थान पर बताया जा चुका है।) वे निरन्तर भजन किस प्रकार करते हैं? इस पर कहते हैं-

मच्चित्ता मगतप्राणा बोधयन्तः परस्परम्। कथयन्तश्च मां नित्यं तुष्यन्ति च रमन्ति च।।9।।

अन्य किसी को स्थान न देकर मुझमें ही निरन्तर चित्त को लगानेवाले, मुझमें ही प्राणों को लगानेवाले सदैव परस्पर मेरी प्रक्रियाओं का बोध करते हैं। गुणगान करते हए ही सन्तुष्ट होते हैं तथा निरन्तर मुझमें ही रमण करते हैं। **क्रमशः...**

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**आत्मवर्गं परित्यज्य परवर्ग समाश्रितः।**
**स्वयमेव लयं याति यथा राजात्यधर्मतः।।**

जिस प्रकार कोई राजा अपने अधर्माचरण के कारण नष्ट हो जाता है, उसी प्रकार अपनों को छोड़कर दूसरों को अपनाने वाला व्यक्ति भी अपने आप नष्ट हो जाता है।

♦♦♦

# वर्ल्ड लाफ्टर डे : बिना वजह हँसिए, क्योंकि यही असली जीना है



- कृति आरके जैन

चेहरे पर जमी थकान की परतें और आँखों में ठहर गया तनाव कई बार मुस्कान को भी एक औपचारिक अभिनय जैसा बना देते हैं। इसी बीच 04 मई को मनाया जाने वाला वर्ल्ड लाफ्टर डे समय की धारा में एक ऐसा विराम बनकर आता है, जो मन के भीतर जमा बोझ को हिलाकर हल्कापन की ओर मोड़ देता है। यह स्पष्ट करता है कि मनुष्य केवल जिम्मेदारियों का बोझ ढोने वाला अस्तित्व नहीं है, बल्कि उसके भीतर एक सहज, जीवंत और स्वतः प्रकट होने वाली ऊर्जा छिपी होती है, जो बिना किसी कारण पूरे वातावरण को हल्का कर सकती है। हँसी कोई सजावटी भाव नहीं, बल्कि भीतर जमे तनाव को पिघलाकर जीवन को पुनः सरल, खुला और सांस लेने योग्य बनाने वाली स्वाभाविक प्रक्रिया है। मुंबई के एक साधारण पार्क की जमीन पर खड़ा वह छोटा-सा प्रयोग आज दुनिया के कोने-कोने में फैल चुकी एक शांत लेकिन गहरी क्रांति का रूप ले चुका है। डॉ. मदन कटारिया ने जब हँसी को बिना किसी चुटकुले, बिना मंच और बिना प्रदर्शन के एक साधना के रूप में प्रस्तुत किया, तब यह विचार लोगों को असामान्य और नया लगा था। लेकिन समय के साथ यह पहल केवल अभ्यास नहीं रही, बल्कि हजारों लोगों की दिनचर्या में शामिल होने लगी। आज अनेक देशों में सुबह के समय लोग समूह बनाकर बिना किसी कारण के हँसते हैं। यह दृश्य साधारण मनोरंजन से आगे बढ़कर एक मानसिक पुनर्जागरण जैसा प्रतीत होता है, जहाँ हर व्यक्ति कुछ क्षणों के लिए अपने भीतर जमा तनाव और बोझ को छोड़कर हल्केपन का अनुभव करता है।

शरीर के भीतर चल रही सूक्ष्म प्रक्रियाओं पर यदि ध्यान दिया जाए तो हँसी एक ऐसी शक्ति प्रतीत होती है, जिसका असर किसी अदृश्य उपचार से कम नहीं होता। जब व्यक्ति खुलकर हँसता है, तो भीतर तनाव उत्पन्न करने वाले तत्व धीरे-धीरे कम होने लगते हैं और मन में हल्कापन बढ़ने लगता है। श्वास की लय बदल जाती है, हृदय की गति संतुलित होने लगती है और मानसिक दबाव धीरे-धीरे कम होता चला जाता है। इसी कारण अनेक चिकित्सकीय अध्ययन हँसी को शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी मानते हैं। यह बिना किसी लागत के प्राप्त होने वाली ऐसी प्राकृतिक ऊर्जा है, जो शरीर और मन दोनों को संतुलन और स्थिरता की दिशा में ले जाती है। हँसी का सबसे विलक्षण गुण यही है कि उसे समझने के लिए किसी शब्द या अनुवाद की आवश्यकता नहीं पड़ती। एक ठहाका दुनिया के किसी भी कोने में समान अर्थ और समान प्रभाव रखता है, चाहे वह किसी भी संस्कृति या समाज से जुड़ा हो। जब दो अनजान लोग भी एक साथ हँस पड़ते हैं, तो उनके बीच की अनदेखी दूरी कुछ ही क्षणों में मिटने लगती है। इसी वजह से वर्ल्ड लाफ्टर डे केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं रह जाता, बल्कि मानवता को जोड़ने वाला एक सशक्त सेतु बन जाता है। यह दिन यह भी स्पष्ट करता है कि दुनिया को एकजुट करने के लिए बड़े-बड़े शब्दों की नहीं, बल्कि सच्ची, सहज और दिल से निकली मुस्कान की आवश्यकता होती है। डिजिटल युग में हँसी का स्वरूप तेजी से बदल रहा है। मोबाइल स्क्रीन, छोटे वीडियो और मीम्स ने मनोरंजन को आसान जरूर बना दिया है, लेकिन असली




हँसी धीरे-धीरे पीछे छूटती जा रही है। वास्तविक हँसी केवल चेहरे तक सीमित नहीं रहती, बल्कि पूरे शरीर को हल्का और तरोताजा कर देती है। यह दिन याद दिलाता है कि हँसी देखने या पढ़ने की चीज नहीं, बल्कि जीने की अनुभूति है। जब परिवार या मित्रों के बीच बिना कारण ठहाके गूंजते हैं, तो वही पल जीवन की सबसे सच्ची याद बन जाते हैं। न उम्र की दीवार, न पद की पहचान–हँसी हर इंसान के भीतर समान रूप से धड़कती एक सहज शक्ति है, जो बस बाहर आने का रास्ता चाहती है। लाफ्टर क्लबों में जब लोग बिना किसी कारण ठहाके लगाने लगते हैं, तो वह शुरुआत में अभ्यास लगता है, लेकिन कुछ ही समय में वही हँसी सच्ची प्रसन्नता में बदलकर मन का भार उतार देती है। धीरे-धीरे यह स्थिति आदत नहीं, स्वभाव बन जाती है, जो भीतर जमा तनाव को हल्केपन में बदल देती है। यह अनुभव साफ कर देता है कि खुशी बाहर तलाशने की चीज नहीं, बल्कि भीतर ही मौजूद वह ऊर्जा है जिसे केवल जगाने की जरूरत होती है। सामाजिक जीवन में हँसी एक अदृश्य मरहम की तरह काम करती है, जो रिश्तों की कठोरता को सहज ही नरम कर देती है। जहाँ तनाव बढ़ता है, वहाँ एक हल्की मुस्कान भी पूरे माहौल की दिशा बदल सकती है। कार्यस्थलों पर हल्कापन रहने से संवाद सहज होता है और सहयोग बढ़ता है। वर्ल्ड लाफ्टर डे केवल एक दिन नहीं, बल्कि सोच और व्यवहार को नई दिशा देने का अवसर है। जब लोग साथ हँसते हैं, तो उनके बीच की अनदेखी दीवारें कमजोर होती हैं और विश्वास मजबूत होकर समाज को सकारात्मक बनाता है। जीवन की भीड़ में अक्सर लोग गंभीरता को ही सब कुछ मान लेते हैं, लेकिन असली संतुलन हँसी में छिपा होता है। यह बिना किसी मूल्य के मिलने वाली वह शक्ति है जो मन के अंधकार को घटाकर रिश्तों में सहज गर्माहट भर देती है। जब इंसान हँसना सीख लेता है, तो उसका नजरिया बदल जाता है और जीवन को देखने का ढंग भी नया हो जाता है। वर्ल्ड लाफ्टर डे यही संदेश देता है कि गंभीरता जरूरी है, पर हल्कापन उससे भी ज्यादा आवश्यक है। हँसी वह ऊर्जा है जो इंसान को भीतर से जीवित रखती है और दुनिया को अधिक मानवीय बनाती है।

## प्रेरक प्रसंग

### खुशियों की खोज

रवि एक छोटे से शहर में रहने वाला युवक था, जिसके पास सिर्फ एक सपना था खुद को खुश देखना। उसने कभी नहीं सोचा था कि यह सपना उसको एक अद्वितीय सफर पर ले जाएगा।

एक दिन, वह अपने दोस्तों के साथ शहर की लाइब्रेरी घूमने गया। लाइब्रेरी में उसका काफी मन लगा, और वह वहीं ठहर गया। वहां उसे एक पुरानी पुस्तक मिली जिसमें अत्यंत खुशी की खोज के बारे में लिखा था।

रवि ने उस पुस्तक को खोला और पढ़ा, और फिर उसने तय किया कि वह खुशी की खोज करेगा।

उसके दोस्त विचलित रहे, लेकिन उसकी उम्मीद और संवाद के जादू ने उन्हें भी अपने साथ ले लिया।

वे तीनों एक अनोखी यात्रा पर निकल पड़े, खुशी की खोज में। उन्होंने अलग-अलग लोगों से बात की, विभिन्न स्थलों का अन्वेषण किया, और नई चुनौतियों का सामना किया। इस सफर में, उन्होंने जीवन के असली मतलब को समझा और खुशी को अपने अंदर पाया।

कुछ सालों बाद, वे तीनों वापस अपने गाँव लौटे, लेकिन तब सब बदल गया था। अब वे खुद को खुश और संतुष्ट महसूस करते थे और उनकी खुशियां उनके चारों ओर के लोगों को प्रेरित कर रही थीं।

इस प्रेरक प्रसंग से हमें यह सिखने को मिलता है कि खुशी की खोज हमारे अंदर होती है, और हमें किसी खास स्थान पर जाने की आवश्यकता नहीं होती। हमें सिर्फ अपनी आंतरिक यात्रा पर निकलना होता है, और हम अपने जीवन को सजाने के लिए अपने अंदर के संसाधनों का सही तरीके से उपयोग कर सकते हैं।

## आपका पत्र मिला

### बारगी बाँध की दुखदायी बानगी

बारगी बाँध में क्रूज के डूबने और सैलानियों की उसमें डूबकर हुई महिला/पुरुष/बच्चों की दुखदायी मौतों ने प्रशासनिक लापरवाही को तो उजागर किया ही है साथ ही प्रशासनिक लापरवाहियों को दुरुस्त करने की भी संकेत दिए हैं ताकि भविष्य में जोखिमभरे कामों के महकमों के संचालक सावधान की स्थिति में रहकर अपने कार्यों के प्रति कर्तव्यों/दायित्वों को ईमानदारी से निभाएं ताकि किसी भी तरह के हादसे जन्म न लें और वे लोगों/सैलानियों/यात्रियों की मृत्यु का कारण न बनने पाएं. ''नजर हटी दुर्घटना घटी'' के मुहावरे तो सरकार ने जगह-जगह चस्पा रखे हैं किन्तु सरकार के महकमें कितने उसके प्रति परवाहगार हैं इस पर भी सरकार ध्यान दे. सड़क दुर्घटनाएं क्यों बढ़ रही हैं. कहीं हमारी सड़कें तो बीमार नहीं हैं. बनते पुल क्यों धंस जाते हैं. कहीं जिम्मेदारों की लापरवाही तो नहीं ? पुराने पुलों की रेलिंग से वाहन क्यों गिर रहे हैं कहीं उसकी समय रहते मरम्मत में तो कमी नहीं रह रही है ? निर्माणाधीन कार्यों के लिए खोदे गए गड्ढों/खुले मेनहोल्स में वाहन चालक/खेलते बच्चे क्यों गिरकर शिकार हो रहे हैं ? वहां जवाबदार लोग लापरवाही तो नहीं बरत रहे हैं ? डेढ़ महीने बाद बारिश का मौसम आने वाला है. देखें जिम्मेदार महकमें कि कहीं नदी-नालों की रपटों की रेलिंग टूट तो नहीं रही है जो दुर्घटनाओं को आने वाले समय में इशारा कर रही हो. अतः ऐसी अनेक प्रशासनिक लापरवाहियां अगर हैं तो समय रहते उसे सुधारने हेतु विशेष और शीघ्र कदम उठायें ताकि अनहोनियों को रोका जा सके. और बारगी बाँध जैसी दुखदायी बानगी (उदाहरण/ नमूना) ( (छोटी/बड़ी) न होने/ बनने पाए और फिर चाहे राहगीर हो या सैलानी, यात्री हो या नासमझ बच्चे अथवा अन्य लोग वे सुरक्षित रह सके।

**शकुंतला महेश नेनावा**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं।
**संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
*E-mail : swatantrab-harat77@gmail.com*



# मानसून में केरल घूमने का है अपना अलग ही मजा

## जन्नत जैसी नजर आती हैं ये जगहें



केरल एक ऐसी जगह है, जहां आप बीच और हिल स्टेशन दोनों के मजे ले सकते हैं।
केरल में चारों तरफ फैली हरियाली का जादू इस कदर है कि देश ही नहीं, विदेशी पर्यटक भी यहां खिचे चले आते हैं। हरी-भरी वादियों के लिए हाउस बोट में रूकना, आयुर्वेदिक स्पा, बैकवाटर्स की सैर सिर्फ केरल में ही मुमकिन है। वैसे तो सर्दियां यहां घूमने के लिए बेस्ट हैं, लेकिन मानसून के दौरान भी यहां घूमने की प्लानिंग अच्छा एक्सपीरियंस साबित होगी। केरल की इन जगहों को आप बारिश के मौसम में कर सकते हैं एक्सप्लोर।



**अलेप्पी-**
पूर्व के वेनिस नाम से मशहूर अलेप्पी ऐसी शानदार जगह है, जहां आकर आप केरल के सबसे खूबसूरत नजारे का दीदार कर सकते हैं। अलेप्पी वैसे तो हनीमून कपल्स के बीच ज्यादा पॉपुलर है, लेकिन आप यहां फैमिली, दोस्तों के साथ भी जाने की प्लानिंग कर सकते हैं। अलेप्पी की सुबह जितनी खूबसूरत होती है, शाम उतनी ही सुहानी। यहां के वैकवाटर्स में बोट की सवारी करने का मौका बिल्कुल भी मिस न करें।

**वायनाड-**
वायनाड भी मानसून में घूमने वाली अच्छी जगह है। जो अपने झरनों के लिए खासतौर से मशहूर है और बारिश के दौरान तो इन झरनों की खूबसूरती देखने लायक होती है। रिमझिम बारिश में वायनाड की शाम बिताना वाकई यादगार रहेगा। अगर आप इस सीजन में यहां आने की प्लानिंग कर रहे हैं, तो ट्री हाउस का एक्सपीरियंस जरूर लें। यहां ट्रेकिंग के शौकीनों के लिए भी काफी ऑप्शन्स हैं।

**मुन्नार-**
मुन्नार केरल की सबसे खूबसूरत जगहों में शामिल है। इसमें चार चांद लगाने का काम करते हैं चाय के बागान।
पार्टनर के साथ आएं या दोस्तों के साथ, फुल टू एन्जॉय की गारंटी है। टी गार्डन के अलावा यहां ट्रेकिंग के भी कई ठिकाने हैं, फुर्सत मिले तो झरनों के किनारे बैठकर सुकून के दो पल बिताने से अच्छा क्या होगा।

**थेक्कड़ी-**
थेक्कड़ी की खूबसूरत को दोगुना कर देती हैं बारिश की बूंदें। चारों और फैली हरियाली तन और मन को खुश कर देती है। पेरियार नेशनल पार्क देखने के लिए यही सीजन सबसे मुफीद माना जाता है।
बोट राइड करते हुए हाथी, बाघ जैसे कई जानवर देखे जा सकते हैं। प्राकृतिक सुंदरता के अलावा थेक्कड़ी अपने मसालों के लिए जाना जाता है, तो यहां आकर मसालों की खरीददारी तो बिल्कुल भी मिस न करें।

# रिश्तों में मिठास लाती है ये आदतें



रिलेशनशिप कोई भी परफेक्ट नहीं होता। एक रिश्ते में प्यार के साथ-साथ लड़ाई झगड़े होना आम बात है और ये ही रिश्ते को मजबूत बनाते हैं। हालांकि, जब प्यार कम और लड़ाई-झगड़े ज्यादा होने लगे तो संभल जाना चाहिए। ऐसे में अपने पार्टनर से बात करना, उनकी सुनना और कमी को सुधारना जरूरी होता है। कई बार हम छोटी-छोटी चीजों को अनदेखा कर देते हैं, जिससे आगे चलकर वे रिलेशनशिप टूटने का कारण बन जाते हैं।
आज हम आपको ऐसे ही कुछ टिप्स दे रहे हैं, जिन्हें अपनाकर आप अपने रिश्ते को मजबूत और खुशहाल कर सकते हैं। तो आइए जानते हैं इनके बारे में।

**बात करें :** रिश्ते में खुश रहने के लिए अपने पार्टनर के साथ रोजाना कुछ देर बैठें और उनके सामने अपने विचार रखें और उनके विचारों को एहमियत दें। साथ ही, उनकी समस्याओं को समझें और भावनात्मक तौर पर उनको प्रोत्साहित करें। इससे आपका रिश्ता मजबूत होता है।

**क्वालिटी टाइम :** रिश्ते में खुश रहने के लिए एक-दूसरे को समय देना बहुत जरूरी है। रोजाना वॉक पर जाएं, साथ खाना खाएं और भी कई तरह की एक्टिविटीज कर सकते हैं। घर पर डेट प्लान, साथ मूवी देखने आदि से भी आप दोनों को साथ समय बिताने का मौका मिलेगा। इससे आपका रिश्ता और भी मजबूत होगा।
कोई हॉबी जैसे डांसिंग, सिंगिंग आदि साथ में करें इससे आप आगे चलकर अपने पार्टनर के साथ यादगार मेमोरी बनेंगी, जो आपके रिश्ते को और मजबूत बनाएंगे।

**आभार व्यक्त करें :** अपने पार्टनर की प्रशंसा करना, आभार व्यक्त करना दोनों के रिश्ते को मजबूत करता है और प्यार बढ़ाता है। एक थैंक्यू आपने पार्टनर के चेहरे पर एक स्माइल ला सकता है। इससे यह भी पता चलता है कि आप अपने पार्टनर के कामों की कद्र करते हैं।

**टीमवर्क :** एक हैप्पी और हेल्दी रिलेशनशिप टीमवर्क से चलती है। जिम्मेदारियों को साझा करने से किसी एक पर भार नहीं पड़ता है जिससे लड़ाई-झगड़े नहीं होते। जिम्मेदारियों को बांट कर चलने से आगे चलकर पार्टनर से सपोर्ट न मिलना, दोष मड़ना जैसी शिकायत नहीं होती।

**सपोर्ट :** रिश्ते में एक-दूसरे का समर्थन करना और उनका आदर करना बहुत महत्वपूर्ण है। अपने पार्टनर के ग्रोथ में उनका साथ देना चाहे वह करियर में हो फाइनेंशियल रिश्ते को मजबूत बनाएं रखता है।

# मई की भीषण गर्मी में भी में लगा सकते हैं ये पेड़-पौधे



मई का महीना भारत में भीषण गर्मी लेकर आता है, जब तापमान कई शहरों में 45 डिग्री के पार पहुंच जाता है। ऐसे मौसम में लोग जहां घर से बाहर निकलने से बचते हैं, वहीं पौधे लगाने के बारे में सोचते ही कई लोग पीछे हट जाते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि ऐसे समय में लोगों को लगता है कि इस समय पौधे लगाना मुश्किल है और वे जल्दी सूख जाएंगे। लेकिन सही जानकारी और सही पौधों का चयन किया जाए, तो गर्मियों में भी बागवानी आसानी से की जा सकती है। दरअसल, कुछ ऐसे पौधे होते हैं जो तेज धूप और गर्मी को सहन कर लेते हैं और कम पानी में भी अच्छी तरह बढ़ते हैं। अगर आप अपने घर, बालकनी या गार्डन को हरा-भरा बनाना चाहते हैं, तो मई की गर्मी में भी सही पौधों का चयन करके आप शानदार गार्डनिंग कर सकते हैं।

**गुड़हल** – गुड़हल का पौधा गर्मियों के लिए बेहद उपयुक्त माना जाता है क्योंकि यह तेज धूप को आसानी से सहन कर लेता है। इसे रोजाना अच्छी धूप मिलने पर यह तेजी से बढ़ता है और बड़े, आकर्षक फूल देता है। इसकी खासियत यह है कि थोड़ी देखभाल में भी यह लंबे समय तक हरा-भरा रहता है। मिट्टी में हल्की नमी बनाए रखना जरूरी है, लेकिन पानी जमा न होने दें। समय-समय पर हल्की खाद देने से फूलों की संख्या बढ़ती है और पौधा स्वस्थ रहता है।

**मनी प्लांट** –मनी प्लांट सबसे आसान और कम मेंटेनेंस वाला पौधा है। यह गर्मी में भी आसानी से जीवित रहता है और इसे आप पानी या मिट्टी दोनों में उगा सकते हैं। इसे सीधी धूप की बजाय हल्की रोशनी या छांव में रखना बेहतर होता है। यह पौधा घर की हवा को साफ करने में भी मदद करता है, इसलिए इसे इनडोर प्लांट के रूप में भी काफी पसंद किया जाता है।

**एलोवेरा** – एलोवेरा गर्मी के मौसम का सबसे मजबूत पौधा माना जाता है। यह कम पानी में भी लंबे समय तक जीवित रह सकता है। इसे ज्यादा देखभाल की जरूरत नहीं होती और तेज धूप में भी यह आसानी से बढ़ता है। इसकी पत्तियों में मौजूद जेल त्वचा और बालों के लिए बेहद फायदेमंद होता है। ध्यान रखें कि इसे जरूरत से ज्यादा पानी न दें, वरना इसकी जड़ें खराब हो सकती हैं।

**गेंदा-** गेंदा का पौधा गर्मियों में आपके गार्डन को रंगीन बना सकता है। यह पौधा तेज धूप में भी खिलता है और ज्यादा देखभाल की जरूरत नहीं होती। इसे नियमित पानी और अच्छी धूप मिलती रहे तो यह लगातार फूल देता रहता है। गेंदा न केवल सजावटी है, बल्कि यह कीड़ों को दूर रखने में भी मदद करता है।

**पोर्टुलाका-**
पोर्टुलाका, जिसे सन प्लांट भी कहा जाता है, गर्मियों के लिए एक बेहतरीन विकल्प है। यह तेज धूप में भी खूब खिलता है और बहुत कम पानी में भी जीवित रहता है। इसके छोटे-छोटे रंग-बिरंगे फूल गार्डन को बेहद आकर्षक बनाते हैं। यह पौधा खासतौर पर उन लोगों के लिए अच्छा है, जो कम समय में गार्डनिंग करना चाहते हैं और ज्यादा देखभाल नहीं कर सकते।

# कम रुपये में पाएं पार्लर जैसा ग्लो

आज के समय में ग्लोइंग और हेल्दी स्किन पाने के लिए लोग महंगे ब्यूटी प्रोडक्ट्स पर हजारों रुपये खर्च कर देते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि सिर्फ 100 रुपये में भी त्वचा में निखार लाया जा सकता है? थोड़ी समझदारी और सही चीजों का चुनाव करके आप कम बजट में भी अपनी त्वचा को प्राकृतिक ग्लो दे सकते हैं। घरेलू और आसानी से मिलने वाली चीजें जैसे बेसन, गुलाब जल, हल्दी और एलोवेरा न सिर्फ सस्ते होते हैं, बल्कि त्वचा के लिए बेहद फायदेमंद भी होते हैं। ये नेचुरल इंग्रेडिएंट्स आपकी स्किन को बिना किसी साइड इफेक्ट के साफ, मुलायम और चमकदार बना सकते हैं। **क्लीनिंग-** त्वचा को साफ करने के लिए महंगे क्लिंजिंग प्रोडक्ट, फेसवॉस पर व्यय करने की जरूरत नहीं है। आप सिर्फ बेसन से चेहरे और पूरे शरीर को साफ कर सकते हैं। बेसन एक नेचुरल क्लींजर की तरह काम करता है। घर पर क्लींजर बनाने के लिए एक चम्मच बेसन में पानी या दूध मिलाकर चेहरे पर लगाएं। फिर हल्के हाथ से मसाज करके धो लें। यह स्किन से गंदगी और ऑयल हटाता है।

## रेसिपी

# ट्राई करें टेस्टी और हेल्दी पालक कॉर्न चीज मोमोज

बच्चों की फेवरेट स्ट्रीट फूड में से एक मोमोज भी हैं। मोमोज का नाम सुनते ही हर किसी के चेहरे पर बड़ी सी मुस्कान आ जाती है। लेकिन सेहत की ओर से देखा जाए तो बाजार से मिलने वाले मोमोज हेल्दी नहीं होते। इससे आपकी सेहत को भी नुकसान हो सकता है। ऐसे में आप घर पर पालक कॉर्न चीज मोमोज बना सकती हैं जो बाहर से ज्यादा स्वादिष्ट और बेहद हेल्दी भी होंगे। तो चलिए इसी के साथ अब इसकी विधि के बारे में -

### सामग्री

- मैदा - 1 कप
- नमक - स्वादानुसार
- पानी - आवश्यकतानुसार
- ऑलिव ऑयल - 1 चम्मच
- पालक - 1 कप
- स्वीट कॉर्न - 1/2 कप
- बारीक कटा लहसुन - 3 कलियां
- काली मिर्च पाउडर - 1/2 चम्मच
- चिली फ्लेक्स - 1/2 चम्मच
- कद्दूकस किया चीज - 1/2 कप

### विधि



सबसे पहले मैदा में नमक मिलाएं और आवश्यकतानुसार पानी की मदद से गूंथ कर दो घंटे के लिए ढककर छोड़ दें। पालक को अच्छी तरह से धोकर बारीक काट लें। पैन में तेल गरम करें और उसमें लहसुन की कलियां डालें। दो से तीन मिनट तक भूनें। अब पैन में पालक और कॉर्न डालें और 5-6 मिनट तक पकाएं। नमक, काली मिर्च पाउडर और चिली फ्लेक्स डालकर मिलाएं और गैस बंद कर मिश्रण को ठंडा होने दें। मोमो स्टीमर या इडली स्टीमर में पानी गरम करने के लिए रख दें। गूंथे हुए मैदे से छोटी-छोटी लोई काटें और उन्हें बेल लें। उनमें 1-1 चम्मच तैयार भरावन डालें। उसके ऊपर थोड़ा-सा कद्दूकस किया चीज डालें और मोमो को मनचाहा आकार दें। भरे हुए मोमो को गीले सूती कपड़े से ढक दें ताकि मोमो सूखें नहीं। मोमो स्टीमर पर हल्का-सा तेल लगाएं और उसमें मोमो को रखकर 10 से 15 मिनट तक पकाएं। इसे चटनी के साथ गरमागरम सर्व करें।

# बिस्तर पर खाते हैं खाना? तो पहले जान लें ये वास्तु नियम

वास्तु शास्त्र के कई ऐसे नियम हैं, जिससे हम अनजान हैं और ये ही वजह है कि डेली लाइफ में हम ऐसी गलतियां करते हैं, जिसका सीधा असर हमारी जिंदगी पर पड़ता है। इससे घर में रह रहे लोग कंगाली की ओर भी जा सकते हैं। आजकल कई सारे लोग डाइनिंग टेबल की जगह बेड पर बैठकर खाना पसंद करते हैं। लेकिन ये आदत बहुत ही अशुभ है और घर में नेगेटिविटी का माहौल लेकर आती है। इसके पीछे ज्योतिषीय और वास्तु संबंधी कारण है।

**वास्तु टिप्स**

घर के बेडरूम को ज्योतिषीय भाषा में शैय्या भाव कहते हैं जो कुंडली के 12वें घर में होता है, जो हमारे खर्चे और नुकसान को भी रिप्रजेंट करता है । वहीं खाना कुंडली के दूसरे घर से जुड़ा है जो हमारी संपत्ती और स्वास्थ्य को भी रिप्रजेंट करता है। जब हम बेड पर बैठकर खाना खाते हैं तो अनजाने में दोनों घरों को जोड़ देते हैं, जो बहुत ही नुकसानदायक होता है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार बेड में खाया गया खाना पुष्टिवर्धक नहीं होता है और साथ ही ये हमें कंगाली की ओर ले जाता है। हिंदू धर्म में 8 प्रकार के धन बताए गए हैं और उसमें से अन्न भी एक धन है। अन्न की देवी मां अन्नपूर्णा जब कुंडली के बारहवें घर में जाती हैं तो व्यय यानी खर्चे को बढ़ता है और कर्जों में इजाफा होता है। वास्तु शास्त्र के अनुसार हमेशा डाइनिंग टेबल पर बैठकर या जमीन में बैठकर पलथी मार कर आराम से खाना खाएं। । इस बात का भी ध्यान रखें कि खाने की थाली बैठने के स्थान से ऊपर हो। ऐसा करने से आपके घर में कभी भी धन की कमी नहीं होगी।
वास्तु शास्त्र के मुताबिक आप किस ओर मुख करके भोजन कर रहे हैं यह भी बहुत जरूरी हैं। इसलिए हमेशा पूर्व या उत्तर दिशा की ओर मुख करके ही खाना खाएं।

# अच्छा समय आने से पहले घर में दिखते हैं ये संकेत



वास्तु शास्त्र और शकुन शास्त्र में कुछ ऐसे संकेत बताए गए हैं, जिनके दिखने पर व्यक्ति को समझना चाहिए उसका बुरा वक्त जल्द ही समाप्त होने वाला है। इस संकेतों का एक अर्थ यह भी माना जाता है कि आपके जीवन में कोई सकारात्मक बदलाव होने वाले हैं। इसमें कई तरह के संकेत शामिल हैं।

**मिल सकती है खुशखबरी**
अगर आपके घर के आंगन या छज्जे पर कोई पक्षी घोसला बनता है, तो वास्तु शास्त्र में इसे भी एक शुभ संकेत माना जाता है। इसका अर्थ है कि जल्द ही आपको कोई खुशखबरी मिलने वाली है। ऐसे में उस घोंसले को हटाना नहीं चाहिए।

**जब दिखाई दे चीटियों का झुंड**
वास्तु शास्त्र में माना गया है कि यदि आपको अपने घर में लाल चीटियों का झुंड दिखाई देता है, तो यह एक शुभ संकेत हो सकता है। इसका अर्थ है कि जल्द ही आपके ऊपर धन की देवी लक्ष्मी की कृपा बरसने वाली है, जिससे आपकी धन संबंधी समस्याएं दूर हो सकती हैं।

**शरीर से जुड़े संकेत**
वास्तु शास्त्र के साथ-साथ शकुन शास्त्र में भी कुछ ऐसे संकेत बताए गए हैं, जो व्यक्ति के अच्छे समय की शुरुआत की ओर इशारा करते हैं। इसके अनुसार, पुरुष के दाहिने हाथ और महिला के बाएं हाथ पर अचानक खुजली होने लगे तो इसे धन लाभ से जोड़कर देखा जाता है। वहीं आंख का फड़कना भी अच्छी खबर के आने से माना जाता है। जहां महिला की बाई आंख फड़कना शुभ होता है, वहीं पुरुषों की दाईं आंख का शुभ माना जाता है।

**यह भी हैं शुभ संकेत**
सुबह-सुबह मंत्रों का सुनाई देना या फिर शंख की ध्वनि सुनना भी एक शुभ संकेत माना जाता है। इसका अर्थ है कि जिस कार्य के लिए आप प्रयास कर रहे हैं, आपका वह कार्य बन सकता है।

# बारिश के मौसम में बनाएं अरबी के पत्तों के पकौड़े

आपने आलू, प्याज, बैंगन आदि के पकौड़ों को खूब खाएं होंगे। मगर क्या आपने कभी अरबी के पत्तों से तैयार पकौड़े खाएं है? जी हां, अरबी के पत्तों के पकौड़ों का अलग ही टेस्ट आता है। इसे दूसरों पकौड़ों की तरह सीधा तलने की जगह पहले स्टीम किया जाता है। ऐसे में अगर आपका मन कुछ अलग खाने का है तो आप आज इसे ट्राई कर सकती है। चलिए जानते हैं कुछ अलग और ट्रेडिशनल स्टाइल अरबी के पकौड़े बनाने की रेसिपी...

### सामग्री

- अरबी के पत्ते- जरूरत अनुसार
- बेसन- 2 कप
- लहसुन की कलियां- 7 से 8
- प्याज- 2 (कटे हुए)
- हरी मिर्च- 3 से 4
- हल्दी पाउडर- 1/2 छोटा चम्मच
- नमक- स्वाद अनुसार
- तेल- तलने के लिए
- पानी- जरूरत अनुसार

### विधि

सबसे पहले एक बाउल में तेल और अरबी के पत्ते छोड़कर बाकी की चीजें मिलाएं। अब इसमें पानी मिलाकर गाढ़ा घोल बनाएं। पैन में पानी गर्म करें। अब एक-एक अरबी के पत्ते पर बेसन का घोल लगाकर फैलाएं। अब एक के ऊपर एक पत्ता रखकर इसे गोल करें। 4-4 पत्तों के 2-3 सेट बना लें। अरबी के पत्तों को गोलकर रोल बनाएं। अब स्टील की छन्नी पर ये पकौड़े रखकर गर्म पानी के पैन पर रखें। प्लेट से इसे ढककर स्टीम करें।
10 से 15 मिनट तक अरबी के पत्ते स्टीम हो जाएंगे।
अब इसे प्लेट में निकालकर चाकू से गोल काटकर तेल में डीप फ्राई करें। पकौड़ों को प्लेट में निकाल कर टोमैटो कैचअप व हरी चटनी के साथ सर्व करें।



# कैसे भगवान कृष्ण ने की थी अभिमन्यु पुत्र की रक्षा?



महाभारत का युद्ध आज भी लोगों के लिए एक सीख की तरह काम करता है। ऐसा कहा जाता है कि उस दौरान हुई हर घटना का अर्थ आने वाले कल के लिए एक प्रत्यक्ष उदाहरण की तरह है। अगर जब कभी महाभारत काल की चर्चा होती है या कथा पढ़ी जाती है, तो लोगों के मन में अर्जुन पुत्र अभिमन्यु का नाम अवश्य आता है, जिन्होंने अपनी बहादुरी से कुरु वंश का सामना किया था।
पौराणिक कथाओं के अनुसार, अभिमन्यु का वध चक्रव्यूह में घुसने के कारण हुआ था, जिससे निकलना सिर्फ श्रीकृष्ण और उनके पिता अर्जुन को ही आता था। वहीं, आज हम वीर अभिमन्यु के पुत्र की रक्षा भगवान कृष्ण ने कैसे की थी इसके बारे में जानेंगे, जो इस प्रकार-
ऐसे भगवान कृष्ण ने अभिमन्यु पुत्र को किया था जीवित आपको बता दें, उत्तरा और अभिमन्यु के पुत्र राजा परीक्षित पांडवों के एकमात्र उत्तराधिकारी थे।
ग्रंथों और पौराणिक कथाओं के अनुसार, अश्वत्थामा ने ब्रह्मास्त्र चलाकर उत्तरा के गर्भ में पल रहे शिशु यानी अभिमन्यु के बेटे को मारने की कोशिश की थी।
हालांकि उसके इस प्रयास को भगवान कृष्ण ने निरर्थक साबित कर दिया था। दरअसल, मुरलीधर ने ब्रह्मास्त्र के प्रभाव को बेअसर कर दिया और अपनी पूर्ण शक्तियों का प्रयोग कर उस शिशु को जीवनदान दिया।

**राजा परीक्षित की मृत्यु के बाद हुई थी कलयुग की शुरुआत**
बता दें, पांडवों के बाद राजा परीक्षित को हस्तिनापुर का सिंहासन मिला था, जिन्होंने न्यायपूर्ण उस राज्य पर शासन किया और शांति की स्थापना की।
ऐसा कहा जाता है कि एक श्राप के कारण राजा परीक्षित की सांप डसने से मृत्यु हुई थी। वहीं, उनकी मृत्यु के बाद से ही कलयुग की शुरुआत हुई थी।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

**दैनिक पंचांग लखनऊ**
**सोमवार, 4 मई, 2026**

श्री शुभ सम्वत् 2083 शके 1948 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते बसंत ऋतौ प्रथम ज्येष्ठ मासोत्तमे कृष्ण पक्षे, तृतीया तिथौ सोम वासरे 29/23/ अनुराधा नक्षत्रे 09/58/ परिध योग 23/20/ वणिज करणे 16/13/ वृश्चिक राशिगत चन्द्रमा घं.मि.से।
**व्रत एवं त्यौहार –** भद्रा प्रारम्भ घं.16 मि.13 से।

**मेष :** परिश्रम से ही महान कार्यों की सिद्धि होगी। दूसरों को आरोपित करना उचित नहीं होगा। शुभ कार्यों का परिणाम उत्साहवर्धक होगा। दुविधाएं समाप्त होंगी।

**वृष :** श्रेष्ठजनों का सहयोग रहेगा। रुके धन की प्राप्ति होगी। मित्रों का सहयोग रहेगा। घरेलू सुख उत्तम रहेगा।

**मिथुन :** स्वास्थ्य नरम रहेगा। आकस्मिक व्यय होगा। कार्य बंधन से मन में खिन्नता रहेगी। वाद-विवाद व आरोप का भय होगा।

**कर्क :** रुके धन की प्राप्ति होगी। कारोबारी प्रगति होगी। स्वजन हित पीडा देंगे। निजी कार्यों में प्रगति होगी। प्रसन्न रहेंगे।

**सिंह :** रचनात्मक प्रवृत्ति बढ़ेगी। अधीनस्थों से उपेक्षा मिलेगी। वाणिज्यिक कार्यों पर व्यय बढ़ेगा। आस्था बढ़ेगी।

**कन्या :** संदेह और संकोच नष्ट हो जाएंगे। नवीन योजनाओं के प्रति उत्साह प्रबल होगा। मनस्ताप भी समाप्त होंगे।

**तुला :** कारोबारी विषमता दूर होगी। धन प्राप्ति का मार्ग बनेगा। सम्मान प्राप्ति होगी। चोट का भय रहेगा।

**वृश्चिक :** भविष्य की योजनाएं पूरी होंगी। अभिभावकों की मदद मिलेगी। नये संपर्कों पर व्यय होगा।

**धनु :** आय व्यय समानता रहेगी। स्वास्थ्य शिथिल रहेगा। मनोकूल कार्य की सिद्धि होगी। सश्रम सफलता मिलेगी।

**मकर :** जनसंपर्क बढ़ेगा। संचित धन व्यय होगा। पारिवारिक उलझनें बढ़ेंगी। वृद्ध परिजन को स्वास्थ्य हानि मिलेगी।

**कुंभ :** मित्रों से उपहार मिलेंगे। धार्मिक कृत्यों में आस्था होगी। पत्नी का सुख उत्तम रहेगा।

**मीन :** धार्मिक कार्यों में आस्था रहेगी। पराक्रमों में वृद्धि होगी। लाभ मार्ग प्रशस्त होगा। विशेष प्रयास सार्थक होंगे।

# सीतापुर में मुक्तागिरि के देश में पुस्तक का लोकार्पण

( स्वतंत्र भारत )

सीतापुर। लाल बाग शहीद उद्यान स्थित हिंदी सभा के नरोत्तम सभागार में प्रख्यात साहित्यकार स्व. राम स्वरूप अवस्थी रूप जी की कनिष्ठ सुपुत्री अनुपमा अवस्थी की यात्रा-वृत्तांत आधारित पुस्तक मुक्तागिरि के देश में का लोकार्पण सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में अवकाश प्राप्त उप जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जयंती दीक्षित एवं निवर्तमान खंड शिक्षा अधिकारी शशि अग्निहोत्री ने संयुक्त रूप से पुस्तक का लोकार्पण किया। पूर्व खंड शिक्षा अधिकारी शशि अग्निहोत्री ने अनुपमा द्वारा रचित पुस्तक का विमोचन करते हुए कहा कि यह कृति न केवल साहित्यिक दृष्टि से समृद्ध है, बल्कि समाज को नई दिशा देने वाली भी है। उन्होंने लेखिका के प्रयासों की सराहना करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि यह पुस्तक पाठकों के बीच विशेष स्थान बनाएगी और व्यापक रूप से सराही जाएगी। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के अतिरिक्त सचिव कार्तिकेय मिश्र ने वीडियो संदेश के माध्यम से अपनी शुभकामनाएं प्रेषित कीं। बस्ती की जिलाधिकारी कृतिका ज्योत्स्ना तथा (आईएएस) राहुल पांडेय ने भी बधाई संदेश भेजे। इस अवसर पर पीसीएस सेवा-निवृत्त निरुपमा मिश्रा एवं एस.बी.एल. मिश्र ने भी अपनी शुभकामनाएं दीं। समारोह में राजकुमार मिश्र, उदय प्रताप त्रिवेदी, देशराज पांडेय, कमलेश पांडेय, जी.एल. गांधी, झंकार नाथ शुक्ल, संदीप त्रिवेदी, लीना त्रिवेदी, अमी किरण अवस्थी, डा. मंजू अवस्थी, रामदयाल अवस्थी, नीरजा गुप्ता, मीनू पाठक, सुषमा मोहन पांडेय, रूपेश कुमार, प्रभात अग्निहोत्री, नीरज रस्तोगी, रवि कांत मिश्रा, शशि शुक्ला, नरेश मिश्र सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने उपस्थित होकर लेखिका को शुभकामनाएं प्रेषित की। कार्यक्रम का सफल संचालन हिंदी सभा के महामंत्री रजनीश मिश्र ने किया तथा अध्यक्षता हिंदी सभा के अध्यक्ष आशीष मिश्र ने की। अंत में वरिष्ठ साहित्यकार अरुण मिश्र 'अवध' ने धन्यवाद ज्ञापित किया। अन्विति एवं कुमार कौस्तुभ मिश्र ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।




# मजदूर दिवस पर वितरण कार्यक्रम सम्पन्न

( स्वतंत्र भारत )

सीतापुर। राष्ट्रीय सेवा परिषद द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस व स्व ममता मेहरोत्रा की समृति में शहर के लालबाग में जरूरतमंद मजदूरों के लिए वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सचिन त्रिपाठी संयोजन जिला उपाध्यक्ष अन्नी मेहरोत्रा व संचालन जिला महसचिव विजय कुमार शुक्ला ने किया। कार्यक्रम में अतिथी में राष्ट्रीय अध्यक्ष आकाश राय प्रदेश महासचिव आशुतोष शुक्ला लेखा परीक्षक उमा शंकर गुप्ता रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ में स्व ममता मेहरोत्रा के चित्र पर श्रदांजलि अर्पित की। वितरण कार्यक्रम के दौरान करीब २१ मजदूरों को स्टील की बाल्टी व लोटा बाटे गए। उपस्थित जनो को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष आकाश राय ने कहा संस्था द्वारा हर साल श्रमिक दिवस के अवसर पर मजदूरों के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। जिला महासचिव विजय कुमार शुक्ला ने कहा मानसिक एवं शारीरिक रूप से श्रम किया जाता है, जो भी व्यक्ति किसी भी तरह का श्रमदान करता है, वह श्रमिक कहलाता हैं। जिला अध्यक्ष सचिन त्रिपाठी व कार्यक्रम संयोजक अन्नी मेहरोत्रा ने सभी अतिथियों का आभार जताया। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष आकाश राय, महासचिव आशुतोष शुक्ला, लेखा परीक्षक उमा शंकर गुप्ता, जिला डिक्स सचिन त्रिपाठी, जिला महासचिव विजय कुमार शुक्ला, उपाध्यक्ष अन्नी मेहरोत्रा, डा. शांति स्वरुप रस्तोगी, जिला मंत्री विनोद त्रिपाठी, जिला उप सचिव डा. विकाश जैन ,जिला सलाहकार डा. राजीव मिश्रा, जिला प्रवक्ता लक्ष्मीकांत बाजपेयी, जिला कोषाध्यक्ष अम्ब्रीश दीक्षित, अध्यक्ष विधि परामर्श केंद्र, रेखा द्विवेदी, सदस्य अंकित श्रीवास्तव, नीतू गुप्ता, संजीव द्विवेदी आदि रहे।




# ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में पलटा

( स्वतंत्र भारत )

सीतापुर। बहराइच से मौरंग उतरकर कानपुर जा रहा ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में पलट गया। ड्राइवर बाल बाल बच गया। मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार्यवाही शुरू कर दी। शनिवार की देर शाम एक ट्रक रेउसा-महमूदाबाद मार्ग पर नूरपुर पुल पार करने के बाद मोड़ पर सड़क किनारे खाई में पलट गया। चालक कानपुर के बिशनू निवासी धर्मेंद्र कुमार (४०) ने बताया कि कार को बचाने के चक्कर में हादसा हुआ। डम्फर बहराइच से मौरंग उतारकर वापस कानपुर की ओर जा रहा था। कोई जनहानि नहीं हुई।



# बिसवां परिसर में नवनिर्मित सीसीटीवी कंट्रोल रूम का थाने के नए रिक्रूटों से फीता कटवाकर किया गया उद्घाटन

( स्वतंत्र भारत )

सीतापुर। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल द्वारा थाना बिसवां परिसर में नवनिर्मित सीसीटीवी कंट्रोल रूम का थाने पर उपस्थित नए रिक्रूटों से फीता कटवाकर उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर बताया गया कि यह नवीन कंट्रोल रूम अत्याधुनिक तकनीक से सुसज्जित है, जिसका उद्देश्य थाना क्षेत्र में अपराध की रोकथाम तथा त्वरित पुलिस कार्रवाई को और अधिक प्रभावी बनाना है। जिसके माध्यम से थाना क्षेत्र के विभिन्न प्रमुख चौराहों/बाजार क्षेत्रों/संवेदनशील स्थानों एवं भीड़-भाड़ वाले इलाकों की हाई-रिज़ाल्यूशन कैमरों से निगरानी की जाएगी। उद्घाटन उपरान्त थाना परिसर में हिस्ट्रीशीटर अपराधियों का भौतिक सत्यापन कर अपराध न करने की हिदायत दी गयी व भविष्य में अपराधों में संलिप्त पाये जाने पर गैंगेस्टर/जब्तीकरण जैसे कार्यवाही की जीयेगी तथा हिस्ट्रीशाटरों को अपराध न करने की शपथ दिलायी गयी। इसी दौरान थाने पर उपस्थित नए रिक्रूटों से संवाद किया तथा उन्हें अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं जिम्मेदारी के साथ करने हेतु प्रेरित किया।आरक्षियों को बीट/कार्यालयों के कार्यों को भलि-भांति समझने तथा प्रयोग में लाए जा रहे विभिन्न पोर्टलों एवं यक्ष एप के माध्यम से बीट सूचना अपराधियों की निगरानी के संबंध में सोशल मीडिया पालिसी का अनुपालन करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी दुर्गेश कुमार सिंह,अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी आलोक सिंह व क्षेत्राधिकारी बिसवां अमन सिंह तथा प्रभारी निरीक्षक बिसवां व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहें।




# ज्येष्ठ मास के प्रथम मंगलवार पर हनुमान मन्दिर पर होगा जवाबी कीर्तन

( स्वतंत्र भारत )

बिसवां-सीतापुर। श्री हनुमत सेवक समिति द्वारा ज्येष्ठ मास के प्रथम मंगलवार ०५ मई दिन मंगलवार को रात्रि ७ बजे से शानदार जवाबी कीर्तन का आयोजन बड़ा हनुमान मंदिर, महमूदाबाद रोड बिसवां के विशाल परिसर में किया जा रहा है। इसमें प्रयागराज के प्रसिद्ध कीर्तन कार रणजीत राज एवं मध्यप्रदेश की प्रसिद्ध कीर्तनकार नीलम विश्वकर्मा के बीच जोरदार जवाबी कीर्तन का रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेगा। यह जानकारी समिति के अध्यक्ष संयोजक पवन कुमार मिश्र बबलू ने दी। उन्होंने बताया कि श्री हनुमत सेवक समिति के बैनर के तले निरंतर २९ वां जोरदार जवाबी कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। इसमें देश के नामचीन कीर्तन कलाकारों ने अपनी कला का जौहर दिखाया है। यही नहीं कानपुर, लखनऊ, इटौंजा, बहराइच, बाराबंकी, लखीमपुर के कीर्तन प्रेमी यहां बिसवां की धरती पर आकर कीर्तन का श्रवण करते हैं। संयोजक पवन कुमार मिश्र बबलू ने सभी कीर्तन प्रेमियों से बड़ी संख्या में बड़ा हनुमानजी मंदिर महमूदाबाद रोड बिसवां के विशाल परिसर में पहुंच कर कीर्तन का श्रवण करने की अपील की है।

# बच्चे का शव मैदान में भरे बारिश के पानी में पाया गया, मचा हड़कम्प

( स्वतंत्र भारत )

सिधौली-सीतापुर। कस्बे के मोहल्ला संतनगर पश्चिमी में एक ११ वर्षीय बच्चे का शव मैदान में भरे बारिश के पानी में पाया गया।मोहल्ले में गांधी डिग्री कालेज के पिछले मार्ग के किनारे झोपड़ी डाल कर रह रहे घुमंतू जाति के अनिल का पुत्र रोहित ११ वर्ष तीन दिनों से लापता था।पिता व परिजन उसे खोज रहे थे और पुलिस भी खोज रही थी।शनिवार शाम को किसी ने सड़क किनारे भरे बारिश के पानी में उसका सर दिखाई पड़ने पर पिता को सूचित किया।पिता अनिल ने बताया कि चार बच्चों में विपिन तीसरे नम्बर पर था।पिता ने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया।अपराध निरीक्षक सन्तोष उपाध्याय ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कार्रवाई की।कोतवाली प्रभारी विजयेन्द्र सिंह ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है प्रथम दृष्टया बच्चे की डूबने से मौत हुई है,अन्य कोई तथ्य पोस्टमार्टम रिपोर्ट में आएगा तो उसकी भी जांच की जाएगी।

# संविदा कर्मचारी कंपनी द्वारा 26 लाइन मैन का किया गया तबादला

( स्वतंत्र भारत )

महमूदाबाद-सीतापुर। अधिशासी अभियंता के निर्देश पर संविदा कर्मचारी कंपनी द्वारा २६ लाइन मैन का तबादला कर दिया गया। उप्र पावर कार्पोरेशन संविदा कर्मचारी संघ लखनऊ ने तबादले को न्यायालय की अवमानना बताते हुए सीतापुर मुख्य अभियंता को ज्ञापन देकर तबादला रोके जाने की मांग की है। अधिशाषी अभियंता महमूदाबाद एसके वर्मा के निर्देश पर मैन पावर कंपनी वर्ल्ड क्लास सर्विसेज लिमिटेड द्वारा २६ लाइन मैन ट्रांसफर किए गए। उक्त ट्रांसफर के विरोध में उप्र पावर कार्पोरेशन संविदा कर्मचारी संघ लखनऊ के प्रदेश महामंत्री देवेंद्र कुमार पांडेय ने मुख्य अभियंता सीतापुर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि जिस आदेश का हवाला देकर संविदा लाइनमैन का स्थानांतरण किया गया संगठन द्वारा उसके खिलाफ उच्च न्यायालय में चुनौती दी गई है और ४ सितंबर २०१८ को उच्च न्यायालय ने उस आदेश पर रोक लगा रखी है जो आज भी प्रभावी है। इसके बावजूद संविदा लाइन मैन का स्थानांतरण किया जाना न्यायालय के आदेश की अवमानना है। संगठन ने तत्काल स्थानांतरण रोके जाने की मांग की है।

# विवाहिता ने जीजा सहित उनके रिश्तेदारों पर लगाया अभद्रता का आरोप

( स्वतंत्र भारत )

महमूदाबाद-सीतापुर। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव निवासी विवाहिता ने अपने जीजा और उनके तीन रिश्तेदारों पर अभद्रता करने, मारपीट करने का आरोप लगाया है। पुलिस को दिए गये शिकायती पत्र पर कार्रवाई न होने से विवाहिता ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने नामजद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। एक गांव निवासी विवाहिता ने न्यायालय में वाद दायर करते हुए बताया कि उसके द्वारा लव मैरिज की गई थी। पति बाहर मजदूरी करते हैं। विपक्षी जीजा भानु प्रताप, चांदनी, पूजा और दिनेश कुमार शादी के बाद से रंजिश रखते थे। बीती २७ मार्च को विपक्षियों ने अकेला पाकर उसके साथ अभद्रता की। विरोध करने पर कपडे फाड़ दिए।

# आईपीएल के दौरान चल रहे सट्टे पर रोक लगाए जाने के लिए समाधान दिवस में सौंपा प्रार्थना पत्र

( स्वतंत्र भारत )

सीतापुर। आईपीएल के दौरान चल रहे सट्टे पर रोक लगाए जाने के लिए समाधान दिवस में प्रार्थनापत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। महमूदाबाद के अभिषेक वर्मा ने शनिवार को समाधान दिवस में एसडीएम का दिए गए प्रार्थनापत्र में बताया है कि वर्तमान में चल रहे आईपीएल के दौरान सट्टेबाजी जोरों पर चल रही है। सट्टेबाजी में युवा गलत रास्ते पर जाने के साथ कर्ज में फंस रहे हैं जिससे उनका आर्थिक नुकसान हो रहा है। युवा अवसाद में अपराध की ओर बढ़ रहे हैं और उनमें तनाव पनप रहा है। शिकायतकर्ता ने सट्टबाजी पर तत्काल रोक लगाए जाने की मांग की है।

# शातिर चोर गिरफ्तार, चोरी की मोटरसाइकिल बरामद

( स्वतंत्र भारत )

सीतापुर। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल द्वारा जनपद में चोरी/नकबजनी की घटनाओं को गम्भीरता से लेते हुए सर्वसंबंधित को घटनाओं को रोकने व अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है। उक्त दिये गये निर्देश के क्रम में क्षेत्राधिकारी बिसवां श्री अमन सिंह के निकट पर्यवेक्षण में थाना बिसवां पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान अभियुक्त विजय कुमार वर्मा पुत्र प्रमोद कुमार वर्मा निवासी ग्राम शहबाजपुर थाना सदरपुर सीतापुर को बिसवां-सिधौंली रोड के निर्माणाधीन पुल के नीचे से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जिससे थाना महमूदाबाद पर पंजीकृत अभियोग मु०अ०सं० १३७/२६ धारा ३०३(२) बनाम अज्ञात से सम्बन्धित चोरी की ०१ अदद मोटरसाइकिल हिरो स्पेलेन्डर बरामद हुआ है। बरामदगी के संबंध में थाना बिसवां पर मु०अ०सं० १०६/२६ धारा ३१७(२) पंजीकृत कर गिरफ्तार अभियुक्त विजय कुमार उपरोक्त का चालान न्यायालय किया जा रहा है। जनपद में अपराधियों के विरूद्ध निरन्तर कार्यवाही इसी प्रकार प्रचलित रहेगी।



# नाला व पुलिया अवरुद्ध होने के चलते हल्की बारिश के बाद सड़कों पर हुआ जलभराव

( स्वतंत्र भारत )

सीतापुर। नाला व पुलिया अवरुद्ध होने के चलते हल्की बारिश के बाद रविवार की सुबह रामपुर मथुरा मार्ग पर सड़क किनारे कई दुकानों में पानी भर गया। दुकानदारों ने काफी मशक्कत के बाद दुकानों से पानी निकाला। दुकानों का काफी सामान भीग गया। रामकुंड चौराहे पर रामपुर मथुरा मार्ग पर सड़क के पश्चिमी हिस्से में सड़क की ऊंचाई दुकानों से ज्यादा है। रविवार को सुबह हुई बारिश के चलते पंकज जैन व माखन की पेंट की दुकानों समेत करीब १२ दुकानों में पानी भर गया। यहां बैंक आफ इंडिया के सामने बने नाले का क्रासर जाम हो गया है, जिससे जल निकासी नहीं हो पा रही है। दुकानदारों ने नाला व क्रासर को साफ करवाकर जल निकासी बहाल कराए जाने की मांग की है। ईओ पवन किशोर ने बताया कि जल्द नाला सफाई कराई जाएगी। टूटे व अवरुद्ध क्रासर दुरुस्त कराए जाएंगे।



# शिक्षिका ने युवक पर लगाया अश्लील हरकतें करने का आरोप

( स्वतंत्र भारत )

महमूदाबाद-सीतापुर। नगर के एक स्कूल की शिक्षिका ने एक युवक पर पीछा करने, चोरी-छिपे मोबाइल से वीडियो बनाने, अश्लील हरकत करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में केस दर्ज कराया है। केस दर्जकर आरोपी को गिरफ्तार करते हुए पुलिस मामले की जांच कर रही है। महमूदाबाद कस्बे के एक शिक्षिका ने कोतवाली पुलिस को दिए गए प्रार्थनापत्र में बताया है कि वह सुबह सात बजे प्रतिदिन स्कूल जाती है। आरोप है स्कूल जाते समय बजाजा चौराहे से चिकमंडी चौराहे के बीच पिछले तीन दिनों से मतीन इदरीशी पुत्र नईम उसका पीछा करने के साथ अश्लील हरकत करते हुए मोबाइल से वीडियो बनाता है। शनिवार को भी युवक ने युवती का पीछा किया और छेड़छाड़ की। डरी सहमी शिक्षिका रास्ते से ही घर वापस आ गई। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। कोतवाल भानु प्रताप सिंह ने बताया कि शिक्षिका की तहरीर पर केस दर्जकर आरोपी को गिरफ्तार करते हुए मामले की जांच की जा रही है।

# गैस न मिलने से नाराज उपभोक्ताओं ने सदरपुर-बिसवां मार्ग पर सिलेंडर रखकर किया प्रदर्शन

( स्वतंत्र भारत )

सीतापुर। गैस न मिलने से नाराज उपभोक्ताओं ने सदरपुर-बिसवां मार्ग पर सिलेंडर रखकर जाम लगा दिया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने एक घंटे में ही जाम खुलवाते हुए उपभोक्ताओं को नियमत: गैस दिलाए जाने का आश्वसन दिया। सदरपुर में बिसवां मार्ग के निकट जाफरपुर गांव के सामने भारत गैस एजेंसी है। रविवार की सुबह १० बजे मधवापुर के जितेंद्र कुमार समेत १५ उपभोक्ता बिसवां-सदरपुर मार्ग पर सिलेंडर रखकर जाम लगाते हुए प्रदर्शन करने लगे। उपभोक्ताओं का कहना था कि वह गैस बुक करने के बाद कई दिनों से गैस एजेंसी के चक्कर काट रहे हैं किंतु गैस नहीं मिल रही है। सूचना मिलते ही मौके पर थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि मौके पर पहुंच जाम खुलवा दिया गया है।



# फार्मर रजिस्ट्री में लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं : डीएम

## समयबद्ध लक्ष्य पूरा करने के निर्देश

-स्वतंत्र भारत-



**बरेली।** कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम अविनाश सिंह की अध्यक्षता में फार्मर रजिस्ट्री की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में डीएम ने उपनिदेशक कृषि और सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे नियमित रूप से कार्यों की समीक्षा करें और क्षेत्रीय निरीक्षण के जरिए प्रगति की वास्तविक स्थिति पर नजर रखें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी स्तर पर शिथिलता पाए जाने पर संबंधित कर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। डीएम ने विशेष रूप से अंश निर्धारण के लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि सभी पात्र किसानों का फार्मर रजिस्ट्री में शत-प्रतिशत पंजीकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि योजनाओं का लाभ समय पर किसानों तक पहुंच सके। उन्होंने चेतावनी दी कि कार्य में लापरवाही या उदासीनता किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं की जाएगी।बैठक में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट इशिता किशोर, एसडीएम फरीदपुर रामजनम यादव, प्रभारी एसडीएम नवाबगंज निधि शुक्ला सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## शादी के ढाई महीने में ही कर दी दहेज लोभियों ने बहू की हत्या

**बरेली।** थाना सुभाषनगर क्षेत्र के नेकपुर में रहने वाली शालिनी (24) की शादी करीब ढाई महीने पहले 19 फरवरी को अक्षय के साथ हुई थी। मृतका के मायके पक्ष का आरोप है कि शादी के एक सप्ताह बाद से ही ससुराल पक्ष द्वारा दहेज में 15 लाख रुपये नकद या महंगी गाड़ी जैसे थार या स्कॉर्पियो की मांग की जाने लगी थी। मांग पूरी न होने पर शालिनी को लगातार प्रताड़ित किया जाता था। थाना कोतवाली क्षेत्र के सिटी सब्जी मंडी निवासी मृतका के भाई शालू के अनुसार, शालिनी को ससुराल में शारीरिक और मानसिक रूप से परेशान किया जाता था। यहां तक कि घर में हर जगह कैमरे लगाए गए थे, जिनमें बेडरूम और बाथरूम तक शामिल बताए जा रहे हैं। परिवार का आरोप है कि बीती रात पति अक्षय, देवर अमन, सास गीता, जेठ आकाश और जेठानी ने मिलकर शालिनी की गला दबाकर हत्या कर दी। घटना की सूचना मिलने पर मायके पक्ष मौके पर पहुंचा, जहां शालिनी का शव घर में जमीन पर पड़ा मिला।

# रालोद के क्षेत्रीय अध्यक्ष ने विजय बहादुर सक्सेना को बनाया कार्यवाहक जिला अध्यक्ष, संगठन मजबूती पर जोर

-स्वतंत्र भारत-



**बरेली।** राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के रोहिलखंड क्षेत्रीय अध्यक्ष चौधरी रामवीर सिंह का बरेली आगमन पर कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने सर्किट हाउस में पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर संगठन को मजबूत बनाने और किसान मसीहा चौधरी चरण सिंह की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने पर विस्तृत चर्चा की।

बैठक के उपरांत प्रेस वार्ता में क्षेत्रीय अध्यक्ष रामवीर सिंह ने कहा कि जनपद बरेली में पिछले कुछ समय से जिला अध्यक्ष पद को लेकर एडवोकेट मोहम्मद मतलूब और पूर्व जिला अध्यक्ष वाजिद हुसैन के बीच आपसी मतभेद के चलते संगठन में शिथिलता आ गई थी। इसी को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देश पर पिछले सप्ताह विजय बहादुर सक्सेना को कार्यवाहक जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। उन्होंने स्पष्ट किया कि अब किसी भी प्रकार का भ्रम न रहे, वर्तमान में बरेली में जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी कार्यवाहक जिला अध्यक्ष विजय बहादुर सक्सेना के पास ही है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे एकजुट होकर संगठन को मजबूत करें और केंद्रीय मंत्री चौधरी जयंत सिंह के हाथों को मजबूत बनाएं।

इस दौरान पूर्व जिला अध्यक्ष एडवोकेट मोहम्मद मतलूब ने कहा कि वे और उनका परिवार हमेशा पार्टी के प्रति समर्पित रहे हैं और वर्तमान कार्यवाहक जिला अध्यक्ष विजय बहादुर सक्सेना को पूरा सहयोग देंगे। वहीं कार्यवाहक जिला अध्यक्ष विजय बहादुर सक्सेना ने कहा कि वे तन, मन और धन से पार्टी को आगे बढ़ाने का कार्य करेंगे तथा सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का सम्मान बनाए रखते हुए संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का प्रयास करेंगे।

कार्यक्रम में प्रदेश सचिव सर्वेश पाठक, सैनिक प्रकोष्ठ के कुलदीप पवार सहित कई पदाधिकारियों ने क्षेत्रीय अध्यक्ष का स्वागत किया। इस मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष एडवोकेट मोहम्मद मतलूब, किसान प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष राजवीर उपाध्याय, महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष गीता सिन्हा, सैनिक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष राजवीर चौधरी, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष शाहवान खान, कमलजीत सिंह, सचिन चौधरी, योगेंद्र, शहादत हुसैन, डॉ. अय्यूब, ओमपाल कश्यप, चंदा बाबू, अबरार, रोहित चौधरी, वीरेंद्र गंगवार, सभासद अख्तर, मुस्तफा, तौफीक समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गैस चोरी करने वाले तीन गिरफ्तार

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** थाना इज्जतनगर पुलिस ने गैस चोरी के मामले का खुलासा करते हुए तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त गैस पाइप भी बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार 28 अप्रैल को सेंट्रल यूपी गैस लिमिटेड के सीनियर मैनेजर जितेन्द्र गौतम ने तहरीर देकर बताया था कि पीपलढ़ोड़ा क्षेत्र में पाइप नेचुरल गैस लाइन को क्षतिग्रस्त कर मीटर-रेगुलेटर को बायपास कर अवैध रूप से गैस चोरी की जा रही है, जिससे जन-जीवन और संपत्ति को गंभीर खतरा उत्पन्न हो रहा है। इस मामले में थाना इज्जतनगर में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया।

अभियान के तहत पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर तीन अभियुक्तों सफरुद्दीन, मुस्तफा खां उर्फ मुस्ताक खां और अनुज सक्सेना को गिरफ्तार किया। उनकी निशानदेही पर गैस चोरी में प्रयुक्त पाइप भी बरामद किया गया। पूछताछ में सामने आया कि अभियुक्तों के गैस कनेक्शन बिल बकाया होने के कारण बंद हो चुके थे।

इसके बाद अनुज सक्सेना ने अपने साथी के साथ मिलकर अवैध रूप से पाइप के जरिए गैस लाइन जोड़ दी और बदले में प्रति माह ?500 वसूले जाते थे। साथ ही चेकिंग की सूचना पहले से देने का भी आश्वासन दिया जाता था।

पुलिस के अनुसार अभियुक्तों ने पिछले कुछ महीनों से इस अवैध तरीके से गैस का उपयोग किया। मुख्य अभियुक्त सफरुद्दीन के पुत्र ने भी गैस लाइन जोड़ने का तरीका सीख लिया था और समय-समय पर कनेक्शन चालू कर देता था।

पुलिस ने तीनों अभियुक्तों के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

# मंडल अध्यक्ष बनने पर रामऔतार गंगवार का स्वागत, कुर्मी क्षत्रिय सभा ने जताई खुशी

-स्वतंत्र भारत-



**बरेली।** कुर्मी क्षत्रिय सभा की कार्यकारिणी की मासिक बैठक में सिंचाई विभाग के इलेक्ट्रिकल एंड मैकेनिकल डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ के मुरादाबाद मंडल अध्यक्ष पद पर रामऔतार गंगवार के चुने जाने पर क्षेत्र में हर्ष का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर कुर्मी क्षत्रिय सभा के पदाधिकारियों और सदस्यों ने उन्हें बधाई देते हुए फूलमालाओं से भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे और सभी ने उनके नेतृत्व पर भरोसा जताया।

फूलमालाओं से हुआ जोरदार स्वागत, संगठन को मजबूत करने की उम्मीद

स्वागत समारोह के दौरान कुर्मी क्षत्रिय सभा के पदाधिकारियों ने रामऔतार गंगवार को माल्यार्पण कर सम्मानित किया। वक्ताओं ने कहा कि उनके मंडल अध्यक्ष बनने से संगठन को नई दिशा और मजबूती मिलेगी। साथ ही कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान भी प्राथमिकता के आधार पर होगा। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने जोरदार तालियों के साथ उनका अभिनंदन किया।

जिला अध्यक्ष केपी सेन गंगवार बोले–समाज का बढ़ा मान-सम्मान

कुर्मी क्षत्रिय सभा के जिला अध्यक्ष केपी सेन गंगवार ने कहा कि रामऔतार गंगवार का इस महत्वपूर्ण पद पर चुना जाना पूरे समाज के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि उनके अनुभव, मेहनत और संगठन के प्रति समर्पण का परिणाम है। उनके नेतृत्व में न केवल संघ मजबूत होगा, बल्कि समाज का मान-सम्मान भी बढ़ेगा।

उपाध्यक्ष रघुवीर गंगवार ने जताई उम्मीद–कर्मचारियों की आवाज बुलंद होगी

सभा के उपाध्यक्ष रघुवीर गंगवार ने कहा कि रामऔतार गंगवार के नेतृत्व में कर्मचारियों की आवाज को नई मजबूती मिलेगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि वे कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए प्रभावी कदम उठाएंगे और उनकी समस्याओं का समाधान कराने में अहम भूमिका निभाएंगे।

रामऔतार गंगवार बोले–ईमानदारी से निभाऊंगा जिम्मेदारी

इस मौके पर रामऔतार गंगवार ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन द्वारा दी गई जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ निभाएंगे। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान और संगठन को मजबूत बनाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। साथ ही उन्होंने सभी से सहयोग की अपील भी की।

कार्यक्रम में उपाध्यक्ष प्रेम शंकर गंगवार, छत्रपाल सिंह गंगवार, महामंत्री आरसी लाल, मूलचंद गंगवार, ऑडिटर मनोज बाबू गंगवार, मीडिया प्रभारी देश दीपक गंगवार व सदस्यों में अरविंद पटेल, डॉ. उग्रसेन गंगवार, युधिष्ठिर प्रसाद गंगवार, वीरेश कुमार गंगवार, तेजपाल, भानु प्रताप, मनोहर लाल, प्रमोद कुमार, भद्रा पाल मौजूद रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## श्रीराम परिवार की प्राण प्रतिष्ठा उपरांत भण्डारा आयोजित



**सेंथल।** नवाबगंज क्षेत्र के सुप्रसिद्ध प्रकाण्ड विद्वान एवं विप्र शिरोमणि पंडित जगदीश मिश्रा जी के पैतृक गांव पंडरी में उनके परिजनों द्वारा नवनिर्मित मंदिर में प्रभु श्रीराम परिवार की भगवान शिव की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम पूर्ण विधि विधान से सम्पन्न होने के उपरांत विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम से पूर्व श्रीरामचरितमानस का अखंड पाठ प?ा गया।

कार्यक्रम में क्षेत्र के श्रद्धालुओं एवं भक्तजनों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर धार्मिक वातावरण एवं भक्तिमय माहौल बना रहा।

भण्डारे में मुख्य रूप से विश्व हिन्दू परिषद के जिला मन्त्री अविनाश मिश्रा,पत्रकार अमित मिश्रा,मोहित मिश्रा,पत्रकार रमेश चन्द्र शर्मा,भाजपा कल्यानपुर मण्डल के मण्डल महामंत्री उमा कान्त जोशी, भाजपा सेंथल नगर अध्यक्ष आशीष देवल,विचित्र शंखधार धर्मेन्द्र प्रधान सहित अन्य श्रद्धालु एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## आर्य कॉलेज के एचओडी की उनके फौजी साले ने कार्यालय में की पिटाई, दर्ज कराई रिपोर्ट

**नवाबगंज।** क्षेत्र के बरेली पीलीभीत हाईवे पर राजघाट के निकट आर्य कॉलेज ऑफ फार्मेसी में शनिवार को उस समय हंगामा खड़ा हो गया, जब एक फौजी कार्यालय में आकर अपने सगे बहनोई फार्मेसी के हेड ऑफ डिपार्टमेंट के साथ अभद्रता करने के साथ ही उनसे मारपीट करने लगा। कॉलेज के फॉर्मेसी डिपार्टमेंट के एचओडी विकास कुमार ने इस मामले में अपने साले फौजी पंकज के खिलाफ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

कॉलेज के कर्मी विकास कुमार द्वारा कोतवाली में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में अपने सगे साले थाना भुता के ग्राम उमेदपुर के रहने वाले पंकज फौजी पर शनिवार को करीब सवा 12 बजे काले रंग की स्कार्पियो से आकर उनके कार्यालय में उनसे अभद्रता करने के साथ ही गाड़ी से डंडा निकालकर मारपीट करने का आरोप लगाया है। इतना ही नहीं फौजी साले ने अपने बहनोई का जाने से मारने के साथ ही दहेज, घरेलू हिंसा के मामले में झूठे केस में फंसाए जाने का भी आरोप लगाया है। कॉलेज के फॉर्मेसी डिपार्टमेंट के एचओडी विकास कुमार ने अपने फौजी साले पंकज से जान मॉल का खतरा बताते हुए कोतवाली में उसके खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## मां के साथ हाथापाई कर फिर पुत्री को ले गया प्रेमी, रिपोर्ट दर्ज

**नवाबगंज।** एक दबंग प्रेमी अपनी प्रेमिका की मां के साथ हाथापाई कर उसे दुबारा बहला फुसलाकर भगा ले गया। घटना की चार दिन वाद रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

क्षेत्र के एक गांव में मकान की दीवार कूदकर एक दबंग युवक घर में उस समय घुस आया जव गृह स्वामी घर पर नहीं था वह एक रिश्तेदारी में गया था। घर पर उसकी पुत्री और उसकी मां सो रहे थे, कि ग्राम सिजौलिया का दीपक मकान की दीवार कूदकर घर में घुस आया और मां के साथ हाथापाई कर पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गया।

घटना की चार दिन वाद नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। आरोप है एक बार पहले भी आरोपी दीपक उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गया था जिसकी रिपोर्ट थाना नवाबगंज में दर्ज कराई गई है।

## कॉल रिकॉर्डिंग का 'खामोश खेल', दफ्तर में भरोसे पर ब्रेक

**बरेली।** एक सरकारी विभाग में इन दिनों 'रिकॉर्डिंग मोड' ने कामकाज से ज्यादा चर्चाओं को गति दे दी है।चर्चा है कि एक अधिकारी अपने मोबाइल पर आने वाली लगभग हर कॉल–चाहे व्हाट्सऐप हो या सामान्य–रिकॉर्ड कर रहे हैं। नतीजा यह है कि कर्मचारी अब बातचीत से पहले 'सोचो, फिर बोलो' की नई नीति पर चलने लगे हैं।

विभागीय सूत्रों के अनुसार, बिना स्पष्ट सूचना या सहमति के कॉल रिकॉर्ड होने की आशंका ने माहौल को असहज बना दिया है। पहले जहां दफ्तर में खुलकर बातचीत होती थी, अब वहां शब्दों पर ब्रेक लग गया है। कई कर्मचारी फोन पर जरूरी बात करने से भी कतराने लगे हैं और आमने-सामने संवाद को ही सुरक्षित विकल्प मान रहे हैं।

इस 'खामोश खेल' का असर कामकाज पर भी साफ नजर आ रहा है। कर्मचारियों का कहना है कि पारदर्शिता और भरोसे के बिना कोई भी व्यवस्था ज्यादा दिन तक सहज नहीं रह सकती।

## कार व बाइक में टक्कर बाइक चालक घायल

**भुता।** बरेली बीसलपुर मार्ग पर कैलाशपुर के पास कार ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को एंबुलेंस द्वारा बरेली अस्पताल भेजा है। जहां उसकी हालत गंभीर है। बरेली बीसलपुर मार्ग पर कैलाश नदी पुल से पहले मोड पर, कार ने बाइक सवार के पीछे से टक्कर मार दी। बाइक चालक बीसलपुर निवासी एहसान आलम 45 वर्षीय घायल हो गया। सूचना पर भुता पुलिस के एसआई देवेंद्र कुमार घटनास्थल पर पहुंचकर घायल को तत्काल एंबुलेंस बुलाकर उपचार हेतु अस्पताल भेजा है। जहां उसकी हालत गंभीर बतायी जाती है। पुलिस ने कार को अपनी कब्जे में ले लिया है। चालक फरार हो गया है। पुलिस कार चालक की तलाश कर रही है।

# मजदूर दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन, 29 यूनिट रक्त संग्रह

-स्वतंत्र भारत-



**बरेली।** मजदूर दिवस के अवसर पर गंगाचरण हॉस्पिटल ऑडिटोरियम, निकट गांधी उद्यान में नाथ नगरी रक्तदान सेवा ट्रस्ट (रजि.) व श्वेत प्रेम रस के संयुक्त तत्वावधान में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 45 रक्तदाताओं ने पंजीकरण कराया, जिनमें से 29 लोगों ने रक्तदान किया। कार्यक्रम का उद्घाटन संस्था के संरक्षक सर्वेश वर्मा ने फीता काटकर किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ी समाजसेवा है और एक व्यक्ति का रक्तदान तीन लोगों की जान बचा सकता है। उन्होंने युवाओं से आगे आकर नियमित रक्तदान करने और समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करने का आह्वान किया। संस्था के संस्थापक एवं सचिव रामाशीष आशीष यादव ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई पुण्य कार्य नहीं है और लोगों को हर अवसर पर स्वैच्छिक रक्तदान करना चाहिए। वहीं, निदेशक बृजेश तिवारी ने बताया कि संस्था हर माह रक्तदान शिविर आयोजित करने का संकल्प लेकर चल रही है, ताकि जिले में रक्त की कमी से किसी की जान न जाए। संस्था के अध्यक्ष अनूप किशोर शर्मा ने बताया कि शिविर का उद्देश्य लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक करना है, जिससे थैलेसीमिया, कैंसर, हीमोफीलिया व सिकल सेल एनीमिया जैसे गंभीर रोगों से पीड़ित मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध हो सके। रक्तदाताओं में पार्थ शर्मा, अमित गौड़, मोंटू यादव और चित्रा पाठक ने बताया कि स्वस्थ व्यक्ति को वर्ष में तीन से चार बार रक्तदान करना चाहिए। इससे शरीर में कोई कमजोरी नहीं आती, बल्कि स्वास्थ्य की नियमित जांच भी होती रहती है। शिविर के सफल आयोजन में श्वेत प्रेम रस आध्यात्मिक संस्था के संस्थापक संरक्षक प्रेम रसिक संत श्वेताभ महाराज, मयंक सारस्वत, दीप्ति पाण्डे सहित पूरी टीम का विशेष सहयोग रहा। इसके अलावा निवास यादव, दीक्षा यादव, गगन, माधुरी, लव कुमार, स्पर्श पटेल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। रक्त संग्रह में गंगाशील चेरिटेबल ब्लड बैंक की इंचार्ज डॉ. नीता अग्रवाल, संदीप सिन्हा, कुलदीप, कमल शर्मा व उनकी टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# श्रद्धा और सेवा के साथ मनाया गया सुधांशु जी महाराज का 71वां जन्मोत्सव

-स्वतंत्र भारत-



**बरेली।** विश्व जागृति मिशन बरेली मंडल द्वारा परम पूज्य गुरुदेव सुधांशु जी महाराज के 71वें पावन जन्मोत्सव के अवसर पर आज विभिन्न आध्यात्मिक एवं सेवा कार्यो का श्री भारत माता मंदिर राजेंद्र नगर में भव्य आयोजन किया गया। भक्ति और परोपकार के इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं अनुयायियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातःकाल महिला प्रधान ममता गर्ग, सविता अरोड़ा, शांति बिष्ट एवं वंदना अग्रवाल द्वारा सामूहिक गणेश वंदना के साथ हुआ। इसके पश्चात भजन-कीर्तन एवं सत्संग का आयोजन किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। उपस्थित श्रद्धालुओं ने गुरुदेव के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की।

इस अवसर पर गुरुदेव के 71वें जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में 71 दीप प्रज्वलित किए गए। दीप प्रज्वलन का शुभारंभ विश्व जागृति मिशन के महामंत्री पवन कुमार अरोड़ा, संजय गर्ग के द्वारा किया गया।

गुरुदेव के 'सेवा ही धर्म' के संदेश को आत्मसात करते हुए प्रातः 8:30 बजे से एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में युवाओं एवं समाजसेवियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया, जिसमें कुल 23 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया।

आध्यात्मिक कार्यक्रमों के उपरांत आरती, प्रसादी भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने अनुशासित रूप से प्रसाद ग्रहण किया।

कार्यक्रम की सफलता में गुलशन आनंद, मधु सक्सेना, प्रियंका मौर्या, राकेश अग्रवाल, रश्मि अग्रवाल, मंजू गोयल, संजय गर्ग, शिवम, महेंद्र पाठक,कृष्ण अरोड़ा, वेद अरोड़ा, नरेंद्र नाथ खुराना , महेंद्र गंगवार, प्रमोद सक्सेना, प्रियंका मौर्य , सुमित्रा गंगवार एवं संजीव अग्रवाल राकेश गुप्ता, गीतेश गुप्ता, रामबाबू अग्रवाल, इंदिरा खंडेलवाल, इंदु गोयल, राजेश कटिया, रमाशंकर पचौरी सहित अन्य सहयोगियों का विशेष योगदान रहा।

कार्यक्रम संयोजक संदीप मेहरा ने बताया कि गुरुदेव का जन्मोत्सव प्रतिवर्ष रक्तदान शिविर और आध्यात्मिक गतिविधियों के माध्यम से मनाया जाता है।

# घटिया सामग्री से बन रही सड़क पर ग्रामीण युवाओं का हंगामा प्रदर्शन

## ठेकेदार का घेराव कर, जांच की मांग

-स्वतंत्र भारत-

**भुता।** थाना भुता क्षेत्र के ग्राम गुलरिया हजारीलाल से फैजनगर मार्ग पर पीडब्ल्यूडी द्वारा बनाई जा रही लगभग ढाई किलोमीटर 22 लख रुपए से लागत सड़क में घटिया सामग्री के इस्तेमाल को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखने को मिला। ग्रामीणों का आरोप है कि गुलरिया से फैजनगर तक बन रही इस सड़क में मानकों की अनदेखी की जा रही है, जिससे सड़क की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गए हैं।

ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया, और निर्माण कार्य को लेकर नाराजगी जताई। उनका कहना है कि सड़क निर्माण में निम्न स्तर की सामग्री का उपयोग किया जा रहा है, जिससे सड़क जल्द ही खराब हो सकती है।

सूचना मिलते ही ठेकेदार ललित राजरानी और जेई आमोद गौतम मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। हालांकि ग्रामीणों ने कार्य की निष्पक्ष जांच कराकर गुणवत्ता सुनिश्चित करने की मांग की है। ग्रामीणों ब लड़कों का कहना है कि यदि जल्द ही कार्रवाई नहीं की गई तो वे उच्च अधिकारियों से शिकायत करेंगे और आंदोलन तेज करेंगे। वहीं संबंधित अधिकारियों ने मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

ठेकेदार पी डब्लू डी के ललित राजानी का कहना है कि जे ई की देख रेख में यह ढाई किलोमीटर 22 लाख रुपए की लागत से सड़क का निर्माण मानक के अनुसार किया जा रहा है। प्रदर्शन करने वालों में राम अवतार, रामसेवक, हरीश शर्मा, धर्मपाल, मुन्नालाल, बृजेश, सुनील, राजेश, छन्नू, बच्चे आदित्य कुमार, सुबोध कुमार, राम बल्लभ, सुधाकर शर्मा सहित दर्जनों शामिल रहे।

# आरएसी के आई कैम्प में 300 से अधिक मरीज़ों की जांच

-स्वतंत्र भारत-



**बरेली।** ऑल इंडिया रज़ा एक्शन कमेटी तथा आरएसी ट्रस्ट के ख्वाजा कुतुब स्थित मुख्यालय 'बैतुर्रज़ा' पर रविवार को लगे कैम्प में 300 से अधिक मरीज़ों की आँखों की मुफ्त जाँच की गई और दवा भी फ्री दी गई।

नबीरा ए आला हज़रत हुज़ूर अफरोज मियां कि सरपरस्ती में और नबीरा-ए-आला हज़रत व आरएसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना अदनान रज़ा क़ादरी की सदारत में सुबह 10 बजे कैम्प की शुरुआत हुई। शहर ही नहीं बल्कि फ़तेहगंज पश्चिमी, देवरनिया सहित जि़ले के कई क्षेत्रों के मरीज़ कैम्प में पहुंचे।

आरएसी पदाधिकारियों और वॉलन्टीयर्स ने मरीज़ों के फ्री रजिस्ट्रेशन की ज़म्मिेदारी संभाली। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. आफ़ताब आलम और उनकी टीम में शामिल डॉ. नदीम अख्तर, शाहवेज़ अंसारी और सादिक़ अंसारी ने मरीज़ों की जांच की और उनको ज़रूरी दवाएं दीं। यह कैम्प दोपहर बाद तक जारी रहा। आरएसी की ओर से हन्नान रज़ा, हाफिज़ इमरान रज़ा बरकाती, अब्दुल लतीफ़ क़ुरैशी, ताज खान, सय्यद शाहनवाज़, मुहम्मद जुनैद, सईद सिब्तैनी, फरमान ख़ान, सय्यद इमरान वारसी, अफज़ल रज़ा, आदिल खान, मुहम्मद नफ़ीस, सलमान रज़ा, फ़ारुक़ रज़ा तहसीनी वग़ैरह ने सहयोग किया। आरएसी की ओर से बताया गया कि भविष्य में भी इस प्रकार के कैम्प आयोजित कराए जाएंगे।

# छठे पुस्तक मेले में सीता रसोई ने बांटी विभिन्न स्कूलों की पुस्तकें

-स्वतंत्र भारत-



**बरेली।** सीता रसोई समिति द्वारा इस बर्ष का छठा विशाल पुस्तक मेले का आयोजन मजदूर दिवस के उपलक्ष्य में सीता रसोई भवन पर किया गया। सीता रसोई समिति के अध्यक्ष प्रभात अग्रवाल और पंकज अग्रवाल ने बताया कि आज के पुस्तक मेले का उद्घाटन सीता रसोई पुस्तक बैंक के विजय बातला के चर कमलों द्वारा किया गया। इस मौके पर सीता रसोई पुस्तक बैंक के प्रमुख सेवादार अनुराग मेहरोत्रा ने बताया आज शहर के प्रमुख स्कूल बीबीएल, साहू गोपी नाथ, बरेली इंटर कॉलेज, माधो राव, जीआरएम जिंगल बेल, राधा माधव, केंद्रीय विद्यालय, हार्टमैन, बिशप कोनार्ड आदि स्कूल की बुक्स बच्चो को निशुल्क दी गई। सीता रसोई के सेवा दार अमित गुप्ता और सौरभ ढिंगरा ने बताया आज के कैंप मे लगभग 125 बच्चो ने निशुल्क पुस्तक मेले का लाभ लिया और पुस्तक मेले में लगभग 5 लाख मूल्य की पुस्तकें सीता रसोई द्वारा आज बच्चो को निशुल्क दी गई। सीता की रसोई के अनुराग मेहरोत्रा द्वारा बच्चो को गीता उपनिषद निशुल्क दी गई। कैंप में आये बच्चों को स्कूल, कॉपी और पेन निशुल्क प्रदान किये गए। आज के कैंप में महेंद्र सिंह भाटी, आशा अग्रवाल, अशोक गुप्ता, रमेश अग्रवाल, राकेश मथुरिया, अनुराग मेहरोत्रा, नरेश भाटिया, सौरभ सिंह, अमित गुप्ता, हर्ष अग्रवाल आदि का सहयोग रहा। आज के कैंप में एक कन्या को शादी का सामान भी उपहार स्वरूप दिया गया।



# अदालत ने दरोगा के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही का दिया निर्देश

- नामजद अभियुक्त को आरोप पत्र से निकालना पड़ा भारी

स्वतंत्र भारत



राकेश यादव

**हरदोई।** प्रथम सूचना रिपोर्ट में नामजद होने के बाद भी विवेचना के दौरान आरोपित को क्लीन चिट देकर आरोपपत्र से निकाल देने पर सीजेएम रिचा वर्मा ने इसे दरोगा की लापरवाही और आरोपी को फायदा पहुंचाने का कृत्य मानते हुए उसके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई के लिए पुलिस अधीक्षक को निर्देशित किया है। इसके साथ ही नामजद अभियुक्त को अदालत में तलब कर लिया है।

प्राप्त विवरण के अनुसार वादी मुकदमा ने सांडी थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा था कि उसके भाई नरेंद्र यादव निवासी कस्बा सांडी अपने गांव लाहौरी पुरवा को जा रहा था। रास्ते में तालाब के सामने गांव के ही शिशुपाल, पंकज कुमार, अंकित कुमार, विपिन कुमार ने उसे घेरा और जान से मारने की धमकी दी और उसके भाई पर भाला से प्रहार करके उसे गंभीर चोटे पहुंचाई। इस मामले में विवेचक राकेश कुमार यादव ने विवेचना की और विवेचना के बाद विपिन कुमार की घटना में संलिप्त न पाए जाने के आधार पर उसके विरुद्ध चार्ज शीट दाखिल नहीं की। जबकि शेष तीन आरोपियों के खिलाफ चार्ज शीट दाखिल की।

इस मामले पर संज्ञान लेते हुए सीजेएम ने कहा तत्कालीन विवेचक राकेश कुमार ने गैरकानूनी ढंग से विवेचना करते हुए न्याय की आधारशिला को चोट पहुंचाई है और सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी दिशा निर्देशों के आदेशों की अवहेलना की है। सीजे एम रिचा शर्मा ने इस मामले में आरोपी शिशुपाल, पंकज कुमार, अंकित व विपिन कुमार चारों को अदालत में तलब किया है। पुलिस अधीक्षक को निर्देशित किया है कि इस मामले में तत्कालीन विवेचक और वर्तमान में लोनार थाना इंचार्ज राकेश कुमार के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई सुनिश्चित करें और की गई कार्रवाई से 7 दिन के अंदर अदालत को जानकारी दें। इस मामले की आदेश की प्रति पुलिस महानिदेशक को भी भेजने का आदेश दिया है।

## रास्ते के विवाद में बारातियों से झड़प, तीन आरोपी हिरासत में

स्वतंत्र भारत

**टोंडरपुर/ हरदोई।** मझिला थाना क्षेत्र के ग्राम शिव नगरी निवासी लवप्रीत पुत्र बूटा सिंह ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि 26 अप्रैल 2026 को वह अपने ट्रैक्टर से घर लौट रहा था। इसी दौरान ग्राम भूप्पा पुरवा में एक बारात पार्टी, जिसमें डीजे बज रहा था, जिसके के चलते रास्ते को लेकर विवाद हो गया। वादी के अनुसार, विवाद के दौरान विपक्षी पक्ष के लोगों ने उसका कुछ निजी सामान अपने पास रख लिया। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने प्राप्त तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर लिया है। पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना में संलिप्त तीन आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। अन्य आवश्यक वैधानिक कार्रवाई जारी है। इस संबंध में अपर पुलिस अधीक्षक, सर्किल शाहाबाद, आलोक राज नारायण ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## होमगार्ड ने महिला को जमकर पीटा

स्वतंत्र भारत

**शाहाबाद-हरदोई।** होम गार्ड को केबिल खीचने से मना करना महिला को उस समय महंगा पड गया जब उसने महिला की पिटाई कर दी बताया गया है कि मझिला थाना क्षेत्र के ग्राम कुसुमा मजरा भुप्पा पुरबा निवासी गंगाबती पत्नी सरबन कुमार द्वारा थाना मझिला पर दी ग ई तहरीर मे बताया कि गांव निवासी राधेश्याम (होमगार्ड) उसका बिजली सप्लाई का केबिल खीच रहा था मना करने पर बिपक्षी गाली गलौज करने लगा गाली देने से रोके जाने पर दबंग होमगार्ड ने महिला की जमकर पिटाई कर दी इस सम्बन्ध मे सब इस्पेक्टर हरिपाल सिंह ने बताया कि महिला द्वारा एक होमगार्ड के बिरूद्ध गाली गलौज करने तथा मारपीट का आरोप के सम्बधित दिए गए शिकायती पत्र मे जांच उपरान्त उचित कार्यबाही की जाएगी।

**स्वच्छ भारत का दम तोड़ता ब्लॉक भरखनी का मैकपुर गांव**

# जाम नालियों के बीच नारकीय जीवन जीने को मजबूर ग्रामीण

- प्रधान और सचिव की उदासीनता से फैल रही गांव में बीमारियां



**भरखनी-पचदेवरा** क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत मैकपुर में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। सड़कों पर नाली का गंदा पानी बह रहा है और कूड़े के ढेर बीमारियों को निमंत्रण दे रहे हैं मैकपुर में सफाई व्यवस्था पूर्ण रूप से चौपट है, सड़कों से लेकर नालियों तक गंदगी का अंबार लगा हुआ है, यहां तक की सरकारी हैंड पंप जिससे स्वच्छ पेयजल की उम्मीद की जाती है, वहां भी सफाई व्यवस्था पूर्ण रूप से चौपट है। मैकपुर गांव के रहने वाले सर्वेश मिश्रा, रामवीर सिंह, शिवम सिंह, गोविंद सिंह, रमेश सिंह, सुदेश सिंह, महेश सिंह, नरवेश सिंह और अंकित मिश्रा ने बताया है, कि 4 महीने हो गए हैं तब से कोई भी सफाई कर्मचारी नालियों की सफाई करने नहीं आया है जिससे मजबूरन उन्हें खुद नालियों की सफाई करनी पड़ती है। दुर्गंध और गंदगी का इतना अंबार लगा हुआ है कि गलियों से निकलना दूभर हो रहा है। जिससे कई संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया, कि इसकी शिकायत कई बार ग्राम प्रधान और सचिव को की गई, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई।

बच्चे और बुजुर्ग बीमार पड़ रहे हैं लेकिन प्रशासन मूक दर्शक बना हुआ है। ग्रामीणों ने जिला अधिकारी से तत्काल गांव में सफाई अभियान चलाने और लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। सरकार ग्रामीण को स्वस्थ वातावरण देने के लिए लाखों रुपए पंचायत को भेजती है लेकिन जमीनी स्तर पर ये पैसा कहां खर्च हो रहा है यह बड़ा सवाल है। ग्रामीणों ने अपना दर्द मीडिया के सामने रखा है और जल्द से जल्द कार्यवाही करने की मांग की है।

## यज्ञसेनी वैश्य दहेज मुक्त सामूहिक विवाह समारोह 4 व 5 मई को

- दहेज रहित समारोह आयोजित करने वाला प्रथम वैश्य वर्ग

स्वतंत्र भारत

**हरदोई।** यज्ञसेनी वैश्य जन कल्याण समिति के तत्वावधान में दहेज प्रथा के खिलाफ दहेज रहित आदर्श सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन 4 मई से 5 मई तक आयोजित होगा। समारोह का आयोजन आरआर इंटर कॉलेज, नघेटा रोड, हरदोई में किया जाएगा, जब कि इसका कार्यालय डी-286 आवास विकास कॉलोनी (बेलाताली के सामने), हरदोई में स्थापित किया गया है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में दहेज प्रथा जैसी कुप्रथा को समाप्त करना तथा सरल और सादगीपूर्ण विवाह को बढ़ावा देना है।

समिति के वरिष्ठ संरक्षक नरेश चन्द्र 'नन्हे' एवं संयोजक मंडल के सदस्य कृपा शंकर गुप्ता, राम सेवक आर्य, रतन बाबू गुप्ता, राजेश गुप्ता, मुकेश गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारियों ने बताया कि यह आयोजन समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए विशेष रूप से सहायक सिद्ध होगा।

समिति के स्थायी सदस्यों में अनिल गुप्ता उपाध्यक्ष, विजय गुप्ता वरिष्ठ सलाहकार, रूपेश गुप्ता संप्रेक्षक, राजेंद्र कुमार आर्य बबलू उपाध्यक्ष, दिलीप कुमार गुप्ता उपाध्यक्ष, सर्वेश गुप्ता सह मंत्री, अमित कुमार गुप्ता 'शीलू' सह कोषाध्यक्ष, अभिनेष कुमार गुप्ता उपाध्यक्ष, नीरज कुमार गुप्ता व्यवस्था मंत्री, अरुणेश गुप्ता राजा भैया व्यवस्था मंत्री, विमल कुमार गुप्ता व्यवस्था मंत्री, विश्वास कुमार गुप्ता प्रचार मंत्री, मुकेश कुमार गुप्ता व्यवस्था मंत्री, मनोज कुमार गुप्ता प्रचार मंत्री, अनूप कुमार गुप्ता व्यवस्था मंत्री सहित कई समाजसेवी सक्रिय रूप से कार्यक्रम की तैयारियों में जुटे हैं। वहीं महिला मंडल की ओर से सुमन गुप्ता उपाध्यक्ष, रेखा गुप्ता कोष सहयोगी, प्रीति गुप्ता मंच संचालिका, बीनू गुप्ता मंत्री एवं ज्योति गुप्ता सह मंत्री, आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। समिति के अध्यक्ष विमलेश कुमार गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संदीप गुप्ता, कोषाध्यक्ष नीरज गुप्ता एवं महामंत्री अमित कुमार गुप्ता ने समाज के सभी वर्गों से इस आयोजन में सहयोग एवं सहभागिता की अपील की है। इस सामूहिक विवाह समारोह के माध्यम से आयोजकों का लक्ष्य न केवल दहेज प्रथा को समाप्त करने का है, बल्कि समाज में आपसी सहयोग, समानता और सादगीपूर्ण जीवन मूल्यों को भी बढ़ावा देना है।

## प्रेमिका के आने से डगमगाई दाम्पत्य की नैया

- पत्नी ने पति, प्रेमिका सहित छः लोगों पर दर्ज कराया मुकदमा
- दहेज प्रताडना का भी लगाया आरोप

स्वतंत्र भारत

**हरदोई।** पति पत्नी और वो के चक्कर मे न जाने कितने घर तवाह हो गये, ऐसी ही एक घटना हरदोई शहर के मोहल्ला सुभाष नगर मे भी प्रकाश मे आई है जहॉ पति-पत्नी हंसी खुशी अपना जीवन व्यतीत कर रहे थे लेकिन उनके दाम्पत्य की नाव उस समय मझधार मे डगमगाने लगी जब उनके मध्य एक प्रेमिका की इन्ट्री हो गयी।

इस संबंध मे राजेश कुमार सिंह निवासी सेक्टर जी थाना गुडम्बा, लखनऊ का कहना है कि उन्होने अपनी बेटी शिल्पी की शादी डा.मयंक प्रताप सिंह निवासी मोहल्ला सुभाष नगर हरदोई के साथ की थी। शादी के बाद कुछ समय तक सब कुछ ठीक ठाक चलता रहा। शिल्पी की दो बेटियॉ भी है। आरोप है कि इसी मध्य डा. मयंक के जीवन मे प्रिया नामक एक युवती




आ गयी। इस बात की जानकारी जब उनकी बेटी शिल्पी को हुई तब उसने इस संबंध का विरोध किया जिसके फलस्वरूप पति-पत्नी के जीवन मे खटास उत्पन्न होने लगी।

राजेश कुमार सिंह ने यह भी आरोप लगाया है कि प्रिया से सम्बन्धो का विरोध करने पर शिल्पी के पति डा. मयंक, सास प्रभा सिंह, श्वसुर मुन्नू सिंह देवर वैभव प्रताप सिंह उर्फ लकी सिंह अतिरिक्त दहेज की मांग करने लगे। इसके अतिरिक्त प्रिया और उसकी बहन सपना भी शिल्पी को परेशान करने लगी। शिल्पी पर चोरी का झूठा आरोप लगाकर गाली-गलौज और मारपीट भी की गयी। शिल्पी ने इस बात की शिकायत 112, 1091, तथा 1090 हेल्प लाइन नम्बरो पर भी दर्ज करायी थी। गत 27 अप्रैल को भी सायंकाल साढे चार बजे के लगभग उन सभी लोगो ने मिलकर शिल्पी के साथ गाली-गलौज करते हुये मारपीट की थी। शिल्पी के पिता ने अपनी बेटी शिल्पी तथा उसकी पुत्रियो की जान के खतरे की आशंका व्यक्त करते हुये पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सभी आरोपियो के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता तथा दहेज प्रतिषेध अधिनियम की विभिन्न धाराओ के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## रोडवेज बसों की मनमानी से जाम, नियमों की हो रही अनदेखी



**हरदोई।** शहर के रोडवेज बस स्टेशन के बाहर रविवार सुबह करीब 10 बजे से ही भीषण जाम की स्थिति बनी हुई है। मुख्य कारण बसों को स्टेशन के बाहर सड़क पर खड़ा कर सवारियां भरना बताया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह समस्या रोजाना देखने को मिलती है। जबकि नियमानुसार बसों को बस स्टेशन परिसर के अंदर से ही यात्रियों को बैठाना चाहिए, लेकिन नियमों की अनदेखी कर चालक और परिचालक सड़क पर ही बस खड़ी कर सवारियां भर रहे हैं। इस लापरवाही के चलते यातायात बाधित हो रहा है और राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने प्रशासन से इस व्यवस्था को सुधारने और नियमों का सख्ती से पालन कराने की मांग की है।

## पेड़ से लटका मिला युवक का शव

**शाहाबाद (हरदोई)।** थाना शाहाबाद क्षेत्र के सहोरा गांव में रविवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब एक युवक का शव पेड़ से लटका हुआ मिला। घटना की खबर फैलते ही मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई और पूरे गांव में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान जोगेंद्र पुत्र वेदराम, निवासी सहोरा के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि सुबह ग्रामीणों ने पेड़ पर युवक का शव लटका देखा, जिसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। प्रारंभिक तौर पर मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, लेकिन पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं गांव में तरह-तरह की चर्चाएं भी शुरू हो गई हैं। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असली कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी हुई है।

## ग्वालियर के चोर ने लखनऊ मे चुरायी बाइक

**शाहाबाद (हरदोई)।** मध्य प्रदेश के ग्वालियर जिला अन्तर्गत एक गांव निवासी चोर ने उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ से एक मोटरसाइकिल चुरायी लेकिन उसे हरदोई जिले की थाना पाली पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार रविवार के दिन थाना पाली पुलिस संदिग्ध व्यक्तियो तथा वाहनो की चेकिंग कर रही थी उसी समय दीवाना उर्फ पप्पू पुत्र पैलू निवासी गुरिका आदिवासी थाना मालनपुर जिला ग्वालियर राज्य मध्यप्रदेश चोरी की एक अदद मोटरसाइकिल सहित




गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बरामद मोटरसाइकिल के विषय मे जब पूछताछ की तब पता चला कि उसने बरामद मोटरसाइकिल गत 1 मई 2026 को लखनऊ जनपद से चोरी की थी। पुलिस ने बरामद मोटरसाइकिल के आधार पर दीवाना उर्फ पप्पू के विरुद्ध पाली थाना पर अपराध क्रमांक 118/26 पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 317(2) के तहत अभियोग पंजीकृत अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया, जहॉ से उसे जेल भेज दिया गया।

## बाल-बाल बचा सफाईकर्मी

**लखीमपुर-खीरी (स्वतंत्र भारत)।** नगर पालिका परिषद मोहम्मदी के अंतर्गत सीजनल नाले की सफाई के दौरान बिजली विभाग की लापरवाली के कारण न्यू हाइडिल के सामने बने नाले में करंट आने से उस समय बड़ा हादसा होते बच गया जब नाले की सोना वाल्मीकि ठेका सफाई कर्मचारी के रहे थे। जैसे ही सोना वाल्मीकि को करंट लगा तो पास में खड़े अन्य सफाई कर्मचारी अंकुल वाल्मीकि और शक्ति वाल्मीकि ने नाले से सोना वाल्मीकि को खींच लिया जिससे बड़ा हादसा होते बचा।

## ई रिक्शा चालक की करंट लगने से मौत



**हरदोई।** लोनार कोतवाली क्षेत्र के बिस्कुला गांव में रविवार दोपहर एक ई रिक्शा चालक की करंट लगने से मृत्यु हो गई । 37 साल के रामशरण मोटर का तार लगाते समय हादसे का शिकार होगए उन्हें बचाने थोड़ी उनके रिश्तेदार ज्योति भी करंट के झटके ले गई। करंट लगने से रामशरण गंभीर रूप से झुलस गया परिजनों ने तुरंत मेडिकल कॉलेज लेकर गए। जहां डॉक्टर ने रविवार दोपहर उन्हें मृत घोषित कर दिया। रामशरण ई रिक्शा चलाकर परिवार का गुजारा करते थे उनके पिता शिवकुमार ने बताया उनके चार बेटे हैं। परिवार पर पहले ही दुखों की भरमार थी उसके बाद आज यहां दर्दनाक घटना हो गए। इसके पूर्व मेडिकल कॉलेज में रामकुमार के तीन पुत्रों की मौत और एक के लापता होने की जानकारी मिलने पर लोग सांत्वना देने उनके घर पहुंचे। रामशरण के परिवार में उनकी पत्नी माधुरी एवं तीन संताने हैं परिजनों ने आपसी सहमत से बिना पोस्टमार्टम कारण सब को गांव ले जाने का निर्णय लिया।

## शादीशुदा महिला के हनी ट्रैप में फंसे लेखपाल ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

**हरदोई।** फर्रुखाबाद निवासी एक शादीशुदा महिला के हनी ट्रैप में फंसे राजस्व लेखपाल ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर गंभीर आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। मामला वैवाहिक विवाद और कथित धोखाधड़ी से जुड़ा बताया जा रहा है। प्रार्थना पत्र के अनुसार, तहसील सदर में तैनात लेखपाल अरुणेश कुमार ने आरोप लगाया है कि फर्रुखाबाद निवासी एक महिला ने उन्हें प्रेमजाल में फंसाकर विवाह किया, जबकि वह पहले से ही विवाहित थी। जब इस बात की जानकारी उन्हें हुई तो उन्होंने इसका विरोध किया और विवाह को निरस्त कराने के लिए परिवार न्यायालय में याचिका दायर की। लेखपाल का यह भी आरोप है कि संबंधित महिला द्वारा न्यायालय में भरण-पोषण के लिए अलग से याचिका दाखिल की गई है और उनके खिलाफ झूठे व मनगढ़ंत आरोप लगाते हुए शिकायतें दी जा रही हैं। उन्होंने अपने और अपने परिवार की सुरक्षा को लेकर भी आशंका जताई है। प्रार्थी ने पुलिस अधीक्षक से अनुरोध किया है कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराई जाए और यदि शिकायतों में तथ्यहीनता पाई जाए तो संबंधित के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। फिलहाल यह मामला आरोप-प्रत्यारोप का है और पुलिस द्वारा जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

## कासिमपुर में हत्यारोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

स्वतंत्र भारत

**हरदोई।** कासिमपुर थाना क्षेत्र में 1 मई को डंडे से पीट-पीटकर बृजेश की हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी सूरज पुत्र हरिहर, निवासी बनियानखेड़ा को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल डंडा बरामद कर लिया है और आरोपी पर बीएनएस की धारा 103(1) के तहत मामला दर्ज किया है। मृतक की पत्नी श्रीमती छोटी की



शिकायत पर केस दर्ज कर थाना प्रभारी घनश्याम व उप निरीक्षक बृजेश यादव की टीम ने कार्रवाई की।मुख्य विवरणःस्थानः कासिमपुर थाना क्षेत्र, हरदोई (ग्राम बनियां खेड़ा)घटनाः 1 मई को दंडे से पीटकर हत्याआरोपीः सूरज पुत्र हरिहर (गिरफ्तार)मृतकः बृजेशधाराः भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1)बरामदगीः वारदात में प्रयुक्त डंडा।यह कार्यवाही मृतक की पत्नी श्रीमती छोटी की तहरीर पर की गई।

## संदिग्धावस्था में महिला ने घर में लगाई फांसी

- विकलांग पिता के सामने 3 बच्चों के भरण-पोषण का संकट

स्वतंत्र भारत



**कछौना-हरदोई।** थाना क्षेत्र बघौली के अंतर्गत ग्राम मरेउरा में राजू सिंह की पत्नी अंकिता सिंह उम्र 35 वर्ष ने रविवार को घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बघौली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र बघौली के ग्राम मरेउरा में राजू सिंह की पत्नी अंकिता सिंह उम्र 35 वर्ष ने रविवार को घर में संदिग्ध अवस्था में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पति दुर्घटना में विकलांग हो गए थे। परिवार के सामने भरण पोषण का संकट खड़ा हो गया था। मृतका औद्योगिक क्षेत्र में मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करती थी। मृतका के दो छोटी मासूम बेटियां हैं, एक लड़का 11 वर्ष का है। इस घटना से परिवार के ऊपर दुख का पहाड़ टूट पड़ा। मासूम बच्चों का रो-रो कर बुरा हाल है। इस आर्थिक युग में ग्रामीण क्षेत्र में महिलाओं के पास कोई रोजगार का साधन न होने के कारण परिवार का पालन पोषण कठिन हो जाता है। महिला समूह के नाम पर चलने वाली योजनाएं बीमा सखी, बैंक सखी, जल सखी, विश्वकर्मा योजना, सिलाई-कढ़ाई, कौशल विकास, नरेगा योजना, ब्यूटी पार्लर आदि योजनाएं केवल कागजों पर फीलगुड कराती हैं, वहीं सरकारी स्कूलों की शिक्षण व्यवस्था शिक्षकों के एसआईआर व जनगणना आदि कार्य में लगे होने के कारण शिक्षा व्यवस्था चौपट है। प्राइवेट स्कूलों में मध्यम वर्गीय परिवार को अपने बच्चों का पढ़ाना मुश्किल है, वहां पर शिक्षा के नाम पर काफी लूट-खसोट है, वह व्यावसायिक कार्य बन चुका है, सेवा भाव नहीं रह गया है। आर्थिक तंगी के चलते मासूम बच्चों से मां का साथ छूट गया। विकलांग पिता के सामने मासूम बच्चों के भरण पोषण का संकट खड़ा हो गया।

## ढोल-नगाड़ों से सेवानिवृत्त फौजी का ग्रामीणों ने किया स्वागत

स्वतंत्र भारत

**हरदोई।** विकास खण्ड कछौना की ग्राम सभा गौहानी का निवासी युवा फौजी प्रदीप कुमार चौरसिया के सेवानिवृत्त होने पर ग्रामीणों ने अपने गांव के फौजी का जोरदार स्वागत ढोल-नगाड़ों के साथ किया गया। अपने गांव में गांव के लोगों का स्वागत व प्यार पाकर अभिभूत नजर आये। कछौना के ग्रामसभा गौहानी का मूल निवासी किसान तेजराम चौरसिया का पुत्र प्रदीप कुमार चौरसिया भारतीय सेना में फौजी के रूप में तैनाती हो गई। छोटी उम्र में सेना में भर्ती होने से गांव में खुशी की लहर दौड़ गई। युवा सैनिक प्रदीप कुमार चौरसिया ने अपनी ड्यूटी ईमानदारी व लगन से की। निष्ठा के साथ ड्यूटी करते हुए वह 30 अप्रैल को सेवानिवृत हो गए। फौजी के अंदर आज भी वही जोश व उत्साह है। उन्होंने सेवानिवृत्ति के बाद गांव की बेहतरी के लिए ग्रामीण क्षेत्र में युवाओं को फौजी के लिए तैयार करने का संकल्प लिया जिससे उनके क्षेत्र के ज्यादा से ज्यादा युवा फौज में जाकर देश की सेवा कर सकें। हमारा देश यूंही अपनी शान बरकरार रखें। सेवानिवृत्ति फौजी प्रदीप कुमार चौरसिया उर्फ रामू का ग्राम प्रधान कप्तान, परिजनों, मित्रों व ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया।

## बाइक सवार को घायल करने वाले कर चालक पर रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद।** कोतवाली शाहाबाद के उधरनपुर में 25 अप्रैल को बाइक से आ रहे एक परिवार को टक्कर मारकर घायल करने वाले कार चालक के विरुद्ध पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की है। घायल के भाई राम रहीस पुत्र बांके लाल निवासी बक्लपुर थाना सेहरामऊ जनपद शाहजहांपुर के अनुसार उसका भाई प्रमोद अपनी पत्नी सोनम और नाबालिग बच्चे सूरज और बेबी के साथ बाइक से 25 अप्रैल को शाहाबाद जा रहा था। उधरनपुर के निकट तेज रफ़्तार कार संख्या यूपी 30 बी एस 6571 के चालक ने उसके भाई की बाइक में टक्कर मार दी जिसमे वह चारों घायल हो गए जिन्हे एम्बुलेंस के माध्यम से सीएचसी शाहाबाद ले जाया गया जहाँ से उचित उपचार हेतु डॉक्टर ने चारों को हायर सेंटर शाहजहांपुर रेफर कर दिया। वहां उन चारों का उपचार चल रहा है। घायल के भाई की लिखित तहरीर के आधार पर पुलिस ने कार चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

# मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक



**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के गुर्गी गांव में रविवार को मिशन शक्ति टीम के हेड कांस्टेबल अभिषेक चौबे,कांस्टेबल राजेश मौर्य व महिला कांस्टेबल सलोनी दिवाकर द्वारा चौपाल लगाकर मिशन शक्ति फेज 5.0 के द्वितीय चरण तहत महिलाओ व बालिकाओ को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओ एवं हेल्पलाइन नंबरों से अवगत कराया गया। बालिकाओं के लिए बनाए गए कानूनों के बारे में महिला सशक्तिकरण के बारे जागरूक किया गया। अग्निशमन हेल्पलाइन नंबर 101,आशा ज्योति केंद्र 181 आदि हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए जागरूक किया गया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत मिशन शक्ति टीम द्वारा लगातार क्षेत्र में प्रतिदिन दो स्थानों पर चौपाल लगाकर महिलाओ व बालिकाओं को आत्म निर्भर बनाने के लिए शासन के द्वारा बनाये गए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है।

## दो दिन पूर्व गुमशुदा महिला का कुएं में मिला शव

**स्वतंत्र भारत अहरौरा (मिर्जापुर)।** थाना क्षेत्र के बभनी गांव की महिला अनुराधा 30 वर्ष दो दिन पूर्व 1 मई 2026 को सुबह अपने ससुराल बभनी से मायके बैरमपुर गई थीं। उसी दिन शाम वह बिना बताए घर से कहीं चली गईं। रात्रि तक न लौटने पर परिजन परेशान हो गए और खोजबीन करने लगे। गुमशुदगी दर्ज के अनुसारवहीं आज 3 मई की सुबह कुछ ग्रामीणों के द्वारा पुराने कुएं में किसी का शव होने की जानकारी परिजनों को दी गई। आनन फानन में प्रशासन को जानकारी देते हुए परिजन मौके पर पहुंचे और शव का शिनाख्त गुमशुदा अनुराधा के रूप में किया। परिजनों में हाहाकार मच गया। गांव में आत्महत्या और हत्या को लेकर तरह-तरह के कयास लगाए जाने लगे। पुलिस प्रशासन शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्यवाही में जूट गई। जॉच के उपरांत ही स्थिति स्पष्ट हो पायेगी।

# बूथ कमांडरों का हुआ सम्मान समारोह



**स्वतंत्र भारत चुनार (मिर्जापुर)।** चुनार विधानसभा के बूथ कमांडरों का सम्मान समारोह राजदीप महाविद्यालय कैलहट में आयोजित किया गया। जिसका संचालन सुनील पटेल फौजी प्रधान महासचिव जेएसपीने किया।

डॉ पटेल ने कहा कि यह लड़ाई सत्ता परिवर्तन से ज्यादा महत्वपूर्ण व्यवस्था परिवर्तन की है जिसमें हमारे सरदार सैनिक व बूथ कमांडर की महत्वपूर्ण भूमिका होगी हम सभी कों इस न्यायिक लड़ाई कों मिलकर अंजाम तक पहुँचाने का संकल्प लेना होगा जो आने वाली पीढ़ीयों कर लिए मिल का पत्थर साबित होगा। यह कार्यक्रम बहुत ही शानदार तरीके से संपन्न हुआ। उक्त कार्यक्रम में चुनार विधानसभा के तीनों ब्लॉक सीखड़ नारायणपुर और जमालपुर के सभी बूथों के बूथ कमांडर और सह कमांडर उपस्थित हुए हजारों की संख्या में बूथ कमांडरों का सामान समारोह किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरदार सेना के संस्थापक जनहित संकल्प पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ आर एस पटेल रहे और विशिष्ट अतिथि चेयरमैन एडवोकेट रामलाल पटेल आदि रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के चक कोटार गांव निवासी युवक की ननिहाल में शनिवार की रात्रि में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। युवक की मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया है। युवक के परिजनों ने पुलिस को बिना सूचना दिए शव का अंतिम संस्कार कर दिया है। थाना क्षेत्र के चक कोटार गांव निवासी राजपति का 22 वर्षीय पुत्र रविशंकर शनिवार की रात्रि 9 बजे अपने घर से ननिहाल प्रयागराज जनपद के कोरांव थाना क्षेत्र के रामगढ़ गया था की रात्रि में अचानक तबियत खराब होने पर युवक के रिश्तेदार उपचार के लिए कोरांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर गए जहां पर चिकित्सक ने युवक को मृत घोषित कर दिया।सूचना पर पहुँचे युवक के शव को घर लाकर पुलिस को सूचना दिए। अंतिम संस्कार कर दिया है। युवक के परिजनों के अनुसार युवक के सीने में अचानक तबियत खराब होने से मौत हुई है। मृत युवक दो भाइयों में बड़ा था, अविवाहित था। युवक के मौत से परिजनों में कोहराम मच गया है। इस संबंध में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सूरज मौर्य ने बताया की अपने ननिहाल गए युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई है। परिजनों द्वारा पुलिस को बिना सूचना दिए अंतिम संस्कार कर दिया है।

# मध्यप्रदेश निवासी घायल बाइक चालक की उपचार के दौरान मौत

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के मिर्जापुर रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग 135 स्थित भैसोड़ बलाय पहाड़ गांव में शनिवार की रात जेसीबी की टक्कर से गंभीर रूप से घायल बाइक सवार

### गंभीर रूप से घायल पत्नी व पुत्री का चल रहा उपचार

पति की उपचार के दौरान रविवार सुबह मंडलीय चिकित्सालय में मृत्यु हो गई।

वहीं गंभीर रूप से घायल पत्नी व पुत्री का उपचार चल रहा है। मध्य प्रदेश के मऊगंज जिला स्थित हनुमना थाना क्षेत्र के मोरहना गांव निवासी 32 वर्षीय गोपाल दास मौर्य अपनी 30 वर्षीया पत्नी राजकुमारी मौर्य व 13 वर्षीया पुत्री पूजा के साथ बाइक से हलिया थाना क्षेत्र के परसिया कलां गांव स्थित अपनी ससुराल से



शनिवार देर शाम वापस अपने घर जा रहे थे। जैसे ही भैसोड़ बलाय पहाड़ पहाड़ गांव में यादव ढाबा के पास पहुंचे तो जेसीबी ने बाइक में टक्कर मार दी थी। जिससे बाइक सवार तीनों लोग सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पीआरवी पुलिस ने घायल दंपती और पुत्री को उपचार हेतु हलिया पीएचसी भेजा। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद तीनों की हालत गंभीर देखते हुए मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया था।इस संबंध में थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज भारत सुमन ने बताया कि जेसीबी की टक्कर से मध्यप्रदेश निवासी घायल बाइक चालक गोपाल दास मौर्य की उपचार के दौरान मंडलीय चिकित्सालय में मौत हो गई।शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## विंध्य भारत गैस गोदाम पर गैस सिलेंडर के लिए उपभोक्ताओं की लम्बी भीड़, पुलिस ने वितरण कराया सिलेंडर

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** क्षेत्र के हलिया स्थित विंध्य भारत गैस एजेंसी के भटवारी गैस गोदाम पर गैस सिलेंडर के लिए विंध्य भारत गैस एजेंसी के गोदाम पर गैस सिलेंडर के लिए रविवार की सुबह से ही गोदाम पर पहुंचकर कतार में लग गया। सैकड़ो की संख्या में पहुँचे गैस उपभोक्ताओ की लम्बी कतार गोदाम के बाहर सिलेंडर लेने के लिए लग गई और गैस सिलेंडर के लिए अपनी बारी का इंतजार करने लगे। गैस गोदाम पर भारी संख्या में उपभोक्ताओ की भीड़ गर्मी व धुप में कतार में सिलेंडर रखकर गोदाम पर सिलेंडर लेने के लिए पहुँचे उपभोक्ताओ को सिलेंडर लेने में परेशानी का सामना ना करना पड़े इसलिए पहुँचे एसआई घनश्याम सिंह ने पुलिसकर्मियों ने बारी बारी से उपभोक्ताओ को सिलेंडर का वितरण कराया। एक ट्रक सिलेंडर लोड आया था जिसका वितरण उपभोक्ताओ में बारी बारी से किया गया है।

## टायर फटने से अनियंत्रित होकर पलटा ट्रक, बड़ा हादसा टला

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** गुजरात से फ्रिज लादकर पटना जा रहा एक ट्रक रविवार को बरौंधा बेलन पुल के पास अचानक दुर्घटनाग्रस्त हो गया। ट्रक का अगला दाहिना टायर फटने से वाहन अनियंत्रित होकर रेलिंग तोड़ते हुए करीब 25 मीटर दूर विपरीत दिशा में पलट गया। संयोग अच्छा रहा कि ट्रक में सवार सभी लोग बाल-बाल बच गए और किसी को गंभीर चोट नहीं आई। जानकारी के अनुसार, ट्रक चालक शाहनवाज (43) निवासी थाना धनसोई, जिला बक्सर (बिहार) अपने परिवार के साथ गुजरात से पटना जा रहा था। ट्रक में चालक के साथ उसका पूरा परिवार महिला और छोटे बच्चे भी सवार थे। जैसे ही वाहन बरौंधा बेलन पुल के पास पहुंचा अचानक अगले पहिए का टायर ब्लास्ट हो गया।जिससे ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। घटना की सूचना मिलते ही बरौंधा चौकी इंचार्ज संजय कुमार और हेड कांस्टेबल सदानंद तिवारी मौके पर पहुंचे। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए ट्रक का शीशा तोड़कर अंदर फंसे सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। राहत की बात यह रही कि किसी को खरोंच तक नहीं आई। चालक शाहनवाज ने बताया कि घाटी क्षेत्र से गुजरने के दौरान टायर अधिक गर्म हो जाते हैं। पहले सड़क किनारे पेड़ों की छाया में वाहन खड़ा कर इंजन और टायर ठंडा किया जाता था लेकिन फोरलेन निर्माण में पेड़ों के कट जाने से यह सुविधा समाप्त हो गई है। जिससे टायर गर्म होकर फटने की घटनाएं बढ़ रही हैं। दुर्घटना के बाद राजमार्ग पर कुछ समय के लिए अफरातफरी और जाम की स्थिति बन गई। बरौंधा चौकी इंचार्ज संजय कुमार ने हाइड्रा मशीन मंगवाकर ट्रक को सीधा करायाजिसके बाद आवागमन सामान्य हो सका।स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार हो रही ऐसी घटनाएं सड़क सुरक्षा के प्रति गंभीर चिंता का विषय बनती जा रही हैं।

## साइबर पुलिस ने आवेदक का 7500 रुपये कराया वापस



**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** हलिया थाना की साइबर पुलिस ने रविवार को एनसीआरपी पोर्टल के माध्यम से आवेदक के 7500 रूपये वापस कराया है। थाना क्षेत्र के परसिया खुर्द गांव निवासी राजपति का बीते 3 अप्रैल को कुल 7500 रूपये का ऑनलाइन फ्राड हुआ था जिस पर आवेदक द्वारा थाना स्थानीय पर एनसीआरपी पोर्टल के माध्यम से प्राप्त प्रार्थना पत्र के माध्यम से साइबर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आवेदक की ऑनलाइन हुए फ्राड रूपये को होल्ड कराते हुए आवेदक की धनराशि को वापस कराया है। धनराशि वापस कराने वाली टीम में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव व कांस्टेबल विश्वनाथ रहे।

# जन आरोग्य मेला में 207 मरीजों का हुआ उपचार

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया सहित नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में कुल 207 मरीजों का चिकित्सक द्वारा उपचार कर निःशुल्क दवा वितरित किया गया है।उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में डॉक्टर विवेक खरे ने कुल 47 मरीजों का उपचार किया। इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार मे आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में चिकित्सक कामेश्वर तिवारी के देखरेख में 35 मरीजों का उपचार किया गया। इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ड्रमण्डगंज में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन




डॉक्टर बाल कृष्ण मिश्रा के देखरेख में 46 मरीजों का उपचार किया गया। इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरौधा में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला डॉक्टर शालिनी सिंह के देखरेख में 39 मरीजों का उपचार कर दवा वितरित किया गया है। नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुड़पेली में चिकित्सक मनीष कुमार ने 40 मरीजों का उपचार किया है। इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी अवधेश कुमार ने बताया की उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सहित नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में 207 मरीजों का उपचार कर दवा वितरित किया गया है। इस दौरान फार्मासिस्ट अजय कुशवाहा, मनोज कुमार, सुभाष पटेल,एलटी राकेश पटेल, स्टॉफनर्स माया आदि मौजूद रहे।

## साइबर केस में ताबड़तोड़ एक्शन : वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**स्वतंत्र भारत मधुबन।** जनपद में साइबर अपराध के खिलाफ चल रहे अभियान में थाना मधुबन पुलिस ने बड़ी कामयाबी हासिल की है। मु0अ0सं0 68/26 धारा 69/115(2)/352/351(2) बीएनएस व 67 आईटी एक्ट में वांछित चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।पुलिस अधीक्षक मऊ कमलेश बहादुर के निर्देश पर चल रहे अभियान के तहत, अपर पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार व क्षेत्राधिकारी मधुबन अंजनी कुमार पाण्डेय के पर्यवेक्षण में कार्रवाई हुई। प्रभारी निरीक्षक राजीव सिंह के नेतृत्व में अपराध निरीक्षक हरेन्द्र सिंह अपनी टीम के साथ क्षेत्र में चेकिंग कर रहे थे।इसी दौरान मुखबिर की सटीक सूचना पर पुलिस ने कटघराशंकर मोड़ के पास घेराबंदी कर आरोपी को धर दबोचा। गिरफ्तारी रविवार सुबह करीब 08ः08 बजे की गई। गिरफ्तार अभियुक्त अमरजीत राजभर (29 वर्ष), पुत्र रामप्रवेश राजभर, निवासी डुहा विहरा थाना सिकन्दरपुर जनपद बलिया का रहने वाला है। उसके खिलाफ थाना हलधरपुर में भी संबंधित मामला दर्ज है। गिरफ्तारी टीम में अ0नि0 हरेन्द्र सिंह, कांस्टेबल प्रमोद यादवकांस्टेबल विवेक यादव शामिल रहे। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई पूरी कर उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## कड़ी सुरक्षा के बीच मोहम्मदाबाद गोहना में नीट परीक्षा संपन्न, दो केंद्रों पर रही प्रशासन की पैनी नजर

**स्वतंत्र भारत मऊ।** मोहम्मदाबाद गोहना तहसील क्षेत्र में स्थित संत गदीनाथ राजकीय पीजी कॉलेज एवं टाउन इंटर कॉलेज में रविवार को नीट परीक्षा दोपहर 2ः00 बजे से शुरू हुई। परीक्षा से करीब दो घंटे पहले ही दोनों केंद्रों पर परीक्षार्थियों की स्क्रीनिंग शुरू कर दी गई थी। आधार कार्ड और प्रवेश पत्र का मिलान करने के बाद ही छात्रों को परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया गया।दोनों परीक्षा केंद्रों पर प्रशासन और पुलिस की विशेष निगरानी बनी रही। मोहम्मदाबाद-मऊ मार्ग पर स्थित इन केंद्रों पर परीक्षार्थियों को आवागमन में अधिक परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा। हालांकि सुबह अचानक मौसम खराब होने से छात्र-छात्राओं को कुछ दिक्कतें हुईं, लेकिन मौसम सामान्य होने के बाद अभिभावक समय पर केंद्रों तक पहुंच गए।

परीक्षा शुरू होने से पहले केंद्रों के बाहर भीड़ देखी गई, लेकिन पुलिस और प्रशासन ने व्यवस्था संभालते हुए परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होने दी। परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस उपाधीक्षक शीतला प्रसाद पांडे, कोतवाल कमलकांत वर्मा, मिथिलेश कुमार, राजीव कुमार सहित पुलिस एवं महिला पुलिस बल दोनों केंद्रों पर पूरी तरह मुस्तैद रहा।

## हिस्ट्रीशीटर सलीम नट गिरफ्तार



**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** लालगंज पुलिस द्वारा एक (हिस्ट्रीशीटर टाप-10 अपराधी) को गिरफ्तार किया है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना लालगंज पुलिस द्वारा वारण्टी (हिस्ट्रीशीटरटाप-10 अपराधी) को गिरफ्तार को थाना लालगंज पुलिस टीम द्वारा (हिस्ट्रीशीटर टाप-10 अपराधी) सलीम पुत्र कलीम निवासी बसही खुर्द को उसके घर से गिरफ्तार कर न्यायालय में हाजिर किया गया।

## लाइसेंसी पिस्टल छिनैती मामले में दूसरा आरोपित गिरफ्तार, भेजा जेल

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के मड़वा धनावल गांव में बीते बुधवार की रात आर्केस्ट्रा संचालक की लाइसेंसी पिस्टल छीनकर भागने वाले फरार चल रहे दूसरे मनबढ़ युवक को पुलिस ने रविवार को खुटहा गांव स्थित नदी के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।इस मामले में पुलिस ने शुक्रवार को मड़वा धनावल गांव से इंद्रवार गांव निवासी किरन उर्फअर्जुन को लाइसेंसी पिस्टल और कारतूस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। वहीं पुलिस को देखकर उसके दो अन्य साथी हलिया क्षेत्र के पवांरी कलां निवासी अमित कुमार व ड्रमंडगंज क्षेत्र के अमदह गांव निवासी रोहित भाग निकले थे। पुलिस फरार चल रहे दोनों आरोपितों की तलाश में जुटी थी जहां मुखबिर की सूचना पर थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज भारत सुमन ने पुलिसकर्मियों संग खुटहा गांव से दूसरे आरोपित अमित कुमार निवासी पवांरी कलां थाना हलिया को गिरफ्तार कर लिया।मड़वा धनावल गांव में बुधवार की रात आई बरात में आर्केस्ट्रा शुरू करने को लेकर हुए विवाद के दौरान मनबढ़ युवकों ने आर्केस्ट्रा संचालक की लाइसेंसी पिस्टल छीन लिया था और मौके से भाग निकले थे।इस मामले में गुरुवार को आर्केस्ट्रा संचालक सौरभ जायसवाल निवासी बल्ली का अड्डा थाना कोतवाली कटरा ने अज्ञात के विरुद्ध लाइसेंसी पिस्टल और 6 कारतूस चोरी होने का मुकदमा दर्ज कराया था। थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज भारत सुमन ने बताया कि फरार चल रहे दूसरे आरोपित अमित कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। तीसरे आरोपित रोहित की तलाश की जा रही है।

## 7 मई को होगा दस्तावेज़ सत्यापन

**स्वतंत्र भारत बाराबंकी।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा जारी प्रेस-विज्ञप्ति के अनुसार अशासकीय सहायता प्राप्त जूनियर स्कूलों में प्रधानाध्यापक एवं सहायक अध्यापक भर्ती (परीक्षा वर्ष 2021) के चयनित अभ्यर्थियों को दस्तावेज़ सत्यापन हेतु बुलाया गया है।

जारी सूचना के मुताबिक संशोधित परीक्षा परिणाम (06 सितंबर 2022) के आधार पर अंतिम चयन सूची तैयार कर ली गई है, जिसका सत्यापन भी पूर्ण हो चुका है।

सभी चयनित अभ्यर्थियों को निर्देशित किया गया है कि वे दिनांक 07 मई 2026 को विकास भवन स्थित जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में अपने शैक्षिक अभिलेखों के साथ अनिवार्य रूप से उपस्थित हों। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित तिथि पर अनुपस्थित रहने वाले अभ्यर्थियों की नियुक्ति प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है।

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।

स्वतंत्र भारत

**वर्गीकृत**

### सूचना

मैं रेनुवती देवी पत्नी महेश कुमार गोयल निवासनी नईबाजार नि0 रेलवे क्रासिंग तुलसीपुर बलरामपुर की हूं मेरे पुराना नाम कुछ कागजों में रेनु गोयल अंकित हो गया था परन्तु अब मुझे रेनुवती देवी के नाम से ही जाना व पहचाना जाये इसी नाम से मेरा सभी कागजात है।

**सी.आर.- 225/D-35**

### सूचना

मेरे बड़े पुत्र मनोराम का चाल-चलन व आचरण ठीक न होने के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है भविष्य में ये अपने समस्त कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे। सालिकराम पुत्र चन्द्रिका प्रसाद, ग्रा0-लखनीपुर हर्रैया, बलरामपुर।

**सी.आर.- 225/D-32**

### सूचना

मेरे दोनों पुत्र सत्यवान व बलवान व उनकी पत्नियों का चाल-चलन व आचरण ठीक न होने के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति व सम्बन्ध से बेदखल कर दिया है भविष्य में ये अपने समस्त कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे। राज कुमार पुत्र शारदा प्रसाद शुक्ला, ग्रा0-रिसालपुर, कोयलरा बलरामपुर।

**सी.आर.- 225/D-38**

# वाराणसी में लहराया मीरजापुर के रक्तदाताओं का परचम

**स्वतंत्र भारत मीरजापुर।** रक्तदान के क्षेत्र में कार्य कर रही जिले की अग्रणी संस्था विंध्य फाउंडेशन ट्रस्ट ने अपने सचिव अभिषेक साहू के जन्मदिवस (5 मई) के पूर्व वाराणसी स्थित होमी भाभा कैंसर अस्पताल में एसडीपी (प्लेटलेट्स) दान के लिए शिविर लगाया जहां 23 रक्तदाताओ ने एसडीपी (प्लेटलेट्स) दान कर कैंसर मरीजों के प्रति अपने मानवता का फर्ज निभाया। वैसे कुल 25 रक्तदाताओं ने पंजीयन कराया था लेकिन स्वास्थ्य परीक्षण के पश्चात 23 लोग ही एसडीपी दान कर पायें। एसडीपी दान करने वालों में संस्था के अध्यक्ष कृष्णानन्द हैहयवंशी, उपाध्यक्ष शिव कुमार शुक्ल, सचिव अभिषेक साहू सहित विनय कुमार, मोहित सिंह, रोहित जैन, कीरत सिंह, आदित्य बरनवाल, जगन्नाथ कसेरा, पंकज जायसवाल, दीपक जायसवाल, प्रियांशु जायसवाल, बालकिशन कसेरा (बाला जी) सम्मिलित रहें। काशी रक्तदान नेत्रदान कुटुम्ब, वाराणसी के अध्यक्ष नीरज पारिख, सचिव राजेश कुमार गुप्ता सहित प्रदीप इसरानी, नामित पारिख एवं आशीष केसरी ने एसडीपी दान किया। इसके अलावा लखनऊ से आये इंजीनीयर राजीव गोयल, फर्रुखाबाद से आये पंकज अग्रवाल, अमित कटियार तो गाजीपुर से आये शीर्षदीप सिंह एवं एहतेशाम आलम भी एसडीपी दान करने वालों मे सम्मिलित रहे।

## संतों के आशीर्वाद से समाज को मिलती है सही दिशा : धर्मेंद्र यादव

**स्वतंत्र भारत बाराबंकी।** विकास खंड बंकी क्षेत्र के जहांगीराबाद रोड स्थित मुनीमाबाद में अवस्थित पूज्य बाबा श्री राम लखन दास के आनंद आश्रम में रविवार को ब्लॉक प्रमुख देवा धर्मेंद्र यादव पहुंचे। उन्होंने बाबा के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धापूर्वक नमन किया और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख धर्मेंद्र यादव ने कहा कि संत-महात्माओं का आशीर्वाद समाज को सकारात्मक दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उनके बताए मार्ग का अनुसरण कर ही समाज में नैतिक मूल्यों की स्थापना संभव है। उन्होंने बाबा श्री राम लखन दास के आदर्शों को आत्मसात करते हुए जनसेवा के कार्यों में निरंतर समर्पित रहने का संकल्प भी व्यक्त किया। इस दौरान आश्रम परिसर में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही, जिन्होंने बाबा के प्रति अपनी गहरी आस्था प्रकट की। पूरा वातावरण श्रद्धा, भक्ति और सम्मान से ओत-प्रोत रहा। इस मौके पर आश्रम के महंत बाबा जगजीवन दास महाराज ने ब्लॉक प्रमुख देवा धर्मेंद्र यादव को आशीर्वाद देते हुए कहा कि उनके द्वारा आश्रम परिसर में निजी संसाधनों से सोलर लाइट की व्यवस्था कराए जाने से प्रकाश की समस्या का समाधान हुआ है, जिससे यहां आने वाले श्रद्धालुओं को काफी सुविधा मिली है।

स्वतंत्र भारत

एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**

स्थानीय संपादक : **विष्णु मोहन***

फोन : 0522-4043151

swatantrabharat77@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु उत्तरदायी।

**समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।**

# अमेरिका की नाक के नीचे से ईरान ने निकाला अपना 'सुपर टैंकर'

**तेहरान।** समंदर में अमेरिका और ईरान के बीच एक बड़ी लुकाछिपी का खेल चल रहा है। एक ताजा रिपोर्ट ने दुनिया भर में हलचल मचा

- **होर्मुज से दो हजार करोड़ का तेल किया पार**

दी है। मॉनिटरिंग फर्म 'टैंकरट्रैकर्सडॉटकॉम' ने दावा किया है कि ईरान का एक बहुत बड़ा तेल का जहाज अमेरिकी नौसेना की सख्त नाकेबंदी को चकमा देकर बाहर निकल गया है। यह जहाज अब एशिया-प्रशांत क्षेत्र में पहुंच गया है। इस घटना से अमेरिका की पहरेदारी पर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। यह इस बात का संकेत है कि समंदर में दोनों देशों के बीच तनाव अपने चरम पर है। दरअसल, अमेरिका ने ईरान को आर्थिक नुकसान पहुंचाने के लिए उसके तेल व्यापार पर रोक लगाने की कोशिश की है। इसके लिए अमेरिकी नौसेना ने समंदर में कड़ी नाकेबंदी कर रखी है। लेकिन, ट्रैकिंग फर्म की रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान का एक विशाल जहाज अमेरिका की इस नाकेबंदी को भेदने में सफल रहा है। यह जहाज कोई छोटा-मोटा जहाज नहीं है, बल्कि यह अपने अंदर लाखों बैरल कच्चा तेल लेकर जा रहा है।




इस घटना ने यह दिखा दिया है कि ईरान अपने तेल को बेचने के लिए नए-नए और छुपे हुए रास्ते निकाल रहा है।

**कितने डॉलर का तेल लेकर निकला ईरानी जहाज?**

मॉनिटरिंग फर्म 'टैंकरट्रैकर्सडॉटकॉम' के मुताबिक, ईरान का यह जहाज करीब 1.9 मिलियन बैरल कच्चा तेल लेकर वहां से निकला है। इस भारी मात्रा में मौजूद तेल की कीमत लगभग 220 मिलियन डॉलर आंकी गई है। इस विशाल जहाज (वेरी लार्ज क्रूड कैरियर या वीएलसीसी) का संबंध 'नेशनल इरानियन टैंकर कंपनी' से बताया जा रहा है। ट्रैकिंग फर्म ने जानकारी दी है कि इस खास जहाज की पहचान 'ह्यूज' नाम से की गई है।

**नाकेबंदी को लेकर अमेरिका और ईरान के क्या हैं दावे?**

ईरानी सरकारी मीडिया ने 29 अप्रैल को दावा किया था कि उनके कम से कम 52 जहाज अमेरिकी नाकेबंदी को तोड़ने में सफल रहे हैं। वहीं, अमेरिकी सेना के अधिकारियों का कहना है कि जब से नाकेबंदी शुरू हुई है, तब से उन्होंने ईरान से जुड़े करीब 41 जहाजों को वापस लौटने पर मजबूर किया है। अमेरिकी अधिकारियों का मानना है कि उनकी यह नाकेबंदी काफी असरदार और प्रभावी साबित हो रही है। अमेरिका का कहना है कि इसके कारण ईरान अपना तेल निर्यात करने में असमर्थ हो रहा है और उसे तेल को स्टोर करने या उत्पादन रोकने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है।

ईरान को अब तक कितना नुकसान शनिवार को न्यूज़ वेबसाइट एक्सियोस ने कुछ अधिकारियों के हवाले से एक बड़ी खबर प्रकाशित की। इस रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अमेरिका की इस समुद्री नाकेबंदी के कारण ईरान को काफी भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा है। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय यानी पेंटागन के आकलन के मुताबिक, इस नाकेबंदी से ईरान को लगभग 4.8 अरब डॉलर का नुकसान हुआ है। अगर इसे भारतीय रुपयों में देखा जाए, तो यह नुकसान करीब 456 अरब रुपए (45,600 करोड़ रुपए) के तेल राजस्व का है।

### कैसे जहाज ने छिपाई अपनी लोकेशन और अब कहां है?

रिपोर्ट के अनुसार, इस जहाज को आखिरी बार करीब डेढ़ हफ्ते पहले श्रीलंका के समुद्री इलाके के पास देखा गया था। फिलहाल यह विशाल तेल टैंकर लोमबोक स्ट्रेट के रास्ते से होकर रिओ आर्किपेलेगो (द्वीप समूह) की दिशा में आगे बढ़ रहा है। फर्म ने बताया कि 13 अप्रैल को जब अमेरिकी नौसेना ने नाकेबंदी की घोषणा की थी, तब यह टैंकर ईरान के ही जलक्षेत्र में मौजूद था। इस जहाज ने 20 मार्च को स्ट्रेट ऑफ मलाका से ईरान के लिए रवाना होने के बाद अपना ऑटोमैटिक आइडेंटिफिकेशन सिस्टम (एआईएस) बंद कर दिया था। इससे इसकी लोकेशन ट्रैक करना काफी मुश्किल हो गया था।

# कच्चे तेल का उत्पादन लक्ष्य बढ़ाएगा ओपेक+

**रियाद।** पश्चिम एशिया में इस वक्त भारी तनाव का माहौल है। होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद कर दिया गया है। इस बड़े संकट के बीच, तेल

- **होर्मुज की नाकेबंदी के बाद सस्ता होगा तेल**
- **इस फैसले से दुनिया को मिलेगी राहत**

निर्यातक देशों के समूह ओपेक+ ने एक बड़ा फैसला लिया है। ओपेक प्लस ने सैद्धांतिक रूप से जून महीने में अपना कच्चे तेल का उत्पादन लक्ष्य बढ़ाने पर अपनी पूरी सहमति दे दी है। यह कदम दुनिया भर में तेल की कीमतों को काबू में रखने के लिए उठाया गया है।

**ओपेक प्लस की उत्पादन पर क्या योजना?**

कई रिपोर्टों के अनुसार, ओपेक प्लस के सात देशों ने अगले महीने तेल उत्पादन का लक्ष्य बढ़ाने पर सहमति जताई है। इसके तहत लगभग 1,88,000 बैरल प्रतिदिन तेल का उत्पादन बढ़ाया जाएगा। हालांकि, जब तक होर्मुज जलडमरूमध्य पूरी तरह से नहीं खुल जाता, तब तक उत्पादन में यह बढ़ोतरी सिर्फ नाम मात्र ही मानी जाएगी। भौगोलिक और राजनीतिक संकट के बीच, यह लगातार तीसरा महीना है जब इस तरह तेल उत्पादन बढ़ाने का फैसला लिया गया है।

पिछले हफ्ते, यूएई ने ओपेक और ओपेक प्लस समूह से पूरी तरह बाहर होने की घोषणा कर दी थी। सऊदी अरब के नेतृत्व वाले इस तेल निर्यातक समूह के लिए यूएई का यह फैसला एक बहुत बड़ा झटका माना जा रहा है। यूएई ने कहा है कि यह कड़ा फैसला उसकी लंबी अवधि की रणनीतिक और आर्थिक दृष्टि को ध्यान में रखकर लिया गया है। यूएई के बाहर होने से यह समूह ऐसे समय में कमजोर होगा जब होर्मुज की नाकेबंदी के कारण खाड़ी देशों का निर्यात पहले ही बुरी तरह प्रभावित हो चुका है। आपको बता दें कि ओपेक के कुल तेल निर्यात में यूएई की बहुत बड़ी हिस्सेदारी थी, जो लगभग 15 प्रतिशत थी।

**उत्पादन पर आधिकारिक आंकड़े?**

हालांकि ओपेक प्लस में 21 सदस्य हैं, लेकिन हर महीने उत्पादन का फैसला केवल सात देश (और पहले यूएई) ही लेते रहे हैं। आंकड़ों के मुताबिक, मार्च के महीने में सभी ओपेक प्लस सदस्यों का औसत कच्चा तेल उत्पादन 3.50 करोड़ (35.06 मिलियन) बैरल प्रतिदिन रहा। यह आंकड़ा फरवरी के महीने के मुकाबले काफी कम रहा है। फरवरी की तुलना में मार्च में तेल उत्पादन में 77 लाख (7.70 मिलियन) बैरल प्रतिदिन की भारी गिरावट दर्ज की गई थी।

# 'समुद्री डकैती को सामान्य बनाने की कोशिश'

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बगाई ने रविवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की उस टिप्पणी

- **ईरान का अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयान पर पलटवार**

की आलोचना की, जिसमें उन्होंने कहा था कि वह समुद्री लुटेरों (पायरेट्स) जैसे हैं। उन्होंने वाशिंगटन पर ईरानी जहाजों को जब्त करके समुद्री डकैती को सामान्य बनाने का आरोप लगाया। प्रवक्ता बगाई ने एक्स पर एक पोस्ट किया। इसमें उन्होंने लिखा, अमेरिकी राष्ट्रपति ने ईरानी जहाजों पर गैरकानूनी कब्जे को खुलेतौर पर 'समुद्री डकैती' बताया है और बेशर्मी से यह शेखी बघारी है कि हम समुद्री डाकुओं की तरह काम करते हैं। उन्होंने आगे कहा, यह कोई जुबान फिसलने का मामला नहीं था, बल्कि अंतरराष्ट्रीय समुद्री आवाजाही के खिलाफ उनके आपराधिक कृत्यों की एक सीधी और गंभीर स्वीकारोक्ति थी। उन्होंने आगे अतरराष्ट्रीय समुदाय, संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के सदस्य देशों और यूएन के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस से आह्वान किया कि वे अंतरराष्ट्रीय कानून के ऐसे घोर उल्लंघन को सामान्य बनाने की किसी भी कोशिश को पूरी तरह खारिज करें। ईरान की ओर से यह टिप्पणी ट्रंप के उस बयान के जवाब में आई, जिसमें उन्होंने कहा था- हम समुद्री लुटेरों जैसे हैं। फ्लोरिडा में पाम बीच के फोरम क्लब में रात्रिभोज में ट्रंप ने समुद्र में अमेरिकी सैन्य अभियानों का एक विस्तृत ब्योरा पेश किया। उन्होंने सीधी-सपाट भाषा और दृश्य चित्रण का इस्तेमाल करते हुए जहाजों और तेल के टैकरों को जब्त करने की प्रक्रिया को बताया।

# तुर्की ने बनाया दुनिया का सबसे खतरनाक ड्रोन

**अंकारा।** दुनिया की जंग अब सिर्फ मिसाइलों और टैंकों तक सीमित नहीं रही। अब लड़ाई का मैदान आसमान है। जहां एआई और स्मार्ट टेक्नोलॉजी

- **बिना जीपीएस नेविगेट करेगा**
- **वीआईपी लोगों के लिए बड़ा थ्रेट**

गेम बदल रही हैं। तुर्की की मशहूर ड्रोन कंपनी बायकर ने एक ऐसा ड्रोन पेश किया है जो बिना जीपीएस की दुश्मन को ढूंढकर मार सकता है। घंटों आसमान में मंडरा सकता है और सही वक्त आने पर घातक हमला कर सकता है। इसका नाम है मिजराक जिसका मतलब है तीर या भाला। दरअसल बायकर का मिजराक एक एआई पावर्ड कैमिकाजे ड्रोन है जिसे



लाइटनिंग मुनिशन कहा जाता है। यानी यह पहले हवा में घूमकर अपने लक्ष्य की तलाश करता है और फिर हमला करता है। इसकी रेंज 1000 किमी से ज्यादा है और यह करीब 7 घंटे तक हवा में रह सकता है। करीब 200 किलो वजनी यह ड्रोन 185 किमी घंटे की रफ्तार से उड़ सकता है और 10,000 फीट की ऊंचाई तक जा सकता है। इसमें 40 किलो तक का वॉर हेड लगाया जा सकता है जो बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचाने में सक्षम है।

इसे रनवे या रॉकेट असिस्ट दोनों तरीके से लॉन्च किया जा सकता है। मिजरक के दो वेरिएंट है। एक हैवी डैमेज के लिए 40 किलो डबल वॉर हेड के साथ और दूसरा 20 किलो वॉर हेड के साथ रेडियो फ्रीक्वेंसी सीकर जो रडार वाले टारगेट को आसानी से पहचान सकता है। इसमें ईओ और आईआर कैमरे लगे हैं जो निगरानी और टारगेट पहचानने में मदद करते हैं। लेकिन इसकी सबसे खतरनाक ताकत जीपीएस के बिना काम करने की क्षमता है। आमतौर पर ड्रोन जीपीएस पर निर्भर होते हैं। जिन्हें दुश्मन जैम कर सकता है। लेकिन मिज़क में एआई पावर्ड ऑटो पायलट इनशियल नेविगेशन सिस्टम है और कंप्यूटर विज़न टेक्नोलॉजी लगी है। यह ड्रोन कैमरे से मिलने वाली तस्वीरों को रियल टाइम में प्रोसेस करता है। आसपास के लैंडमार्क्स में अपनी पोजीशन मिलाता है और स्लैम जैसी तकनीक के जरिए खुद अपना नक्शा बनाकर आगे बढ़ता है।

# ईरान जंग के दो महीने, दुनिया में मंदी का संकट

**तेहरान/वॉशिंगटन।** अमेरिका की ईरान के खिलाफ 28 फरवरी को शुरू हुई जंग को दो महीने हो चुके हैं, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने इसे छोटी और निर्णायक लड़ाई बताया था, लेकिन अब हालात उलट दिख

- **दावा- अमेरिका ने 95 लाख करोड़ खर्चे**
- **ईरान में 3,600+ मौतें चीन-रूस फायदे में रहे**

रहे हैं। जंग रुकी जरूर है, पर खत्म नहीं हुई। इस जंग में अब तक ईरान के 3,600 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है, जिनमें 1,700 से ज्यादा आम नागरिक हैं। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के मुख्य अर्थशास्त्री पियरे-ओलिवियर गोरिन्शास ने चेतावनी दी है कि अगर यह संघर्ष लंबा चलता है और तेल की कीमतें ऊंची बनी रहती हैं, तो ग्लोबल आर्थिक ग्रोथ रेट गिरकर करीब 2% तक आ सकती है, जिसे आम तौर पर ग्लोबल मंदी माना जाता है।



आईएमएफ ने बताया कि जंग से पहले उम्मीद थी कि इस साल वैश्विक महंगाई 4.1% से घटकर 3.8% हो जाएगी, लेकिन अब 4.4% तक पहुंचने का अनुमान है। वहीं हार्वर्ड की इकोनॉमिस्ट लिंडा बिल्म्स का अनुमान है कि अमेरिका ने इस युद्ध पर करीब 1 ट्रिलियन डॉलर यानी 95 लाख करोड़ रुपए खर्च किए हैं। हालांकि अमेरिकी सरकार ने 25 अरब डॉलर खर्च करने की बात कही है। दूसरी तरफ से इस जंग से चीन और रूस को फायदा मिल रहा है। चीन इस जंग से अपेक्षाकृत मजबूत स्थिति में दिख रहा है। चीन ने पहले ही तेल के भंडार जोड़ रखे थे और वैकल्पिक ऊर्जा पर भी कई दशकों पहले से ध्यान दे रहा था। साथ ही, अमेरिका की छवि कमजोर होने से उसे कूटनीतिक फायदा मिला है। चीन की तेल और गैस कंपनियां भी मुनाफा कमा रही हैं। सीएनएन के मुताबिक, 6 बड़ी कंपनियां इस साल 94 अरब डॉलर तक का फायदा कमा सकती हैं। इसके अलावा इस जंग से रूस की अर्थव्यवस्था को फायदा मिलता दिख रहा है। तेल और खाद की ऊंची कीमतों की वजह से रूस की कमाई बढ़ी है। साथ ही जब तेल की कीमतें तेजी से बढ़ रही थीं, तब अमेरिका ने समुद्र में मौजूद रूसी तेल पर कुछ समय के लिए पाबंदियां ढीली कर दीं, जिससे सप्लाई बढ़ सके, इससे रूस को और फायदा हुआ। अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) के मुताबिक, मार्च में रूस की एनर्जी कमाई करीब दोगुनी होकर 19 अरब डॉलर पहुंच गई, जो फरवरी में 9.75 अरब डॉलर थी।

# आईसीई की हिरासत से रिहा हुई भारतीय मूल की मीनू बत्रा

**न्यूयॉर्क।** करीब 35 सालों से अमेरिका में रह रहीं भारतीय मूल की कोर्ट इंटरप्रेटर मीनू बत्रा को इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एनफोर्समेंट (आईसीई)

- **35 साल से अमेरिका में रह रही थीं**

की हिरासत से रिहा कर दिया गया है। हिरासत में लिए जाने की उनकी कानूनी हफ्तों तक चली।

53 साल की मीनू बत्रा टेक्सास की इमिग्रेशन अदालतों में हिंदी, पंजाबी और उर्दू का अनुवाद करने के लिए जानी जाती हैं। उनको मार्च के मध्य से हिरासत में रखे जाने के बाद 30 अप्रैल को रिहा कर दिया गया। जज ने उनकी हिरासत की वैधता पर सवाल उठाते हुए कहा कि उन्हें बिना किसी स्पष्ट औचित्य या उचित प्रक्रियात्मक सुरक्षा उपायों के हिरासत में रखा गया था। न्यायाधीश ने कहा कि हिरासत में लिए जाने से पहले उन्हें 'कोई प्रक्रियात्मक सुरक्षा नहीं दी गई थी' और उनकी रिहाई का आदेश देते हुए, बिना उचित नोटिस के भविष्य में हिरासत में लिए जाने पर रोक लगा दी। बत्रा को 17 मार्च को गिरफ्तार किया गया था। आईसीई एजेंटों ने उन्हें टेक्सास के वैली इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर रोका था। वह मिल्वौकी में एक काम के सिलसिले में यात्रा कर रही थीं। हिरासत के दौरान उन्हें रेमंडविले में अल वैले डिटेंशन सेंटर में रखा गया था। हिरासत में रहते हुए एक फोन इंटरव्यू में उन्होंने इस अनुभव को बेहद परेशान करने वाला बताया और कहा कि उन्हें 'अपमानित महसूस हुआ और उनके साथ एक अपराधी जैसा बर्ताव किया गया।' बत्रा लगभग 35 सालों से अमेरिका में रह रही हैं और चार बच्चों की मां हैं, जो अमेरिका के नागरिक हैं। उन्होंने दो दशकों से ज्यादा समय तक एक सर्टिफाइड कोर्ट इंटरप्रेटर के तौर पर काम किया है और माना जाता है कि वह टेक्सास में एकमात्र लाइसेंस्ड पंजाबी, हिंदी और उर्दू इंटरप्रेटर हैं।

# डच राजकुमारियों पर हमले की साजिश नाकाम

**हेग।** डच राजकुमारी अमालिया और उनकी बहन राजकुमारी एलेक्सिया पर कथित हमले की साजिश के मामले में एक व्यक्ति अगले हफ्ते

- **अगले हफ्ते कोर्ट में पेश होगा आरोपी**
- **कुल्हाड़ियों पर खुदे हुए थे नाम**

अदालत में पेश किया जाएगा। अभियोजकों ने शुक्रवार को बताया कि आरोपी को कथित तौर पर हमले की साजिश के चलते हिरासत में लिया गया है। अदालत से जुड़े दस्तावेजों के अनुसार, 33 वर्षीय व्यक्ति पर आरोप है कि उसने फरवरी में हेग में अमालिया (22 वर्षीय) और उनकी बहन एलेक्सिया (20 वर्षीय ) पर हमले की तैयारी की थी। दस्तावेज में कहा गया है कि आरोपी के पास दो कुल्हाड़ियां मिलीं, जिन पर 'एलेक्सिया', 'मोसाद' और 'सिग हील' जैसे शब्द खुदे हुए थे। इसके अलावा, उसके पास एक हाथ से लिखा कागज भी था, जिसमें 'अमालिया', 'एलेक्सिया' और 'खूनखराबा' जैसे शब्द लिखे थे।

**राजकुमारी अमालिया को पहले भी मिल चुकीं धमकियां**

राजकुमारी अमालिया को पहले भी धमकियों का सामना करना पड़ा है। साल 2022 में धमकियों के कारण उन्हें एम्सटर्डम में छात्र जीवन छोड़कर अपने माता-पिता के महल में रहना पड़ा था। उस समय रानी मैक्सिमा ने कहा था, अमालिया घर से बाहर नहीं निकल पा रही हैं, जिससे उनके जीवन पर बड़ा असर पड़ा है।

# चीन के ड्रीम प्रोजेक्ट को पाक में लगा झटका

**कराची (पाकिस्तान)।** पाकिस्तान के ग्वादर फ्री जोन में काम कर रही एक चीनी कंपनी ने अपना फैक्ट्री

- **घाटे में डूबी कंपनी तो जड़ा ताला, निकाले सारे कर्मचारी**

संचालन बंद कर दिया है और सभी कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त कर दी हैं। कंपनी ने इसके पीछे लगातार बढ़ते नुकसान और खराब कारोबारी माहौल को मुख्य कारण बताया है। रिपोर्ट के अनुसार, हैंगेंग ट्रेड कंपनी ने अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के दिन यह बड़ा फैसला लिया। कंपनी ने कहा कि गैर-व्यावसायिक कारणों और संचालन संबंधी समस्याओं के चलते उसका व्यवसाय जारी रखना संभव नहीं था।

### सीपेक परियोजना पर उठे सवाल

ग्वादर बंदरगाह चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपेक) की एक प्रमुख परियोजना है। कंपनी ने कहा कि उसका निवेश दोनों देशों के सहयोग की भावना से किया गया था, लेकिन स्पष्ट और स्थिर नीति वातावरण की कमी के कारण कारोबार जारी रखना मुश्किल हो गया। कंपनी ने यह भी कहा कि भविष्य के निवेशक ग्वादर जैसी परियोजनाओं में निवेश से पहले जोखिमों का सावधानीपूर्वक आकलन करें। यह घटना ऐसे समय सामने आई है जब पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के चीन दौरे की तैयारी चल रही है। इस दौरे में व्यापार और निवेश पर चर्चा होनी है। ऐसे में इस फैसले ने विदेशी निवेश और सीपेक परियोजनाओं की स्थिरता पर नए सवाल खड़े कर दिए हैं।





# दावा- कुवैत ने अप्रैल माह में तेल निर्यात नहीं किया

**डेलावेयर।** एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अप्रैल माह में कुवैत ने तेल का निर्यात नहीं किया है। तीन दशकों में पहली बार ऐसा हुआ है, जब कुवैत ने किसी माह में तेल निर्यात नहीं किया। इससे पहले खाड़ी युद्ध के समय ऐसा हुआ था। टैंकर ट्रैकर वेबसाइट ने अपनी रिपोर्ट में यह दावा किया है। पश्चिम एशिया संकट के चलते ऐसा हुआ है और पूरी दुनिया में तेल आपूर्ति बुरी तरह से प्रभावित है। इसका असर तेल निर्यातक देशों पर भी पड़ रहा है। वैश्विक तेल शिपमेंट पर नजर रखने वाले टैंकर ट्रैकर ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा, 'ब्रेकिंग, अप्रैल 2026 के दौरान कुवैत ने एक भी बैरल तेल का निर्यात नहीं किया। खाड़ी युद्ध की समाप्ति के बाद पहली बार ऐसा हुआ है।' रिपोर्ट में बताया गया है कि कुवैत में तेल उत्पादन जारी है, लेकिन कच्चे तेल का निर्यात लगभग पूरी तरह से रुक गया है।

**उपलब्धि** | वैज्ञानिकों की लहरों पर बेहतर हुई समझ

# नासा के सैटेलाइट ने पहली बार अंतरिक्ष से कैद की महासुनामी

**वॉशिंगटन।** प्रशांत महासागर में उठी एक विशाल सुनामी को पहली बार अंतरिक्ष से इतनी स्पष्टता में कैद किया गया है कि वैज्ञानिक भी हैरान रह गए हैं। नासा के अत्याधुनिक सैटेलाइट ने इन लहरों की ऐसी तस्वीरें दर्ज की हैं, जिन्होंने यह साबित कर दिया कि सुनामी केवल एक सीधी, एकसमान लहर नहीं होती बल्कि रास्ते में बदलती हुई जटिल ऊर्जा का रूप ले लेती है। द सीस्मिक रिकॉर्ड के अनुसार यह ऐतिहासिक अवलोकन नासा और फ्रांस की स्पेस एजेंसी सीएनईएस के संयुक्त मिशन सरफेस वाटर एंड ओशन टोपोग्राफी (एसडब्ल्यूओटी) सैटेलाइट ने किया। इसने 29 जुलाई को रूस के कामचटका प्रायद्वीप के पास कुरिल- कामचटका सबडक्शन जोन में आए 8.8 तीव्रता के भूकंप




से उत्पन्न सुनामी को विस्तार से रिकॉर्ड किया। यह भूकंप 1900 के बाद दर्ज सबसे बड़े भूकंपों में छठे स्थान पर है। नासा के अनुसार एसडब्ल्यूओटी सैटेलाइट को पृथ्वी के जल स्रोतों की सतह की ऊंचाई मापने के लिए विकसित किया गया है। पहले वैज्ञानिकों को सुनामी के बारे में जानकारी मुख्यतः डीप-ओशन असेसमेंट एंड रिपोर्टिंग ऑफ सुनामी (डीएआरटी) जैसे समुद्र में लगे उपकरणों से मिलती थी, जो केवल सीमित बिंदुओं पर डेटा देते थे। अब यह सैटेलाइट लगभग 120 किलोमीटर चौड़े क्षेत्र में समुद्र की सतह को एक साथ स्कैन कर सकता है, जिससे सुनामी की पूरी संरचना को समझना संभव हो पाया है।

**सुनामी पूर्वानुमान मॉडल में सुधार की जरूरत**

नए सिमुलेशन, जिनमें लहरों के बिखराव को शामिल किया गया, वे वास्तविक आंकड़ों से अधिक मेल खाते हैं। इससे संकेत मिलता है कि मौजूदा सुनामी पूर्वानुमान मॉडल में महत्वपूर्ण सुधार की जरूरत है।

### गतिशील प्रणाली है सुनामी

यूनिवर्सिटी ऑफ आइसलैंड के वैज्ञानिक एंजेल रुइज-एंगुलो ने इसे नई आंखों जैसा बताया है, जिससे समुद्र के विशाल क्षेत्र को एक साथ देखा जा सकता है। अब तक वैज्ञानिक मानते थे कि बड़ी सुनामी बिना टूटे एक ही लहर के रूप में आगे बढ़ती हैं। लेकिन इस घटना के डेटा ने इस धारणा को गलत साबित किया है। सैटेलाइट ने दिखाया कि सुनामी की ऊर्जा अलग-अलग दिशाओं में फैलती है और कई छोटी लहरों में विभाजित हो जाती है। इस प्रक्रिया को डिस्पर्शन कहा जाता है। सरल शब्दों में सुनामी एक स्थिर लहर नहीं बल्कि लगातार बदलती हुई गतिशील प्रणाली है। जब वैज्ञानिकों ने इस नए डेटा की तुलना पारंपरिक कंप्यूटर मॉडल से की तो पाया कि पुराने मॉडल वास्तविक स्थिति को पूरी तरह नहीं दर्शा पा रहे थे।

